धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



भारत-पाक भिड़ंत आज

वर्ल्ड कप क्रिकेट

एजेंसी

अहमदाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप क्रिकेट का महामुकाबला शनिवार (14 अक्टूबर) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। वनडे विश्व कप क्रिकेट के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का परफॉर्मेंस शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है, जबकि, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया है। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। इसी बीच, मौसम को लेकर बड़ी खबर सामने आयी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मैच के दौरान अहमदाबाद शहर और उत्तरी गुजरात में हल्की बारिश की संभावना की भविष्यवाणी की है। दूसरी ओर, प्रशंसकों को लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार है। एक लाख से ज्यादा दर्शक मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। सभी दोनों देशों के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखना चाहते हैं, लेकिन बारिश उम्मीदों पर पानी फेर सकती है।

हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के शुभंकर जूही का किया अनावरण

- 27 अक्टूबर से हो रही वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 की शुरुआत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। श्री सोरेन शुक्रवार को वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के इवेंट मैस्कॉट (शुभंकर) जूही और ट्रॉफी के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में किया गया था।

सीएम ने कहा कि खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास मुकाम हासिल करें। इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो, तो उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें। (शेष पेज 11 पर)

हॉकी इंडिया के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नयी रोशनी फैलेगी। उन्होंने कहा कि मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

न्यूज डायरी

पूजा के दौरान बरतें चौकसी : हेमंत सोरेन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान चौकसी बरतने को कहा है। विधि व्यवस्था को लेकर सीएम ने वरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में बैठक की थी।

राजधानी की सड़क पर उतरे एचइसी कर्मी

रांची। बकाये वेतन की मांग और लाठीचार्ज के विरोध में दूसरे दिन शुक्रवार को भी एचइसी कर्मी सड़क पर उतरे। सभी कर्मियों ने मुख्यालय के सामने शांतिपूर्ण तरीके से बैठकर काम ठप किया। उन्होंने विरोध के क्रम में रास्ता ब्लॉक नहीं किया था।

ट्रायल रन के दौरान बेपटरी हुआ रेल इंजन

बक्सर। 48 घंटे के भीतर बिहार के बक्सर में दूसरी बार रेल इंजन बेपटरी हो गया। ये हादसा दोबारा तब हुआ, जब ट्रैक रेस्टोरेशन के बाद डाउन लाइन पर ट्रायल किया जा रहा था। यह हादसा शुक्रवार की रात 8:30 बजे हुआ।

पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बामियाबुरू, तिलयाबेड़ा जंगल में पुलिस जावनों और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दोनों तरफ से दर्जनों राउंड गोलियां चलीं। इस मुठभेड़ को लेकर एसपी आशुतोष शेखर ने पुष्टि की है।

देवघर-पटना इएमयू ट्रेन की शुरुआत

देवघर। रेलवे ने बाबाधाम और पटना के लोगों को दुर्गा पूजा की सौगात दी है। देवघर से पटना के लिए शुक्रवार को इएमयू ट्रेन की शुरुआत की गयी, जिसे गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, देवघर विधायक नारायण दास और आसनसोल डिवीजन के डीआरएम चेतनानंद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल ने बीबीएमके विवि के कुलपति को किया बर्खास्त

क्यों हुए... कुलपति प्रो सुखदेव भोई पर था भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

भ्रष्टाचार पर वार

मथुरा और लंबोदर महतो ने की थी बर्खास्त करने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

प्रो सुखदेव भोई (फाइल फोटो)।

रांची। भ्रष्टाचार को लेकर कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन बेहद सख्त हैं। उन्होंने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा। दरअसल, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमके विवि) के कुलपति प्रो सुखदेव भोई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। कुलाधिपति ने तत्काल कुलपति के पद से उन्हें पदमुक्त करने का आदेश दिया।

प्रो सुखदेव भोई के विरुद्ध विभिन्न स्तरों से कई गंभीर शिकायतें कुलाधिपति कार्यालय को प्राप्त हुईं। इस पर राजभवन ने जांच का आदेश दिया था। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आरोपों की जांच के लिए एक टीम गठित की गयी। राज्यपाल के निर्देश के आलोक में टीम ने गहन जांच कर प्रतिवेदन समर्पित किया। इसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता बरतने की कई गंभीर शिकायतों की पुष्टि की गयी। समीक्षोपरांत कुलपति का आचरण व कृत्य विश्वविद्यालय के हित में नहीं पाया गया। इसके बाद ही राज्यपाल ने प्रो सुखदेव भोई को कुलपति पद की गरिमा के विरुद्ध कार्य करने के लिये उन्हें पदमुक्त करने आदेश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार क्षम्य नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि अपने कार्यकाल में कुलाधिपति ने पहली बार किसी कुलपति को बर्खास्त किया है। इससे भ्रष्ट पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

झामुमो विधायक मथुरा महतो एवं आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बीते नौ अक्टूबर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुखदेव भोई के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद जांचोपरांत राज्यपाल ने उन्हें पदमुक्त करने का आदेश दिया। दोनों विधायकों ने संयुक्त रूप से राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया था कि कुलपति ने रानी शिक्षण संस्थान (टीचर ट्रेनिंग कॉलेज) एवं विधि महाविद्यालय सहित सभी बीएड कालेज से सात-सात लाख रुपये सहयोग राशि के नाम पर वसूली की है और यह राशि निजी बैंकों में जमा है। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल को इस बात से भी अवगत कराया था कि कुलपति का मनमाना रवैया बना हुआ है। स्थिति यह है कि कुलपति ने कई डिग्री कॉलेज में पीजी की पढ़ाई को बंद कर दिया है। यही नहीं, कई कॉलेजों में क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई को भी बंद कर दिया है और इसके स्थान पर उड़िया भाषा चालू कर दिया है। इंटर की पढ़ाई भी बंद कर दी गयी है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी थी कि जूलॉजी व बॉटनी की पढ़ाई भी बंद कर दी गयी है।

सीएम सोरेन की याचिका हाइकोर्ट ने खारिज की

- सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर 23 सितंबर को इडी के समन को दी गयी थी चुनौती

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन के खिलाफ दायर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज कर दी। विगत 11 अक्टूबर के बाद आज फिर इस मामले में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए इसे सुनवाई के योग्य नहीं माना। हाइकोर्ट ने कहा कि चूंकि इडी के समन का समय बीत चुका है, इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

बता दें कि इडी की ओर से पूछताछ को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को जारी किये गये समन को उन्होंने पहले सुप्रीम कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर 23 सितंबर को झारखंड हाइकोर्ट में चुनौती दी। सीएम की क्रिमिनल रिट पिटीशन में कहा गया कि इडी को समन के आधार पर उनपर कार्रवाई से रोका जाये। साथ ही, इडी को आगे कोई समन जारी नहीं करने करने का भी आग्रह कोर्ट से किया गया। सीएम ने इडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी थी।

इडी की ओर से एडीशनल सॉलीसिटर जनरल ऑफ इंडिया एसवी राजू ने भी कहा कि इस केस को निरस्त कर देना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट समन के मामले को डिसाइड कर चुकी है। वहीं, हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने उच्चतम न्यायालय के एक जजमेंट का हवाला देते हुए कहा कि अगर आप किसी मामले में आरोपी नहीं हैं, तो जबतक आपके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं होता है, तबतक समन जारी नहीं किया जा सकता है। पिछली सुनवाई में सीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता पी चिदंबरम ने पक्ष रखा था। इसमें उन्होंने कहा था कि हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई क्रिमिनल ऑफिंस भी नहीं है और कोई एफआइआर भी दर्ज नहीं है, तो ऐसे में पीएमएलए के तहत उन्हें समन जारी करना गलत है।

इडी पांच बार जारी कर चुका है समन : सीएम हेमंत सोरेन को इडी पांच बार समन जारी कर चुका है। 14 अगस्त को पहली बार, 24 अगस्त को दूसरी बार, 9 सितंबर को तीसरी बार, 23 सितंबर को चौथी बार और 4 अक्टूबर को पांचवीं बार पेशी के लिए इडी ने समन जारी किया था। लेकिन, सीएम नहीं गये थे। इधर, इडी के अगले कदम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

इडी की ओर से पांच बार समन जारी हो चुका है, लेकिन सीएम सोरेन इडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित होने की बजाय पहले सुप्रीम कोर्ट और फिर हाइकोर्ट की शरण में गये थे। ऐसे में जब सीएम की याचिका हाइकोर्ट में खारिज हो चुकी है, तो इडी फिर से उन्हें समन जारी करेगी या निचली अदालत में उनके खिलाफ वारंट की अपील करेगी, इसे लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं।

इस आधार पर खारिज हुई याचिका

सीएम ने इडी के जिस समन को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी, उसका समय बीत जाने के कारण अदालत ने दायर याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना।

बोकारो, पूर्वी सिंहभूम व दुमका को जल्द मिलेगा लोकपाल

अपीलीय प्राधिकरण का भी होगा गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के तीन जिलों को लोकपाल मिलने वाले हैं। दूसरे जिलों की तुलना में बोकारो, पूर्वी सिंहभूम और दुमका में इस पद पर अबतक किसी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। लोकपाल के होने से इन तीनों जिलों में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की शिकायतों पर सुनवाई आसान होगी। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड ने बताया है कि तीन जिलों के लोकपाल के लिए पूर्व में 16 अगस्त 2023 को विज्ञापन जारी हुआ था। इस आधार पर 22 अगस्त को आवेदकों का डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन किया गया। इसमें 18 कैंडिडेट को इंटरव्यू के लिए बुलाना है। विभाग के उप सचिव प्रमोद कुमार के मुताबिक जिन कैंडिडेट को इंटरव्यू के लिए बुलावा होना है, अगर उनसे संबंधित कोई आपत्ति किन्हीं के पास हो तो विभाग के धुर्वा स्थित कार्यालय के पते पर (राज्य मनरेगा कोषांग, एफएफपी भवन) 25 अक्टूबर तक दे सकते हैं। इससे प्रतिष्ठित और स्वच्छ छवि वाले कैंडिडेट के चयन में मदद मिलेगी।

इन कैंडिडेट्स का इंटरव्यू : ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड ने तीन जिलों के लिए लोकपाल पद हेतु कई कैंडिडेट्स का इंटरव्यू लेने का फैसला लिया है। (शेष पेज 11 पर)

इजराइल से 212 भारतीय विमान से देश वापस लौटे

एजेंसी

नयी दिल्ली। हमास-इजराइल के बीच शुरू हुए युद्ध को सात दिन हो चुके हैं। इस बीच, भारत सरकार ने इजरायल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रयास किये। इसी सिलसिले में ऑपरेशन अजय शुरू किया गया। इस ऑपरेशन के तहत शुक्रवार तड़के 212 भारतीयों को लेकर इजराइल के बेन गुरियन हवाई अड्डे से उड़ा पहला विमान सुबह 5.59 बजे दिल्ली पहुंचा।

इजराइली समय के अनुसार भारतीयों से भरा विमान गुरुवार की रात 9 बजे के करीब बेन गुरियन हवाई अड्डे से उड़ा। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली में सभी भारतीयों का स्वागत किया। जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन अजय के तहत भारतीयों को लाने के लिए दूसरा विमान भी तेल अवीव जा रहा है।

बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास और इजराइल के बीच युद्ध शुरू हुआ था। उसके बाद एयर इंडिया ने इजरायल से उड़ान भरने वाली सारी फ्लाइट्स को बंद कर दिया था, जिससे कई भारतीय वहां फंस गये थे। जानकारी के मुताबिक इजराइल से वापस लौट रहे भारतीयों से किसी भी प्रकार का किराया नहीं लिया जा रहा है। इजरायल में करीब 18 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं।

ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल में फंसे सभी भारतीय जल्द से जल्द भारत लौटना चाहते हैं। इसी वजह से वहां से आने वाली फ्लाइट्स में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी है। इजराइल में पढ़ने वाले एक भारतीय छात्र शुभम ने बताया कि हमास और इजराइल के बीच जंग शुरू होने के बाद से सभी लोग घबरा गये थे, लेकिन भारतीय दूतावास की मदद से हमें हिम्मत मिली और सुरक्षित अपने देश वापस लौटे।

भारत में हाई अलर्ट

इजराइल-हमास युद्ध के बीच पूरे भारत में हाई अलर्ट जारी किया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासनों से देश में रहने वाले इजराइली और यहूदी लोगों की सुरक्षा के लिए कहा है। मंत्रालय ने अधिकारियों से इजरायली राजनयिकों, कर्मचारियों और पर्यटकों को पर्याप्त सुरक्षा देने को कहा है। शुक्रवार की सुबह जारी गृह मंत्रालय के एक बयान में महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और गोवा में खास उन जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया, जहां इजराइली लोगों की आबादी सबसे ज्यादा है।

दिल्ली में आयोजित 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन पी 20 में बोले पीएम मोदी

आतंकवाद मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध

...और क्या बोले पीएम

- विभाजित दुनिया हमारे सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के यशोभूमि द्वारका में आयोजित 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन पार्लियामेंट 20 (पी 20) का आगाज किया और दुनिया को शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विकास और कल्याण का है और यह शांति बिना संभव नहीं है। साथ ही, उन्होंने आतंकवाद को लेकर एक बार फिर विश्व को चेताया की यह मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है और इस पर दोहरे मानदंड नहीं होने चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद दुनिया के लिए एक चुनौती है। दुनिया को एक परिवार की तरह देखना होगा। संघर्षों और टकराव से भरी दुनिया किसी को फायदा नहीं पहुंचा सकती। एक विभाजित दुनिया हमारे सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ मिलकर चलने का समय है, एक साथ आगे बढ़ने का समय है, यह समय सबके विकास और कल्याण का है। उन्होंने भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता और उसमें रचे-बसे लोकतंत्र का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले भी हमारे यहां संवाद व चर्चा के माध्यम से जनहितैषी व्यवस्था काम करती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में चल रहे रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास संघर्ष के बीच अपने शांति संदेश में कहा कि संकट भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है। शांति के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद की उस घटना का भी जिक्र किया, जिसमें भारतीय संसद पर आतंकियों ने हमला किया था।

इसी क्रम में उन्होंने आतंकवाद के खतरे के प्रति दुनिया को आगाह किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि दुनिया अभी तक आतंकवाद की परिभाषा पर आम सहमति नहीं बना पायी है। उन्होंने कहा कि इस रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं।

मैक्सिकन सीनेट की अध्यक्ष ने मोदी को बांधी राखी

नयी दिल्ली। मैक्सिकन सीनेट की अध्यक्ष एना लिलिया रिवेरा ने शुक्रवार को पी20 शिखर सम्मेलन के इतर नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उनके सिर पर हाथ रख आशीर्वाद दिया और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि मैक्सिकन सीनेट की अध्यक्ष एना लिलिया रिवेरा पी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दिल्ली आयी हैं।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	56,100 रु./10 ग्राम
चांदी	:	75,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

मुआवजा और सिख दंगा संबंधी क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग को लेकर दायर हुई है याचिका

पीड़ितों का मुआवजा भुगतान और मुकदमे पर कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट दे सरकार : हाइकोर्ट

1984 का सिख दंगा मामला

रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जारी, बोकारो में अतिरिक्त फंड की है आवश्यकता

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका। कोर्ट ने पूर्व में स्टेटस रिपोर्ट सरकार को बताने को कहा था कि सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है। मुआवजा की राशि किन-किन जिलों में दी जानी है। मुआवजा भुगतान को लेकर क्या पहल की जा रही है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा को लेकर जो प्राथमिकी दर्ज हुई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है इस पर भी राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है।

अगली सुनवाई एक नवंबर निर्धारित

पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहीं बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। फंड मिलते ही बोकारो में भी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिस पर कोर्ट ने मामले में मुआवजा भुगतान से संबंधित अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगा था।

पूर्व में ही प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने 4 जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में गठित वन मैन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दी है, जिसमें झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में आदेश पारित किया गया है।

रांची हिंसा मामले के आरोपी से जेल में पूछताछ करेगी सीआइडी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) की टीम जेल में पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। सीआईडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़फोड़ की गई। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गई। उनपर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गई। नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

जेल की पहरेदारी अब रांची पुलिस के हवाले

नोडल अफसर को किया तैनात

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अब रांची पुलिस बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार की सुरक्षा खुद करेगी। इसके लिए रांची पुलिस से एक नोडल अफसर को नियुक्त किया है। पुलिस की निगाह जेल में बंद अपराधी जमानत पर कब बाहर निकलते हैं या फिर उनसे मिलने कौन जाता है, जेल से बाहर आने के बाद उनकी गतिविधियां क्या हैं, इसकी जानकारी लेगी। जेल में अपराधियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों की जानकारी भी पुलिस को नहीं मिल पा रही है। ऐसे में अब रांची के सभी 44 थाने और टीओपी में एक-एक नोडल अफसर की नियुक्ति की गयी है। नोडल अधिकारी अब रोजाना जेल और पुलिस कोर्ट कार्यालय जाकर अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाएंगे।

क्या-क्या लेनी है जानकारी : रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा की ओर से सभी थानों में नोडल अफसर नियुक्त किये गये हैं। सभी ने अपना काम शुरू कर दिया है। नोडल अफसर को जो सूचना जुटानी है उनमें जेल से जमानत पर कौन अपराधी निकलाएक सप्ताह के बीच उससे मिलने कौन-कौन आया। जेल में रहने के दौरान अपराधी का आचरण कैसा था। जेल से निकलने के बाद अपराधी से थाना हाजिरी निश्चित करवाना। पूरे परिवार के साथ सभी पहचान पत्र और सभी मोबाइल नंबर जमा करना आदि है।

जेल से समय पर नहीं मिल पाती सूचना : दरअसल, पुलिस को जेल से कभी भी समय पर सूचना नहीं मिल पाती है। यह सभी जानते हैं कि इन्हीं सब मामलों को लेकर जेल पर अक्सर सवालिया निशान बना रहता है। जब भी जेल में पुलिस प्रशासन के द्वारा छापेमारी की जाती है, उनके हाथ कुछ नहीं लगता है जबकि जेल से ही अपराधी रंगदारी के लिए फोन करते हैं। ऐसे माहौल में रांची पुलिस की यह योजना कितना कारगर होती है, यह देखने योग्य होगा।

स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई

जल संसाधन विभाग अपना जवाब दाखिल करे : हाईकोर्ट

स्वर्ण रेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक साढ़े छह हजार करोड़ रुपए हो चुके खर्च, जमीन अधिग्रहण भी पूरा, विस्थापितों के पुनर्वास की भी हो चुकी व्यवस्था लेकिन राज्य सरकार ने बिना कारण प्रोजेक्ट बंद किया...

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को राज्य सरकार द्वारा बंद किए जाने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी की जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि स्वर्ण रेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक साढ़े छह हजार करोड रुपए खर्च हो चुके हैं। जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर भी व्यवस्था कर दी गई है। लेकिन इसी दौरान राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण ही बंद कर दिया।

राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना का काम बंद करने का आदेश दिया था। जबकि इस योजना से हजारों लोगों का रोजगार सृजित होता। सिंचित भूमि के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी राज्य का विकास होना था लेकिन सरकार के उदासीन रवैया के कारण यह योजना अधर में है। ऐसे में अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं निर्माण करने वाली कंपनी दिलीप बिल्डकॉन की तरफ से अवगत कराया गया कि उनके तरफ से जवाब दाखिल हो चुका है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 को होगी। प्रार्थी संतोष कुमार सोनी की तरफ से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की।

पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई

ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

रांची। मनी लाउड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिये दोबारा समय देने का आग्रह किया गया। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने ईडी को अगली सुनवाई में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि इससे पहले भी इसी केस में ईडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन, वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

सरयू राय का दावा: जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट आते ही शुरू होगी सियासी अस्थिरता

विधानसभा में हुई नियुक्तियों में गड़बड़ घोटाला का 11 सितंबर 2007 में हुआ था खुलासा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय के अनुसार झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्तियों में अनियमितता की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल होते ही राज्य सरकार की अस्थिरता का दौर आरम्भ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिये कि इस मामले मे अन्य अभियुक्तों के साथ ही वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम पर गंभीर आरोप लगा है। मालूम हो कि आलमगीर आलम विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके विरूद्ध भी सरकार कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य हो जायेगी। अन्यथा संभव है कि स्वतंत्र उच्चस्तरीय आपराधिक जांच का सामना इन्हें करना पड़े।

जस्टिस विक्रमादित्य आयोग ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं यथा 120, 166, 167, 196, 464 के तहत जिन दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की है, उनमें विधानसभा के वर्तमान प्रभारी सचिव के साथ ही पूर्व विस अध्यक्ष एवं वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री भी शामिल हैं।

श्री राय के अनुसार विधानसभा नियुक्तियों में गड़बड़ घोटाला का खुलासा उन्होंने 11 सितंबर 2007 को बोकारो में किया था। उन्होंने कहा था कि इस संबंध में सबूत की सीडी उनके पास है। वहीं 12 सितंबर 2007 को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम साहब ने सीडी एवं अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिये उन्होंने पत्र लिखा था। 13 सितंबर 2007 को कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने नियुक्ति घोटाला से संबंधित सीडी सार्वजनिक करने की मांग उनसे की। तब उन्होंने सीडी सार्वजनिक कर दिया। जांच के लिए राधाकृष्ण किशोर के सभापतित्व में विधानसभा समिति बनी।

वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो भी जांच समिति के सदस्य थे। समिति ने जांच प्रतिवेदन में घोटाले की जांच स्वतंत्र समिति से कराने का मंतव्य दिया था। तब से जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का जांच प्रतिवेदन 2018 में आने की जानकारी सभी को है। उन्होंने हाईकोर्ट ने जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने को गंभीरता से लिया है।

आइटी एक्ट के मामले में रांची टॉप पर, झारखंड में 90 मामले लंबित

रांची जिले में अब तक सबसे अधिक 56 केस लंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची जिले में आईटी एक्ट के सबसे अधिक केस लंबित हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य भर में चार साल से अधिक समय से आईटी एक्ट के 90 केस लंबित हैं। राज्य के 15 जिलों में एक अप्रैल तक आईटी एक्ट के 423 केस अनुसंधान के लिए लंबित थे, जो एक अक्टूबर को कम होकर सिर्फ 90 रह गये हैं। जिनमें सबसे अधिक रांची जिले में 56 केस लंबित हैं।

किस जिले में आइटी एक्ट के कितने मामले लंबित

हजारीबाग	05	गढ़वा	04
दुमका	07	बोकारो	03
धनबाद	03	लातेहार	02
साहेबगंज	02	सीआईडी	01
पलामू	04		

आइटी एक्ट की धारा 66-ए : किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी समूह, व्यक्ति या संस्था के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उसे प्रचारित किये जाने के मामले में इस धारा के तरह मामला दर्ज करने का प्रावधान था। इसमें पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर सकती थी।

आइटी एक्ट की धारा 66 ए के तहत दर्ज नहीं होंगे मामले : सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दिये जाने के बाद यह बात सामने आयी है कि कुछ पुलिस पदाधिकारी आइटी एक्ट की धारा 66-ए के तहत मामला दर्ज कर रहे हैं। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया था। जिसके बाद गृह मंत्री ने सभी राज्यों के डीजीपी को निर्देश दिया था कि इस धारा में केस दर्ज नहीं किये जायें। जिस भी थाने में इस धारा के तहत केस दर्ज किया जायेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

त्योहार में विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

पुलिस मुख्यालय ने लिया निर्णय, गृहसचिव का आदेश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिसकर्मियों की छुट्टिया रदद कर दी है। पुलिस मुख्यालय ने आगामी पर्व त्योहारों को लेकर झारखंड के पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दिया गया है। छुट्टियां रदद करने से संबंधित आदेश गृहसचिव के द्वारा जारी की गयी है।

गौरतलब है कि पर्व त्योहारों के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर गृह सचिव अविनाश कुमार ने डीजीपी सहित पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। पुलिस मुख्यालय में एक दिन पहले हुई सभी जिलों के एसपी के साथ डीजीपी की बैठक में सामने आए बिंदुओं पर उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।

भीड़ उमड़ने की संभावना को लेकर सुरक्षा के किए जाएंगे पुख्ता इंतजाम : दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों में दर्शन को भीड़ उमड़ने की संभावना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। जिलों में अग्निशमन विभाग के दमकल को नियंत्रण कक्ष से जोड़ा गया। बम निरोधक दस्ता, होमगार्ड और प्रशिक्षु जवानों को भी पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था में लगाया जायेगा।

कल कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करेंगे पारा शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजभवन के समक्ष टेट पास पारा शिक्षक सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले 53वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। धरना में शुक्रवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के टेट पास पारा शिक्षक शामिल हुए। महिला प्रमुख प्रदेश अध्यक्ष मीना कुमारी ने कहा कि आंदोलन का 53वां दिन है लेकिन सरकार की तरफ से कोई सुधि नहीं ली जा रही है। सरकार जल्द पहल नहीं करती है, तो 15 अक्टूबर को कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करेंगे। साथ ही सत्ताधारी विधायक और मंत्री को अपने क्षेत्र में घुसने नही देंगे।

मंत्री और विधायक का किया जाएगा विरोध : पारा शिक्षक दीपक बेहरा ने कहा कि सत्ता पक्ष के सभी विधायक व मंत्री यह कहते हैं कि टेट पास पारा शिक्षकों की मांग जायज है, तो फिर सरकार हमलोगों को क्यों नहीं सहायक शिक्षक बना देती है। इसलिए सभी मंत्री विधायक से आग्रह करते हैं कि सरकार पर दबाव डालें। सरकार हमें वेतनमान देने की जल्द घोषणा करे, नहीं तो सता पक्ष के मंत्री और विधायक का विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम में सुजीत प्रभाकर, दीपक बेहरा, मुख्तार अंसारी, अजय कुमार साहू, जगरनाथ नायक, उज्वल महापत्रो, अनिल, सरोज कुमार महतो, जयप्रकाश प्रधान, द्वारिका दास, रोयन हेंब्रम, राजू नायक समेत सैकड़ों शामिल थे।

कोल इंडिया ने गठित की मानकीकरण समिति, इंटक को नहीं दी गयी जगह

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोल इंडिया ने 11वें जेबीसीसीआई की मानकीकरण समिति गठित की है। इसमें यूनियन और प्रबंधन के प्रतिनिधियों को रखा गया है। हालांकि इंटक को इसमें जगह नहीं मिली है। इसका आदेश 13 अक्टूबर, 2023 को कोल इंडिया के जीएम (एमपी एंड आईआर) गौतम बनर्जी ने जारी कर दिया है।

मालूम हो कि कमेटी के चेयरमैन कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन हैं। सदस्यों में एमसीएल के डीपी केशव राव, सीसीएल के डीपी हर्ष नाथ मिश्र, सीएमपीडीआई के डीटी शंकर नागाचारी, एनसीएल के डीपी मनीष कुमार, ईसीएल की डीपी ए स्वाइन, बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्णन रमैया, एसईसीएल के डीपी देबाशीष आचार्य, डब्लूयूसीएल के डीपी जय प्रकाश द्विवेदी, एससीसीएल के निदेशक एन बलराम हैं। संयोजक गौतम बनर्जी को बनाया गया है।

यूनियन में बीएमएस ओर से सुधीर एच घुरदे और मजरूल हक अंसारी, एचएमएस की ओर से नाथूलाल पांडेय और शिवकांत पांडेय, एटक की ओर से रमेंद्र कुमार और सीटू की ओर से डीडी रामानंदन हैं। कमेटी में इंटक के प्रतिनिधि का नाम नहीं है। इससे पहले भी बोनस को लेकर हुई बैठक में इंटक के प्रतिनिधि को नहीं बुलाया गया था।

मानकीकरण समिति में 11वें वेतन समझौते के अलावा बचे मुद्दों पर चर्चा होगी। सहमति से निर्णय लेकर उसे लागू किया जाएगा। इसके अलावा कामगारों से संबंधित किसी अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर फैसला लिया जा सकता है।

व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की ओर से हाइकोर्ट में दायर की जायेगी फ्रेश जमानत याचिका

रांची। बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनकी ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गयी थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उनकी ओर से फ्रेश जमानत याचिका दाखिल की जायेगी। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में हुई। दरअसल, 18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी ने सांसद संजय सेठ को पत्र लिखकर दी जानकारी

रांची लोकसभा क्षेत्र में संचालित हो रहीं ₹2779 करोड़ की केंद्रीय परियोजनायें

रांची में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ₹1980 करोड़ का, कुल 24 प्रकार के कार्य स्वीकृत 18 प्रकार के कार्य पूर्ण, शेष छह प्रकार के कार्य जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सांसद संजय सेठ को पत्र लिख कर रांची लोकसभा क्षेत्र में 2779 करोड़ रुपये की परियोजनायें संचालित होने की जानकारी दी है। इनमें कई और परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कई पर कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, एनयूएलएम जैसी योजनाओं के माध्यम से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। इसके तहत रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास स्वीकृत

किये गये हैं। जिसमें 16479 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस कार्य के लिये भारत सरकार के द्वारा 526 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है और 376 करोड़ रुपये जारी भी कर दिये गये हैं। वहीं, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर बताया है कि यह 1980 करोड़ रुपये का है। जिसमें 24 प्रकार के कार्य होने हैं। 18 प्रकार के कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 699 करोड़ रुपये की लागत से 6 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं, अमृत योजना के तहत रांची में 271 करोड़ रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। जिसमें 54 करोड़ रुपए लागत की छह परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं 221 करोड़ रुपए की लागत से भी परियोजनायें पूर्ण हुई हैं।

वहीं अमृत योजना के तहत 2.31 करोड़ रुपए की लागत की तीन परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6690 लोगों को लाभ दिया गया है। यह राशि 9.75 करोड़ रुपये की है। वहीं, एनयुएलएम के तहत शहरी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को रोजगार के लिये कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके तहत रांची में 3305 और कपाली में 94 स्वयं सहायता समूह तैयार किये गये हैं। जिसमें रांची में 2100 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है। जबकि कपाली में 84 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावे रांची शहर में 14128 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें 5224 लोगों का नियोजन विभिन्न संस्थाओं में किया गया है। कपाली में 786 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें 264 लोगों को विभिन्न संस्थाओं में नियोजित कर लिया गया है। स्ट्रीट वेंडर्स को भी चिन्हित किये जाने की योजना शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा चलाई जा रही है। इसके तहत रांची में 10172 वेंडर्स को चिन्हित किया गया है। जिसमें 5880 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया है। जबकि कपाली में 377 वेंडर्स को चिन्हित किया गया है और 342 वेंडर को प्रमाण पत्र जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया है कि इन सभी योजनाओं के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर करने की योजना है।

टाटा मोटर्स : अगले महीने से कर्मचारियों को पहली तारीख को मिलेगा वेतन

स्थायीकरण पर हाईकोर्ट के आदेश पर कंपनी बोर्ड से बात करेगी यूनियन, मीटिंग में यूनियन महासचिव ने कहा-स्थायीकरण प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

बैठक को संबोधित करते महासचिव आरके सिंह।

जमशेदपुर। शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की रूटीन बैठक यूनियन ऑफिस में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने की। बैठक में सर्वप्रथम यूनियन के महामंत्री आर के सिंह ने पूर्व से सूचित बैठक के एजेंडे को सभा पटल पर रखा जिपर बारी बारी से सभी कमिटी मेम्बर ने अपना विचार रखा। सदस्यों ने मुख्य रूप से कार्यस्थल के सुरक्षा उपायों पर यूनियन और प्रबंधन द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर उपस्थित सदस्यों ने विचार रखा। तय एजेंडे के तहत रुटीन वर्क के समस्याओं पर चर्चा उपस्थित सदस्यों के द्वारा किया गया। तीसरा एजेंडा पर लगभग सभी सदस्यों ने अपना विचार रखा। जिसमे यह बात सामने आई कि अस्थायी कर्मियों के स्थायीकरण पर शुरू से ही यूनियन द्वारा लगातार प्रयास किया जाता रहा है। यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने अस्थायी कर्मियों को स्थायीकरण कराए जाने हेतु हर स्तर पर प्रबंधन से वार्ता कर समाधान करने का आस्वासन कार्यकारिणी सदस्यों को दिया। हाल के दिनों में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में उप श्रमायुक्त धालभूम के द्वारा पारित आदेश पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही साथ सभा मे उपस्थित सदस्यों को विश्वास दिलाया यूनियन प्रबंधन से बात कर समाधान निकालेगी। अस्थायी मजदूर का स्थायीकरण कराने का काम यूनियन शुरू से ही प्राथमिकता के साथ कर रही है और आगे भी सम्मान जनक समाधान निकालने का हर संभव प्रयास करेगी। साथ ही रोजगार के अवसर को भी बरकरार रखने का हर संभव प्रयास करेगी। महामंत्री आर के सिंह ने कहा कि अस्थायी कर्मियों का स्थायीकरण की निर्णायक लड़ाई के लिए यूनियन कमर कस चुकी है। जमशेदपुर के स्थानीय स्तर पर प्रबंधन के साथ ही आवश्यकता पड़ी तो बॉम्बे/ पुणे बोर्ड के वरीय पदाधिकारियों से बात कर हर हाल में स्थायीकरण का समाधान किया जायेगा। लगातार कर्मचारी भाइयों के द्वारा एक मांग उठायी जा रही थी कि मासिक वेतन जो कि हर महीने की 5 तारीख को आती है उसे बदल कर महीने 1 तारीख की जाए। इस बारे में प्रबंधन से वार्ता हुई है और संभवतः आगे माह से मासिक वेतन महीने के 1 तारीख को आ जायेगी। सभा मे उपस्थित यूनियन के सलाहकार श्री प्रवीण सिंह ने सभापटल पर अपनी बातों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा आज जितने भी कार्यकारिणी सदस्य और पद धारक सभा मे उपस्थित है सभी निर्बाधित एम्प्लोयी वार्ड के हैसियत से टाटा मोटर्स के कर्मचारी हैं। 1978 में यूनियन और प्रबंधन के पहल पर त्रिपक्षीय समझौता सम्पन हुआ और एम्प्लोयी वार्ड को रोजगार का अवसर मिला और अस्थायी मजदूर का अस्तित्व कायम हुआ। एक तरफ जहां वैश्वीकरण एवं एडवांसमेंट के दौर में मैन पावर प्लानिंग के तहत काम करने वाले मजदूरों की छंटनी का दौर जारी था। वहीं पर यूनियन प्रबंधन से वार्ता कर लगातार अस्थायी मजदूरों को स्थायी कराने का काम करती आ रही है। सलाहकार ने सभा मे उपस्थित सदस्यों को बताया कि यूनियन नेतृत्व (अध्यक्ष और महामंत्री) अस्थायी मजदूर को अस्तित्व में लाने का काम किया है तो अस्थायी मजदूर के स्थायीकरण का समाधान करेगी। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि अस्थायी कर्मियों के स्थायीकरण का प्रयास करती आ रही है। अस्थायी साथी को किसी प्रकार की चिंता और अफवाह में नही पड़ें। यूनियन पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अस्थायी कर्मचारियों के हित के लिए खड़ी है। यूनियन हर संभव प्रयास कर रही है। धन्यवाद ज्ञापन एच एस सैनी ने किया और संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

खबर एक नजर में

आदिम जुवान जुमिद गांवता ने मंत्री चंपई सोरेन का किया अभिनंदन

मंत्री चंपई सोरेन को उनके आवास पर अभिनंदन करते संस्था के सदस्य गण।

जमशेदपुर। आदिम जुवान जुमिद गांवता, गम्हरिया के सदस्यों ने झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री श्री चंपई सोरेन से जिलिगगोड़ा स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें आदिवासी पारंपरिक अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और जंगलों से घिरा हुआ बुरूडीह पंचायत में पहली बार रक्तदान शिविर में बहुमूल्य सहयोग करने से लिए उनका आभार जताया । मंत्री चंपई सोरेन ने भी इस पहल को लेकर परगाना बाबा, माझी बाबा एवं गांवता के सदस्यों की सराहना करते हुए युवाओं का मनोबल बढ़ाया एवं आगे भी इस तरह का आयोजन करने का आग्रह किया । आदिम जुवान जुमिद गांवता के युवा भी उनसे मिलकर बहुत खुश हुए । इस अवसर पर मुख्य रूप से सीताराम हेम्ब्रम, शंभू टुडू, दुर्गा सोरेन, राईसन टुडू, गणेश टुडू, राजेश मार्डी, बलराम सोरेन, मन्तोश्वर सोरेन, शिकारी मुर्मू, चैतन मुर्मू, बबलू मुर्मू, शंकर सोरेन, लक्ष्मण टुडू, रविन्द्र माझी, तुषाल सोरेन, सुरेश मुर्मू एवं आदिम जुवान जुमिद गांवता, गम्हरिया (आदिवासी युवा संगठन) के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

रिफ्लेक्शन नेटवर्क के डांडिया नाइट में झूमा जमशेदपुर

डांडिया नाइट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि अरुण बांकरेवाल, भरत सिंह, पूरबी घोष, हरि व अन्य अतिथि।

जमशेदपुर। शुक्रवार की शाम रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट के द्वारा डांडिया नाइट का भव्य आयोजन होटल कैनेलाइट में किया गया । कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथी भरत सिंह व विशिष्ट अतिथी पूर्वी घोष,पूनम वर्मा,बिनय सिंह,हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह ने दीप प्रज्योलित कर की । कार्यक्रम की शुरूवात भजन गायक रोहित गुलाटी के द्वारा माता के भजनों से हुई । डांडिया नाइट में महिलाएं,कपल और परिवार के साथ आए लोगों ने जमकर डांडिया का लुफ्त उठाया। डांडिया नाइट में ग्रुप डांस,सोलो डांस,सिंगिंग,सर्वश्रेठ डांडिया का प्रतियोगिता रखा गया,जिसके जज के निशान और चंदन सिंह ने विजेताओं के नाम की घोषणा की । सभी विजेताओं को रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट द्वारा पुरस्कृत किया गया । साथ ही स्टेज प्रोग्राम,लाइव बॉलीवुड और गुजराती डांडिया के धुन पर सभी थिरकते दिखे । कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार मौजूद रहे,सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान शॉल ओढ़ा कर किया गया । कार्यक्रम को आयोजन करने वाली आशा सिंह और सोनू तिलावात ने बताया कि इस तरह के आयोजन से शहर के महिलाओं को खुद के लिए समय निकालने और आनंदित होने का मौका मिलता है, नवरात्री शुरू होने वाली है जिस वजह से महिलाएं पूजा पाठ में व्यस्त हो जायेगी इसलिए इसे देखते हुए डांडिया नाइट का आयोजन पहले किया गया,आने वाले साल में और भव्यता के साथ डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा ।

विधायक ने पेवर्स ब्लॉक का किया शिलान्यास

शिलान्यास पट्टिका का अनावरण करते विधायक रामदास सोरेन, सीपीएन सिंह व अन्य।

जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर में घाटशिला विधानसभा के विधायक श्री रामदास सोरेन के द्वारा फेबर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के महासचिव श्री सी पी एन सिंह, कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता कॉलेज के प्रोफेसर्स, स्टाफ, छात्र, क्षेत्र के मुखिया एवं जनता उपस्थित थे। विधायक ने अपने सम्बोधन में कॉलेज के द्वारा क्षेत्र के युवाओँ को शिक्षित करने के प्रयास की सराहना करते हुए कॉलेज के विकास में हरसंभव सहयोग करने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

मुखी समाज ने टाटा मोटर्स अस्पताल से 10 लाख का बिल माफ करवाया

जमशेदपुर। पिछले कई दिनों से टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाजरत बमार्माइंस हरिजन बस्ती निवासी सावित्री देवी (पूर्व कर्मचारी टाटा मोटर्स) का टाटा मोटर्स अस्पताल में देहांत हो गया। अस्पताल का बिल 10 लाख से ऊपर हो गया था। अस्पताल प्रबंधक परिजनों से बिल का भुगतान करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द करने की बात कर रहे थे। इस बात की जानकारी मुखी समाज के नेताओं को मिलने पर केंद्रिय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रिय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में मुखी समाज के नेतागण व कई मुखी समाज के लोग टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचें व शव को परिजनों को सुपुर्द करने की मांग करने लगे। इस मौके पर मुखी समाज का प्रतिनिधिमंडल हरि मुखी के नेतृत्व में टाटा मोटर्स हॉस्पिटल प्रबंधक के प्रमुख डॉ. संजय कुमार से मिलकर एक मांगपत्र सौंपा व कहा कि मृत महिला की परिवार की माली हालत ठीक नहीं है, परिवार 10 लाख का बिल जमा करने की स्थिति में नहीं है। काफी लंबी वार्ता के बाद प्रबंधक द्वारा 10 लाख का बिल माफ किया गया और महिला का शव परिजनों को सौंपा गया। इस मौके पर सुरेश मुखी (मुखिया, धतकीडीह), महेश मुखी, किशोर मुखी, सुरेश मुखी (मुखिया, बमार्माइंस), बैधनाथ मुखी, शिवशंकर मुखी, रवि मुखी, कैलाश मुखी, शांति देवी समेत कई लोग मौजुद थे।

सुभाष बोस अनाथ आश्रम में इनर ने बांटी कपड़े और खाद्य सामग्री

जमशेदपुर। आने वाले त्योहारी सीजन को चिह्नित करने के लिए आइ डब्ल्यू सी जमशेदपुर ईष्ट के सदस्यो ने रिलायंस स्मार्ट स्टोर्स के सहयोग से सुभाष बोस अनाथ आश्रम के बच्चो के बीच कपड़े और खाद्य सामग्री बांटी। क्लब के सदस्यो ने वहां रहने वाले बच्चों का जन्मदिन मनाई। क्लब सदस्य ने उन बच्चों को हिन्दुस्तान मित्र मंडल स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा बनाया गया ग्रीटिंग कार्ड भी दी जिसे पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कराहट दिख रही थी। मौके पर क्लब अध्यक्ष संपा उपाध्याय ,के साथ क्लब की अन्य सदस्य मौजूद थी।

सोना देवी यूनिवर्सिटी में फ्रेशर्स डे का हुआ आयोजन

कुलाधिपति प्रभाकर सिंह के साथ छात्र-छात्राएं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आज सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला सिंभूम के प्रांगण में - फ्रेशर्स डे - मिस्टर प्रेशर और मिस फ्रेशर -2023 -24 का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। इसमें विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं ने जहां छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया वहीं छात्र-छात्राओं ने मिलकर क्विज , डांस आदि प्रस्तुत किया और अपनी असीमित प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रोफेसर जेपी मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को बहुत ही प्रेरणास्पद सुझाव दिए गए। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में सफल होने के लिए कई जीवन उपयोगी जानकारी दी गई। आज के प्रोग्राम का संचालन श्रीमती अनसूया राय तथा श्री उमेश गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनेक अध्यापक व्याख्याता एवं शिक्षकत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभय सिंह को हाईकोर्ट से मिली जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो

अभय सिंह।

जमशेदपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह को शास्त्रीनगर उपद्रव मामले में झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत दे दी गई। वे करीब छह महीने से घाघीडीह सेंट्रल जेल में बंद थे। अभय सिंह को सोमवार की शाम घाघीडीह सेंट्रल जेल से रिहा किये जाने की उम्मीद है। उनके रिहा आकर जेल गेट पर बाहर आते ही भाजपाई उनका भव्य स्वागत करेंगे और जुलूस की शक्ल में उन्हें लेकर काशीडीह स्थित आवास आयेंगे। अभय सिंह को मानगो के एक बिल्डर द्वारा दर्ज कराये गए मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है। शुक्रवार को अभय सिंह के जमानत मिलने पर एक ओर जहां भाजपा कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है तो वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर ने भी अभय सिंह को उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने संस्कृत के एक श्लोक से अभय सिंह के जमानत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः। अंततः सत्य की ही जय होती है न कि असत्य की। लम्बे समय से न्याय की जिस घड़ी की प्रतीक्षा थी वह आज पूर्ण हुई है। पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह को उच्च न्यायालय से जमानत दी गयी। उन्हें साजिश और शासन व्यवस्था की प्रताड़ना से अंततः न्याय मिली है। गुंजन यादव ने कहा कि अभय सिंह पर एक-एक कर अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज करना एक सोची समझी साजिश थी। ऐसे तुष्टिकरण की साजिश रचने वालों का भाजपा ने हर पल प्रतिकार किया है और इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आखिर सत्य की जीत होती है और यह फिरसे साबित हुआ है। सच के कारण ही अभय सिंह को उच्च न्यायालय से से जमानत मिली। उन्होंने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अभय सिंह के जेल से बाहर आने के बाद वे संगठन, सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में दोगुनी ऊर्जा के साथ सक्रिय होकर अपने दायित्वों का पूरी कुशलता से निर्वहन करेंगे।

भाजपा नेता अभय सिंह को जमानत मिलने पर कुणाल षाड़ंगी ने दी बधाई

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं धनबाद जिला प्रभारी अभय सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने उन्हें बधाई दी है। प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सत्यमेव जयते! सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि अभय सिंह को साजिश के तहत जेल भेजकर प्रताड़ित करने वालों का समय आने पर जनता पूरा हिसाब करेगी। छह महीने के लंबे संघर्ष के बाद अभय सिंह को न्याय मिलने दशार्ता है कि झूठ कितना ही बलवान क्यों ना हो सत्य के सामने अधिक समय तक टिक नही सकती। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि हमें न्यायालय पर पूर्ण विश्वास था, यह समय उनके परिवार और भाजपा परिवार के लिए कठिन था।

नशाखुरानी गिरोह के कारण मानगो में अपराध बेकाबु : विकास

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मानगो शंकोसाई रोड नंबर 5 के जय गुरु नगर में बीती रात बंद घर का दरवाजा तोड़कर चोरों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर में रखे सारे पीतल के बर्तन के साथ-साथ अलमीरा में रखा हुआ मंगलसूत्र और कान की बाली जिसकी कीमत लगभग एक लाख रु हैं लेकर रफू चक्कर हो गए हैं । मकान मालिक रांची में रहते हैं बंद पड़े घर का देखभाल मकान मालिक की बेटी सुनीता दत्ता करती है । सुनीता दत्ता का बेटा सौरभ आज कॉलेज से लौटते वक्त घर देखने गया तो पाया कि घर दरवाजा तोड़कर चोर अंदर प्रवेश कर घर में रखा अलमीरा तोड़ दिया जिसमें मंगलसूत्र और कान की बाली थी उसे लेकर चले गए । सारा सामान तीतर-वितर करने के साथ बॉक्स पलंग में रखा हुआ पीतल के सारे बर्तन भी चोरी कर ले गए हैं। चोरी की सूचना सुनीता दत्ता ने भाजपा नेता विकास सिंह को दिया। घटनास्थल में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने उलीडीह थाने को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पुरा मानगो नशा खुरानी गिरोह के कब्जे में है। डेली लाटरी के साथ साथ ब्राउन शुगर का होलसेल मंडी पुरा मानगो बना हुआ है जिससे अपराध बेकाबू हो गया है। विकास सिंह ने स्थानीय थानेदार को फोन कर बताया कि मोहल्ले में अनेकों मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं पुलिस अगर मामले की गंभीरता समझेगी तो चोर आसानी से पकड़ में आ जाएंगे ।

पुलिस ने छापेमारी कर गांजा लदे ट्रेलर किया जब्त

चांडिल। सरायकेला पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर कारोबार पर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ पुलिस द्वारा एनएच 33 पर नागासेरेंग के पास एक 16 चक्का ट्रक से लगभग दो दर्जन बोरा गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हांलांकि पुलिस प्रशासन द्वारा इस संबंध में किसी तरह का अधिकारिक पुष्टि नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की अहले गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, ईंचागढ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा सशस्त्र बल के साथ अभियान चलाकर एक 16 चक्का ट्रक को पकड़ा है। भागने के दौरान पुलिस ने पीछा कर चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक का तलाशी लेने पर लगभग दो दर्जन बोरा करीब 10 क्विंटल गांजा जब्त किया है। पुलिस ट्रक को भी जब्त कर मामले की छानबीन कर रही है। अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की यह बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

शास्त्रीय शिल्प और रोमांटिक कविता के बीच छात्र-छात्राओं ने अंतर को जाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने लिटरेरी कारवा साहित्य पर एक द्विमासिक व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया । जिसमें डॉ. एस.एम.याहिया इब्राहिम एवं डॉ वसुधरा रौय द्वारा दो दिवसीय व्याख्यान और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। करीम सिटी अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष, याहिया इब्राहिम और सहायक प्राध्यापक बसुधरा रॉय, अंग्रेजी विभाग, करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर रिसोर्स पर्सन के रूप मे रहे । अतिथियो का स्वागत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोबिंद महतो ने पौधा और शॉल देकर किया। डॉ. एस.एम. याहिया इब्राहिम ने 'रोमांटिकिज्म- रिवाइवल, रिन्यूअल, रिवोल्ट एंड रेसिस्टेंस' पर बात की, जबकि डॉ. बसुधरा रॉय का व्याख्यान 'एक कविता सुनना- द टेक्स्टुअल एंड द टैक्टुअल' विषय पर था। लिटरेरी कारवां के पहले दिन डॉ. एस.एम. याहिया इब्राहिम ने व्याख्यान दिया और इसमें स्वच्छंदतावाद के विचार से जुड़े ऐतिहासिक, दार्शनिक और राजनीतिक अर्थों को विस्तार से बताया गया। उन्होंने स्वच्छंदतावाद को केवल एक ऐतिहासिक साहित्यिक युग नहीं बल्कि एक लोकाचार, एक साहित्यिक धारा, एक विश्वास के रूप में वर्णित किया। उन्होंने उस समय की दार्शनिक और सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डाला । पहले दिन के सत्र की मेजबानी यूजी प्रथम वर्ष की छात्रा सोनल सिंह ने की। छात्रों और सहायक प्राध्यापको ने ध्यानपूर्वक उनकी बातो को सुना और प्रश्न भी पूछे। कुलपति महोदय ने छात्रों से प्रकृति के प्रति अपने प्रेम को महसूस करने का आग्रह करते हुए सत्र का समापन किया। लिटरेरी कारवां दूसरे दिन डॉ. बसुधरा रॉय के साथ आगे बढा । उन्होंने कविता सुनने के विचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शास्त्रीय शिल्प और रोमांटिक प्रतिभा के बीच अंतर पर चर्चा की और इस विचार पर विस्तार से बताया कि कविता कैसे अकथनीय को व्यक्त करने की कोशिश करती है। दूसरे दिन के सत्र का संचालन पीजी प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि कौशल ने किया । यह दो

साकची रामगढ़िया सभा में एक साथ 600 लोगों ने गरबा-डांडिया नाइट में मचाया धमाल

डांडिया-गरबा की धूम, घंटों थिरकतीं रहीं युवतियां और महिलाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शुक्रवार की देर शाम को साकची स्थित रामगढ़िया सभा में भव्य डांडिया (गरबा) धमाल नाइट कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एक साथ गरबे की धुन में डांडिया रास किया। मोरनी बनके काल्यो कूद पडो मेला में... एवं गरबा की रात आई.. आदि फिल्मी और गरबा की धुनों पर क्या बच्चे क्या बड़े, सब जम कर थिरके। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कलाकार पूजा पॉल और डीजे अमित रहे। साथ ही कार्यक्रम में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस एवं बच्चों का बेस्ट ड्रेस अप सहित कई प्रकार के सरप्राइज गिफ्ट भी बांटे गयें, जो आकर्षण का क्रेन्द्र बने रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्धारा दीप प्रज्जवलित और गणेश वंदना के मधुर स्वर के साथ किया गया। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजिका पिंकी रिंगसिया व अंजू चेतानी के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। कनक अडेसरा और माधवी रामपारा द्वारा जजमेंट किया गया। जजों के निर्णस के आधार पर प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्धारा पुरस्कार वितरण किया गया।

डांडिया करती युवतियां।

कार्यकम की भव्यता एवं लोगो की मस्ती देखने लायक थी,मौके पर कार्यक्रम में शामिल कई महिलाओं ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र की तर्ज पर जमशेदुपर में भी ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति की पहचान कराती है। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होने से हमारी संस्कृति सहित परंपराओं को पहचान मिलती है जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है। सुरभि शाखा की सदस्यों ने कहा कि डांडिया नाइट का भव्य आयोजन समाज में लोगों के बीच भाईचारे का संदेश देती है। जब शहर में इतने लोग एक साथ मिलकर गरबा खेलते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है मानो एक परिवार एक साथ एक मंच पर थिरक रहा हो। मौके पर बतौर अतिथि अशोक भालोटिया,निर्मल काबरा, ओम प्रकाश रिंगसिया, उमेश शाह, मुकेश मित्तल, अशोक मोदी, अरुण बाकरेवाल सुरेश सोंथालिया, विमल रिंगसिया, नंदकिशोर अग्रवाल, अरुण गुप्ता, महावीर मोदी, संतोष अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, राजकुमार चंदूका, बजरंग अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अजय मोदी, अशोक गुप्ता, पुरुषोत्तम देबूका आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल सहित शाखा की सभी सदस्यों का मुख्य योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 600 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का भी आनन्द उठाया। डांडिया धमाल नाइट के सौजन्यकर्ता क्रमशः छगनलाल ज्वेलर्स, दा साउथ हाउस ,नारायणी इंटरनेशनल, राजकमल इलेक्ट्रॉनिक्स, द वर्ल्ड, बंसल इंटरप्राइजेज, श्री ज्वेलर्स, मारुति, माय चॉइस, स्टार लाजिक्स लुब्रिकेंट आदि थे।

स्पीड न्यूज

झरहा में माइंस मालिक व ग्रामीणों में झड़प

नौडीहा बजार पलामू। थाना क्षेत्र के तरीडिह पंचायत के झरहा गांव में माईंस मालीक और ग्रामीण जनता के बीच गुरूवार को शाम सात बजे हाईवे संचालन केलेकर झडप हुए थे जिसमें ग्रामीणों ने माईस मालीक प्रदिप सिंह अमलेश यादव गणेश यादव सहित कई लोग पर पत्थर बाजी करने लगे थे जिसमें माइंस मालीक को काफी चोट भी आई थी इधर थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने कहा कि माईस मालीक और ग्रामीणों के बीच पथर बाजी और झड़प हुई है जिसमें दोनों पक्षों के और आवेदन दिया गया है और प्राथमिक दर्ज किया गया है और दोनों तरफ से आवेदन में 10 10लोग पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है बताया जाता है कि माईस मालीक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कर रहे थे निजी पैसे से सड़क निर्माण कार्य करा रहे थे वहीं आकर तुरंत सड़क निर्माण में बाधा डालने लगा

मशीन उपकरण व उपस्कर क्रय में अनियमितता पर हो कार्रवाई : रंजन

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड के बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे ने जिला के डीसी शशिरंजन को पत्र भेजकर चैनपुर प्रखंड में मशीन उपकरण व उपस्कर क्रय करने में बरते गये अनियमितता में शामिल लोगो पर कार्रवाई की मांग की है। श्री दूबे ने कहा है कि पूर्व में आयुक्त को दिये गये आवेदन के आलोक में तीन सदस्यीय जांच दल के द्वारा जांच प्रतिविदन डीडीसी को समर्पित किया गया था। जांच प्रतिवेदन में जांच दल द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मशीन उपकरण व उपस्कर क्रय में अनियमितता बरती गयी है। इस संबंध में कर्मियों स्पष्टीकरण पूछते हुए कार्रवाई की जा सकती है। अभी तक कर्मी व पदाधिकारी पर कार्रवाई नहीं किया जाना समझ से परे है। उन्होंने डीसी से दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

पाटन प्रखंड का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता : दीपक मिश्रा

पाटन पलामू। प्रखंड के नये सीओ व प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया । उन्होंने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी से पद भार ग्रहण किया । प्रखंडकर्मियों ने समारोह आयोजित कर स्थानांतरण होने पर निवर्तमान बीडीओ श्री तिवारी को गुलदस्ता व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड कर्मियों ने पूर्व बीडीओ के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर पूर्व बीडीओ ने कहा कि कर्मियों व जनता के द्वारा जो प्यार दिया गया है उसे भूला नहीं पायेंगे। इधर वर्तमान सीओ सह बीडीओ दीपक मिश्रा ने कहा कि जनता के समस्या का समाधान हर हाल में किया जायेगा। पाटन प्रखंड का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता होगी। कर्मियों के सहयोग से सभी कार्यों को समय से निष्पादन किया जायेगा। साथ ही सरकार द्वारा दिये गये लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जायेगा। मौके पर जेपीएस कामेश्वर मेहता, जमील अख्तर, अमित मिश्रा, सुशील कुमार सहित प्रखंड व अंचल के सभी पदाधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित थे।

सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता हुए सम्मानित

चैनपुर पलामू। राजकीयकृत मध्य विद्यालय लादी,चैनपुर के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता को उनकी यादगार सेवा के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षकों के एक समूह ने होटल में पार्टी आयोजित कर उन्हें शाल ओढ़ाया तथा पुष्प गुच्छ व माला के साथ सम्मान प्रकट किया। इस मौके पर शिक्षाविद् हरिशंकर मिश्र ने कहा कि सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता को विपरीत परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए याद किया जायेगा। उन्होंने एक प्रधानाध्यापक के दायित्वों को पूरी तरह से निभाया है जो अनुकरणीय है। शिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि सुरेन्द्र जी ने अपने कार्यों से हमारे बीच मिसाल कायम किया है। एक शिक्षक व प्रबंधक के रूप में उन्होंने बच्चों को गढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमारी शुभकामना है कि आगे वह आगे भी स्वस्थ व क्रियाशील रहें। इस मौके पर सेवानिवृत्त डीडीओ अशोक तिवारी, सदर डीडीओ वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी, विश्रामपुर डीडीओ विनय तिवारी, शिक्षक कामेश्वर राम व विजय कुमार ठाकुर ने भी उनके सेवाकाल को सफल व प्रेरक बताया।

अवैध शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

हरिहरगंज पलामू । पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर पिपरा थाना पुलिस के द्वारा अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पिपरा और सीमावर्ती बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के घने जंगलों के बीच दो अवैध शराब निर्माण भट्टियों को ध्वस्त किया गया । थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान आठ ड्राम में करीब चार क्विंटल जावा महुआ, निर्मित शराब के साथ ही कई उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया । उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा । छापेमारी अभियान में एसआई पिनियस मुंडा, एएसआई अनिल कुमार नायक सहित आईआरबी 3 व जिला सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे ।

भाजपा देश में फैला रही है नफरत लोकतंत्र खतरे में : धनंजय तिवारी

हुसैनाबाद पलामू। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी व प्रदेश के द्वारा अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हुसैनाबाद के लोकनायक जयप्रकाश चौक पर बीजेपी का पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम किया । कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष लल्लू प्रसाद सिंह एवं संचालन अवधबिहारी सिंह ने किया। जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के तहत केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल अभियान चलाया गया। मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है । चाहे सुरक्षा की बात हो चाहे रोजगार की बात हो, केंद्र की मोदी सरकार ने देश के युवाओं को वादा किया था की हर वर्ष युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाएगा, आज देश में महंगाई चरम सीमा पर। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी ने कहा की आज देश में नफरत का माहौल बना हुआ है, लोकतंत्र खतरे में है। 2014 में बीजेपी ने जनता से झूठी वादा कर सता में आई हैं तब से लोकलुभावन बाते कर देश मे नफरत बांट रही हैं ।

बिश्रामपुर में जनवितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम फेल

बिश्रामपुर (पलामू) । बिश्रामपुर प्रखंड में जन वितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। जिसके चलते जनवितरण प्रणाली के दुकानों तक न तो खाद्यान्न पहुंच रहा है और न ही कार्डधारियों के बीच वितरित हो पा रहा है। कई डीलर दो माह से और कई डीलर तीन माह से राशन का वितरण नही किए हैं। जबकि प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई का गोदाम खाद्यान्न के बोरों से लबालब भरा पड़ा है। लगातार तीन माह से राशन नहीं मिलने से जहां एक ओर लाभुक फाकाकस्सी में जी रहे हैं वही उनमें डोर स्टेप डिलीवरी ठेकेदार के खिलाफ रोष भी व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर प्रखंड में कुल 62 जनवितरण प्रणाली की दुकान है .गोदाम से दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाने का ठेका पाटन के शक्ति शंकर प्रसाद गुप्ता को मिला है। बिश्रामपुर में डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम के सफल संचालन हेतु काम से काम छः ट्रक का होना अनिवार्य है लेकिन ठेकेदार ने इस यहां मात्र एक मिनी ट्रक ही इस कार्य में लगाया है। वह भी काफी पुराना है।

अवैध गिट्टी लदा ट्रक जब्त

हरिहरगंज पलामू । पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की देर रात एक अवैध गिट्टी लदा ट्रक व एक ओवरलोड पत्थर लदा हाइवा जब्त किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।

वार्ड सदस्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

चैनपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत बसरिया कला पंचायत भवन मे गुरूवार को वार्ड सदस्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ । जिसमे बसरिया कला अवसाने व चांदो का वार्ड सदस्य प्रशिक्षण मे भाग लिया। मौके पर बीडीओ गिरवर मींज ने कहा कि वार्ड सदस्य अपना शक्ती व ताकत को पहचाने और बिना जानकारी लिए किसी भी योजना व रजिस्टर पर अपना उपस्थिती दर्ज नही करें। पुरी जानकारी होने के बाद ही उपस्थिती दर्ज करे ।

पांकी के विकास को लेकर हैं संकल्पित : शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

पांकी पलामू । पांकी विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास को ले संकल्पित हैं। विधानसभा क्षेत्र के एक एक व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास तेज है। क्षेत्र का विकास ही एकमात्र लक्ष्य है। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के तेतराइ पंचायत अंतर्गत तेतराई में तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे । विधायक डॉ मेहता ने कहा की चुनाव में किए गए एक एक वादा को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का काम कर रहा हूं। क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद से विधायक बना हूं। विधायक बनने के बाद कोरोना के प्रकोप से वर्षों अपेक्षित विकास कार्य संभव नही हो सका। कोरोना काल में भी हमने अपने जनप्रतिनिधि के उत्तरदायित्व को बखूबी निभाते हुए विधानसभा क्षेत्र के मजदूरों को जो देश के अलग अलग हिस्सों में फंस गए थे घर तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया है। इसके बाद जैसे ही सब कुछ ठीक होने लगा पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तेजी होती गई। विधायक डॉ मेहता ने कहा की मेरा प्रयास है की विकास के मामले में झारखंड प्रदेश में पांकी विधानसभा क्षेत्र सबसे आगे हो। उन्होंने कहा तेतराई पंचायत में तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास के निर्माण से पंचायत के लोगों को अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर समाजसेवी कमेश यादव, सुधीर तिवारी, चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, मिंटी कुमार, श्रीकांत सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे ।

मिस इंडिया सिमरन और सेफाली जरीवाला 18 व 19 को मेदिनीनगर में खेलेंगी डांडिया

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर । पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग के अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर 18 और 19 अक्टूबर को होने वाली डांडिया नाइट ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मिस इंडिया सिमरन आहूजा और शेफाली जरीवाला (कांटा लगा गर्ल) मुंबई से सबों के साथ डांडिया खेलने आ रही है। साथ ही अहमदाबाद के डांडिया डांसर ग्रुप एवं मुंबई के जाने-माने डीजे शिरकत करेगा। मौके पर चेंबर महिला अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि स्थान सीमित होने के चलते मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने के लिए प्रथम महापौर अरूणा शंकर एवं कार्यक्रम के स्पॉन्सर हेरीटेज टोयोटा ,प्रेमसंस मोटर, आनंद मोटर्स, मां शारदा टाटा मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई , रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल्स, पलामू स्वराज ट्रैक्टर्स, जॉनडियर ट्रैक्टर, अर्जुन ऑटोमोबाइल , रोटरी स्कूल ,रेशम डिजाइनर बुटीकस, ओसम डेयरी और लाइंस फेमिना को बधाई दी है । श्रीमती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सुरक्षा हेतु प्रशासन को लिख दिया गया है । कार्यक्रम के कुछ प्रवेश पत्र गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध है जिसे प्रवेश पत्र रहते तक प्राप्त किया जा सकता है।

माईस एवं क्रसर संचालकों को सुरक्षा प्रदान करें जिला प्रशासन : एसोसिएशन

चालान के फर्जीवाड़ा के विरूद्ध अभियान चलाने की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर । पलामू जिला माईंस एंड क्रसर एसोसिएशन ने जिले में संचालित सभी खदान व क्रसर संचालकों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि गुरूवारा को नौडीहा बाजार के झरहा में एक साजिश के तहत असमाजिक तत्वों ने माईंस संचालक पर हमला कर दिया था। अगर उनके द्वारा आत्मरक्षार्थ अपना लाईसेंसी हथियार नहीं निकाला जाता तो माईंस संचालक की हत्या तक हो सकती थी। जहां तक सड़क क्षतिग्रस्त होने की बात है तो उक्त स्थान पर पिछले छह वर्षों से माईंस का संचालन किया जा रहा है। सड़क मरम्मति व पानी छिड़काव के लिए संचालक द्वारा एक स्थानीय युवक की नियुक्ति की गई है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से कतिपय असमाजिक तत्वों द्वारा कोई ना कोई बहाना लगाकर कार्य को प्रभावित किया जा रहा है। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से इसकी जांच की मांग की है। बताया गया कि जिले के विकास में डीएमएफटी सहित अन्य फंडों से माईंस संचालक अपना योगदान दे रहे है। सरकारी राजस्व में भी इनका बड़ा योगदान रहता है। लेकिन कार्य को बंद कराकर सरकारी राजस्व को प्रभावित किया जा रहा है। वहीं एसोसिएशन ने जिले में फर्जी चालान पर खनिजों के परिवहन के मामले को गंभीरता से जिला है। अध्यक्ष सतीश तिवारी ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा उक्त फजीर्वाड़ा के विरूद्ध अभियान आरंभ कर इस कार्य में संलिप्त लोगों को चिन्हित करने किया जाएगा।

एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने निकाला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन काफी गंभीर है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जो अस्पताल चौक, सत्तार सेठ चौक, मुस्लिम नगर, धोबी मुहल्ला होते हुए छह मुहान समेत शहर के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए गुजरी। फ़्लैग मार्च में सशस्त्र बल के जवान एवं रैपिड एक्शन फोर्स के साथ अन्य जवान शामिल थे। शहर थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए पुलिस प्रयत्नशील है। फ्लैंग मार्च निकालकर लोगों में शांति का पैगाम देने का काम किया जा रहा है। वहीं असामाजिक तत्व एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने के लिए भी फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि शांति भंग करनेवाले असमाजिक तत्वों की हर गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। इसके लिए पुलिस काफी सतर्क है। पूजा के दौरान खुफिया विभाग को भी सतर्क किया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा सिविल में खुफिया तंत्र को लगाया गया है। ताक उपद्रवी व असमाजिक तत्व पुलिस के नजर से बच नहीं पायें। पूजा में शांति भंग करनेवाले या कहीं किसी प्रकार की घटना को अंजाम देनेवाले लोगों की अब खैर नहीं है। कारण कि पुलिस पूरी तरह से किसी भी होनी अनहोनी घटना दुर्घटना से निपटने को तैयार है। फ्लैग मार्च में साजेंट मेजर आशिष मोमित कुजूर, सार्जेंट निर्मल कुमार, मेरी खलको, पुलिस निरीक्षक कमलेश कुमार काफी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

निवर्तमान बीडीओ को दी गई सम्मान पूर्वक विदाई

नौडीहा बजार पलामू। प्रखंड कार्यालय में आज विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसके अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी जय गोबिंद कुमार ने किया जबकि संचालन में सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव ने किया इस मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा कि नौडीहा बजार प्रखंड के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल ने आज इस प्रखंड कार्यालय में अपने सेवा के दौरान यहां के जनता से इतना लगाव कर चुके थे कि लगा हि नहीं कि यहां पर कोई पदाधिकारी है वे सब से बात करते हैं और तुरंत उनके काम के निशपादन किया करते थे और जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच हमेशा लगाव रखते थे चाहे आपिस के समय हो या फिर ऐसे भी मिलकर कोई समस्या रहता तो निसंदेह उनके काम किया करते थे वहीं जितेन्द्र कुमार मंडल ने कहा मुझे यहां पर लगभग दो साल काम करने का मौका मिला मगर यहां के लोग काफी अच्छे और अपने घर परिवार के तरह मुझे मान सम्मान दिया करते थे हमे लगता हि नहि था कि हम यहां पर नौकरी कर रहे हैं एक परिवार के तरह इस प्रखंड के जनता और जनप्रतिनिधियों एवं नेता लोग से मुझे जुडाव हो गया था जिसके कारण नौडीहा बजार प्रखंड कार्यालय जिला प्रशासन के नजर में हर मामले आगे रहता था और काम भी करने में मन लगता था सरकारी नौकरी मेयह आम प्रकिया होता है सरकार के नियमों आना जाना लगा रहता है।

खबर एक नजर में

मोदी सरकार ने वीर शहीदों को दिया उचित सम्मान : रामचंद्र चंद्रवंशी

बिश्रामपुर (पलामू) । नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित वार्ड भवन मे मेरा माटी मेरा देश के तहत भाजपा ने शुक्रवार को कलश संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे विश्रामपुर नगर और ग्रामीण मंडल से संग्रहित मिट्टी से भरे कलश का संग्रह किया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए केंद्र की मोदी सरकार शहीदों को उचित सम्मान दे रही है। उन्होंने कार्यकताओं को हर सुख दुख में सहयोग का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादाव,देवनारायण सिंह,मनीष कुमार,संजय शाह,संजय ठाकुर, किरण शर्मा,अर्चना देवी,राधा कृष्ण साव,रामानन्द तिवारी, नरसिंह चौबे,सत्यनारायण सोनी,बेबी देवी,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,किरण देवी, संगीता देवी,गुड्डी देवी,मीरा देवी,विश्वनाथ विश्वकर्मा,कृष्णा प्रसाद गुप्ता,भिखारी साहू,गिरधारी साह, सच्चिदानंद मेहता,धर्मेंद्र कुमार,उपेंद्र तिवारी,श्याम नारायण राम,रामचंद्र तिवारी,सुदामा यादव,देवनाथ यादव,मीना देवी,राजीव कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

शांति भंग करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे : बीडीओ

मनातू पलामू। मनातू थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी बिनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में अंचल पदाधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी कमलेश कुमार एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के अलावे दोनों समुदाय के लोग शामिल थे। मौके पर बीडीओ बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांति भंग करनेवाले बश्खे नहीं जायेंगे। प्रशासन काफी गंभीर है। उन्होंने प्रखंडवासियों से अपील करते हुए कहा कि अफवाह पर ध्यान नहीं दें और न ही अफवाह फैलायें। असमाजिक तत्वों को चिंहित कर प्रशासन को सूचना दें। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान पंचायत स्तर पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी। वहीं दूसरी ओर गांव स्तर पर होनेवाले पूजा में भी पुलिस गश्ती बढ़ाई जायेगी।

सतबरवा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

सतबरवा पलामू। दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने किया जबकि संचालन थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने की। मौके पर मेघराज नागा ने बीडीओ से अपील करते हुए कहा कि सतबरवा में पानी का पाईप बिछाने को लेकर संवेदक के द्वारा पूरे सतबरवा का पीसीसी सड़क को तोड दिया गया है। सड़क टूटने के कारण सड़क उबड़खाबड़ हो गया है जिससे पूजा के दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।अगर रोड़ को समतल करा दिया जाता तो पूजा में लोगों को सुविधा मिलती। बीडीओ ने इस पर एक आवेदन देने को कहा। वहीबीडीओ व थाना प्रभारी ने पूजा कमिटी के लोगों से दुर्गा पूजा के जुलूस निकलने की जानकारी ली तथा असुविधा के बारे में भी जानकारी लिया। उपस्थित लोगों ने पूरे सतबरवा थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के रूट, समय के बारे में बताया। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होंने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं।

वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात

मेदिनीनगर। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष बिपिन यादव के नेतृत्व में सत्र 18-21 एवम 19- 22 की जेनेरिक पेपर की परीक्षा की समस्या को लेकर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात की। बताते चलें की सत्र 18-21 और सत्र 19-22 के जेनेरिक पेपर की परीक्षा नहीं आयोजित की गई है। जिससे संबंधित विद्यार्थियों को समस्याएं हो रहीं थी। बिपिन यादव ने परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक को विद्यार्थी की समस्याओं से अवगत कराया और कहा की यथासंभव जल्द से जल्द इनकी परीक्षा आयोजित की जाए। ये परीक्षा नहीं होने के कारण कई छात्र परेशान है। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को परेशान ना करें नहीं तो हमारा संगठन आगे आंदोलन को विवश होगा। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के समन्वय ना मिल पाने के कारण छात्र - छात्राओं को हमेशा से परेशानी होती रही है। इस पर अंकुश लगाने की अत्यंत आवश्यकता है। विश्वविद्यालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए को परीक्षाएं उचित समय पर आयोजित हो। जिस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा की हम जल्द से जल्द इस परिक्षा को आयोजित करेंगे। मौके पर आनंद, श्रीकांत, ऋषभ, बिक्रम, छोटे लाल, आदि मौजूद थे।

न्यास बोर्ड से मन्दिर का विकास व संरक्षण में मिलेगा लाभ : विवेकानंद

हैदरनगर पलामू। अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर देवी शक्ति पीठ धाम को विकसित करने एवं रख रखाव संरक्षण हेतु झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड ने एक 11सदस्यीय समिति का गठन किया हैं । यह समिति के गठन राज्य सरकार हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी के द्वारा किया गया हैं । जिन्हें एक पत्र जारी करते हुए 11 सदस्यीय न्यास समिति में अध्यक्ष गुरु प्रताप शाहिदेव एवं उपाध्यक्ष विवेकानन्द सिंह को बनाया हैं। वही सचिव रामाश्रय सिंह , कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह को बनाया गया हैं । मंदिर समिति के सदस्यों में, सतेंद्र दुबे, विपिन बिहारी दुबे, कृष्णा प्रसाद गुप्ता अशोक चंद्रवंशी, धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह, संतोष कुमार सिंह को बनाया हैं। इधर पलामू जिला के झामुमो युवा नेता सह संगठन सचिव एवं मन्दिर समिति के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि हेमंत सरकार एवं न्यास बोर्ड के द्वारा इस मंदिर के सारि अहर्ता को पूर्ण करते हुए सरकार के न्यास बोर्ड में पंजीकरण कर लिया गया हैं । विदित हो कि हैदरनगर शक्ति पीठ धाम में शरदीय नवरात्र और चैती नवरात्र में काफी भव्य मेला लगता हैं जिसे आस्था का भूत मेला के नाम से प्रसिद्ध हैं ।

जिला बनने की सारी अहर्ताएं पूरी करता है छतरपुर सरकार जिला बनाने की करे पहल : अरविंद

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। छतरपुर को जिला बनाने की मांग छतरपुर अनुमंडल के इलाके में तेज हो गयी है। इलाके के नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नावा बाजार, पांडु, लठेया, सुल्तानी के लोगों में जिला बनाने को लेकर गजब का उत्साह है। इसे लेकर छतरपुर इलाके के युवा भी काफी सक्रिय हैं। अनुमंडल स्तर पर जिला बनाने के ऑपरेशन को गति देने के लिए छतरपुर को जिला बनाओ अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान के संस्थापक अरविन्द गुप्ता चुनमून ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम हेमन्त सोरेन के नाम छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि अनुमंडल गठन के तीन दशक बाद छतरपुर को अहर्ता पूर्ण करने पर जिला बनाने की हमारी जायज मांग है। हमारी मांग है कि राज्य सरकार सभी अहताएं पूरी करने वाले छतरपुर अनुमंडल को अलग जिला बनाए। छतरपुर को जिला बनने से हरिहरगंज, सुल्तानी, नौडिहा बाजार, सरैडीह, डगरा, पिपरा, लठेया, पांडू, नावा बाजार, सरैडीह, हुसैनाबाद के लोगों की परेशानी कम हो जाएगी और काम भी आसान हो जाएगा। लोग अपने महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अनुमंडल मुख्यालय से 50 किमी की दूरी होने के कारण लोग मेदिनीनगर जाने से अत्यंत परेशान हो जाते हैं। आपको बताते चलें कि इलाके के सभी प्रखण्ड के केंद्र बिंदु में छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय है। यहां से गुजरने वाली फोरलेन हाइवे इसके महत्व को और भी बढ़ाता है। ट्रांसपोर्टिंग और जनसंख्या के दृष्टिकोण से भी छतरपुर का इलाका जिला बनने को लेकर महत्वपूर्ण हो जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर राज्य सरकार ने छतरपुर को जिला बनाने की पहल नहीं कि तो इलाके के लोग अनिश्चतकालीन आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

हिन्डालको ने पूनर्वासित कालोनी चंदन नगर में लगाया दो जलमीनार

क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकता : अरूप

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू । हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के पूनर्वासित कालोनी चंदन नगर में कालोनी वासियों के मांग पर कंपनी द्वारा अपने सीएसआर मद से दो जलमीनार लगाया गया। इसका उदघाटन माइंस के यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी, जमीन विभाग के हेड चेतलाल विश्वकर्मा, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा माइंस क्षेत्र के परिधि में आने वाले ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति कंपनी हमेशा सजग व संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। कालोनी वासियों का कालोनी में जलमीनार लगाने का डिमांड किया गया था,जिसके बाद कंपनी द्वारा दो जलमीनार लगाया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति हमेशा सजगता के साथ काम करतीं हैं।
आज इसी का प्रतिफल है कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत के अलावा विदेशों में भी सफलतापूर्वक काम कर रही है। समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने कहा चंदन नगर में दो जलमीनार लगाकर कंपनी ने सराहनीय कार्य किया है।
उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से इसी तरह ग्रामीणों के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुरा करने का आग्रह किया ताकि इलाके में विकास का बेहतर माहौल कायम हो सकें। इस मौके पर सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, जयंत शुक्ला, महेंद्र पासवान,बेलाल खां, ललन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

सरकारी जमीन की लूट पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ब्रेक लगा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुनाते हुए सभी पक्षकारो को नोटिस भेजते हुए। एक्सेक्यूशन सहित इस मामले में हाई कोर्ट, रांची सहित अभी तक पारित सभी अदालतों के निर्णयों पर रोक लगा दिया है। बहस के क्रम में झारखण्ड सरकार के अधिवक्ता राजीव द्विवेदी ने बहस किया तथा झारखण्ड सरकार ने अपना दावा पुरे 85 एकड़ पर किया है। सरकार द्वारा 11.92 एकड़ आवंटन मिलने के बाद असर्फी हॉस्पिटल ने कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कर दिया है और विधिवत ईलाज भी अप्रैल माह से चालू कर दिया गया है। उक्त बातें असर्फी संस्थान के सी ई ओ हरेंद्र सिंह ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दी है। उन्होंने कहा कि कैंसर के इलाज में होने वाली बाधाएं अब समाप्त हो गईं हैं। रेडिएशन के लिए आयातित मशीने लीनियर एक्सेलेटर एवं पेट सिटी का भी लगाया जा चूका है। एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बॉडी, मुंबई से रेडिएशन के डाटा को अध्ययन करने के उपरांत जब मशीन को मरीजों पर इस्तेमाल के लिए स्वीकृति दी जाएगी तब इन

मशीनो पर मरीजों का ईलाज भी शुरू कर दिया जायेगा। डॉ विप्लव मिश्रा, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ रमेश कुमार, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं डॉ शिवजी बासु, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट हैं जो अपनी पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा रेडिएशन सेफ्टी अफसर एवं अन्य विशेषज्ञ उपलब्ध भी हैं। उन्होंने यह भी कहा की असर्फी कैंसर संस्थान झारखण्ड का तीसरा हॉस्पिटल हैं, जहाँ कैंसर से सम्बंधित सभी ईलाज संभव है। इस हॉस्पिटल के होने से धनबाद एवं आसपास के लगभग 2 करोड़ लोगों के लाभान्वित होने की संभावना है। असर्फी हॉस्पिटल के प्रयासों से अब यहाँ मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, मैमोग्राफी एवं अन्य सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज संभव हो गया है। उन्होंने कहा कि इस विवादित जमीन के लिए तीन-तीन टाइटल सूट जिसका नंबर 76/2006, 92/2010 और 210/2015 है, चल रहा है और लंबित है। सरकार के सही समय पर कदम उठाने के कारण फर्जी कागजातों के आधार पर अदालतों की आँखों में धूल झोंककर मूल्यवान सरकारी जमीन के लूट पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ब्रेक लग गया है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले के मूल तक जायेगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए न्याय सुनिश्चित करने का काम करेगा।

स्पीड न्यूज

महिला पर हुए अत्याचार पर मासस का सांकेतिक प्रदर्शन

कुमारधुबी। बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना में महिला पर हुए अत्याचार को लेकर मासस के बैनर तले सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। वही परियोजना विस्तारीकरण के दौरान शेख अब्दुल और संजय मांझी के मकान नष्ट हो गया था। लगभग 3 साल आंदोलन के बाद भी अब तक उन लोगों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। अतः प्रबंधन जल्द उन लोगों को उचित मुआवजा दे। वही अधिकारी सुब्रतो मंडल ने आश्वासन दिया कल 10:00 बजे परियोजना पदाधिकारी के मौजूदगी में वार्ता किया जाएगा।

टासरा ओसीपी को लेकर उपायुक्त की बैठक

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय के सभा कक्ष में टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट को लेकर स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि परियोजना में सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन कर सारी प्रक्रिया का पालन करें। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, सेल के महाप्रबंधक तकनीकी सेवा सिबरम बनर्जी, डीजीएम पंकज कुमार मंडल व अन्य लोग मौजूद थे।

अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें

धनबाद। अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, राशन कटौती, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन, काम कराकर वेतन नही देने के मामले, रास्ता रोकने के मामले, सीआरपी चयन से संबंधित मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

दिल्ली ले जाने हेतु अमृत कलश में भरा गया मिट्टी

पूर्वी टुंडी। पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत गांव पंडुवा स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी पंचायत से संग्रहित की गई मिट्टी को दिल्ली ले जाने हेतु अमृत कलश में भरा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टुंडी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी रहे विक्रम पांडे ने अमृत कलश जिला महामंत्री दिनेश सिंह को अपने हाथों से सोप दिया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण विक्रम पांडे ने दिया।

आपसी झगड़े को राजनीतिक रूप देने की कोशिशः धनसार पूजा कमेटी

धनबाद। जो भी घटना पिछले दिनों सामने आई है, उसकी पूजा कमेटी धनसार कड़ी निंदा करती है। और इस घटना से कमेटी भी दुखी है, पर जो भी पक्ष प्रिंट मीडिया या अखबार में दिया जा रहा है। वह एकतरफा है। जिससे धनसार कमेटी का नाम धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, एवं धनसार क्षेत्र में पूजा खराब करने की भी आशंका है।

राजकमल की छात्रा पलक व आचार्य पप्पू को झारखंड सरकार ने किया सम्मानित

धनबाद। 12 अक्टूबर 2023 को झारखंड सरकार द्वारा खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों का सम्मान राशि वितरण समारोह का शानदार आयोजन टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गाँव रांची में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजूल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, खेल निदेशक, पूर्व ओलंपियनस ने सभी को सम्मानित किया।खेलो इंडिया युथ गेम्स, मंडला मध्य प्रदेश मे झारखंड के लिए कास्य पदक जीतने वाली गतका खिलाड़ी पलक परमा व कोच पप्पू कुमार को 50 -50 हजार रूपए का नगद इनाम दिया गया। प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि इस तरह पुरस्कृत होने से अन्य बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

कसमार के पत्रकार को मातृ शोक

बोकारो/कसमार। कसमार के पत्रकार संजय स्वर्णकार की माताजी कमली देवी 70 वर्ष के निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक बबीता देवी ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उनके निधन पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी प्रमुख नियोति कुमारी थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेय जिप सदस्य अमरदीप महाराज उप प्रमुख संजू देवी मुखिया अमरेश कुमार महतो चन्द्रशेखर हेम्ब्रम चन्द्रशेखर नायक राजेन्द्र प्रसाद महतो ममता देवी सरिता देवी बबिता देवी पत्रकार रमेश चंचल शेखर शरदएन्दउ दीपक सवाल हेमंत महतो अशोक महतो विकास गोस्वामी पंसस इन्द्रजीत पाण्डेय रवि कुमार 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम समाजसेवी कृष्ण मुरारी चौबे शिशुपाल महतो ईश्वर रजक भुनेश्वर महतो आदि ने शोक जताया है।

सीसीएल सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई बढ़ी

बेरमो /कथारा। शुक्रवार को अहले सुबह सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र व स्वांग सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम ने स्वांग कोलियरी मे कोयला चोरो के विरुद्ध बड़ी कारवाई करते हुए 12 मोटरसाइकिल, 10 साइकिल और लगभग 8 टन अवैध कोयला जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह सुबह क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में रात्री गश्ती दल एंव स्वांग गश्ती दल की संयुक्त टीम ने स्वांग कोलियरी मे कोयला चोरो के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया।

cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

गिरिडीह सांसद ने कसमार के फार्मटांड़ में किया शेड का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/ कसमार। कसमार प्रखंड मुख्यालय के निकट चट्टी स्थित फार्मटांड़ परिसर में डीएमएफटी मद से स्वीकृत शेड निर्माण का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया। शेड निर्माण की कुल लागत लगभग 19 लाख होगी। शिलान्यास के दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि कसमार पेटरवार गोमिया तथा जरीडीह समेत कई प्रखंडों में सर्वांगीण विकास कार्य की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के अनुसार विकास कराए जा रहेहै।

सांसद ने यह भी कहा कि विकास कार्य को अमली जामा देने में किसी प्रकार की कोताही नहीं हो रही है। कहा कि जल्द ही और कई बड़ी योजनाओं का सौगात कसमार को देने का काम करेंगे। मौके पर रामगढ़ जिप सदस्य धनेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि राजु महतो रितेश कुमार अनुप कुमार संवेदक अभय कपूर मुकेश ओझा राजु सहाय पिंटु रवानी कसमार पंसस के प्रतिनिधि सपन सिंह पूर्व पंसस संतोष महतो महादेव सिंह हैप्पी कुमार लक्ष्मण कुमार अजीत महतो मनोज महतो शम्भु जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

अधिकारियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

बोकारो। समाहरणालय सभागार में जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री जी. अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत अपर समाहर्ता मेनका मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार समेत सभी बीडीओ सीओ एवं थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

खिलाड़ियों को सुविधा देने की मांग की

धनबाद। विगत एक दिन पूर्व गुरुवार को रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने झारखंड झामुमो के खेल मंत्री हफीजुल हसन से मंत्री आवास रांची में मिलकर आगामी राजनीतिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया। मंत्री हफीजुल हसन ने आश्वासन दिया कि हम हरसंभव अपने कार्यकताओं के लिए तातपर्य रहेंगे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड,राँची
झारखण्ड एग्रीकल्चर एण्ड सोएल मैनेजमेंट इन्स्टीच्यूट (जैसमीन)
कार्यालय–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जैसमीन,झारखण्ड,राँची
चतुर्थ तल्ला रूम नं0–405 कृषि भवन,काँके रोड,राँची,
ई–मेल–ceojasmin@gmail.com

TENDER NO. JASMIN 01/2023-24

1	Name of Work	Tender to provide man power & security guard at JASMIN office and concerned centers at Ranchi & Hazaribagh.
2	Tender Documents Cost	Rs.10,000.00 (Rupees Ten Thousand Only)
3	EMD Amount	Rs.5,00,000.00(Rupees Five Lakh Only)
4	Date of Publication of Tender on website	12/10/2023 at 11:00AM
5	Tender Downloading Start Date	12/10/2023 (11:00AM)
6	Online tender Submission Period	12/10/2023 (11:00AM) to 31/10/2023 (03:00PM)
7	Last date for submission of hard copy of Tender document, Tender cost and EMD	01/11/2023 (05:00PM)
8	Tender Opening Date of Technical bid and place	03/11/2023(02:00PM) JASMIN, 4th Floor, R.No.405, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 (JHARKHAND)
9	Name & Address of the Tender Inviting Authority	CEO, JASMIN, 4th Floor, R.No.405, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 (JHARKHAND)
10	Period of Supply	One year and extendable upto period of further 02 years on yearly basis.

Further Details can be seen on website-**http://jharkhandtenders.gov.in**
Sd/-
CEO, Jasmin
Jharkhand, Ranchi
PR 309078 Agriculture(23-24).D

जन कल्याण व विकास कार्यों के लिए कार्यपालक को सौंपा पत्र

कुमारधुबी। चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में जनहित कल्याण और विकास कार्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आज शुक्रवार को चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान से मिले और क्षेत्र की जनहित की समस्याओं से संबंधित विषय पर वार्ता को रखते हुए माननीय सांसद पशुपतिनाथ सिंह धनबाद लोकसभा द्वारा लिखा गया जनकल्याण विकास कार्य से संबंधित पत्र कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें चिरकुंडा को अंधेरा से निकालने के लिए लाईटों की मरम्मत , डेंगू से बचाव हेतु फागिंग मशीन का छिड़काव , ई ई एस एल कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही , साथ में दो और नगर प्रबंधकों की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य विकास कार्यों के संबंध में वार्ता की गई।

धनबाद के भौरा में दिखा फिल्म शोले का दृश्य, युवक टावर पर चढ़ा

पुलिस के आश्वासन के बाद नीचे उतरा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। कहते हैं न अपनी बात का लोहा मनवाना है तो किसी भी हद के पार जाना होगा। धनबाद के भौरा में भी एक युवक ने अपनी बात मनवाने के लिए कुछ ऐसा कर डाला जिसे देख सभी चौक गए। वहां उपस्थित लोगों को फिल्म शोले का वह दृश्य याद आ गया जिसमें नायक धर्मेंद्र कुमार अपनी बात मनवाने के लिए जल मीनार पर चढ़ गए थे। यहां यह युवक का टावर पर चढ़ने का मकसद इतना ही था कि उसे बीसीसीएल क्वार्टर आवंटित हो जाय। बताया जा रहा है कि युवक जब बीएसएनएल की टावर पर चढ़ रहा था तो लोगों को लगा कोई कर्मी किसी काम से टावर की चढ़ाई कर रहा है। लोगों को उसके मकसद की बात तब

पता चली जब उसने जोर जोर की आवाज लगाते यह कहने लगा कि उसे क्वार्टर चाहिए। क्वार्टर आवंटित जबतक नही हो जाता वह टावर से नीचे नही आएगा। यह सुनने के बाद लोग जहां खड़े थे वही खड़े होकर इस सरफिरे युवक की कारस्तानी देखने लगे। धीरे - धीरे लोगों की भारी भीड़ जुट गई. सूचना पाकर भौरा थाना की पुलिस भी आ पहुंची। वहां मौजूद लोग तथा पुलिस भी युवक से नीचे उतरने की याचना करने लगे पर युवक अपनी मांगों पर अड़ा था। इस सरफिरे युवक की नौटंकी घंटों चली। आखिरकार पुलिस के आश्वासन पर युवक टावर से नीचे उतर आया।

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 1513/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 07/10/2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा लादी, थाना नं0 53, राजस्व थाना पतरातू अंचल पतरातू, जिला रामगढ** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)–पाली–सांकी–चटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा लादी, थाना नं0 53, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.5395** एकड़ यानि 0.21832 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	33	44	रैयत	टांड–II	0.0104	पुरन पाहन वगै0 साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 15	प्लॉट नं0 47	प्लॉट नं0 15	मतकमा
2	22	45	रैयत	टांड–I	0.0613	जगेश्वर महतो वगै0, टिकु महतो वगै0, सोहर महतो वगै0 साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 43	प्लॉट नं0 48	प्लॉट नं0 37	प्लॉट नं0 46
3	22	37	रैयत	टांड–II	0.1482	जगेश्वर महतो वगै0, टिकु महतो वगै0, सोहर महतो वगै0 साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 38	प्लॉट नं0 36	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 45
4	09	36	रैयत	टांड–II	0.0336	1. जवाहर महतो वो अशोक गोप वो हरि गोप वो बालदेव गोप, पिता शंकर गोप, साकिन–लादी। 2. बिरन प्रजापति पिता बंधन प्रजापति, साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 37	प्लॉट नं0 35	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 45
5	22	35	रैयत	टांड–I	0.0106	चमन महतो पिता जयलाल महतो साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 36	प्लॉट नं0 51	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 49
6	01	34	रैयत	टांड–II	0.0175	1. सहजु राम, 2. पुरन राम, 3. साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 22	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 33	प्लॉट नं0 63
7	13	51	रैयत	टांड–I	0.0511	1. तिलेश्वर महतो पिता काशीनाथ महतो, साकिन–लादी। 2. राजेन्द्र महतो वो धनेश्वर महतो पिता स्व0 काशीनाथ महतो, साकिन–लादी। 3. बंधन महतो वो अजय महतो पिता स्व0 टेकलाल महतो, साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 35	प्लॉट नं0 54	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 52
8	11	54	रैयत	टांड–II	0.0020	परमेश्वर ठाकुर वगै0 साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 51	प्लॉट नं0 55	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 48
9	08	71	रैयत	टांड–II	0.0279	1. बलराम महतो पिता कमल महतो, साकिन–लादी। 2. मनोहर महतो पिता तिलकनाथ महतो, साकिन–लादी। 3. जागेश्वर महतो वगै0 पिता रामसेवक महतो साकिन–लादी। 4. राधो प्रजापति पिता पारसनाथ प्रजापति साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 63	प्लॉट नं0 70	प्लॉट नं0 73	प्लॉट नं0 63
10	35	70	रैयत	टांड–II	0.0707	पालेश्वर महतो, शंकर महतो, धनश्याम महतो पिता उगन महतो साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 73	प्लॉट नं0 67	प्लॉट नं0 69	प्लॉट नं0 63
11	8	69	रैयत	टांड–II	0.0447	मनोज लाल पिता गिरधारी लाल साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 72	प्लॉट नं0 68	प्लॉट नं0 75	प्लॉट नं0 70
12	8	75	रैयत	टांड–II	0.0615	1. अनिरूद्ध महतो पिता मधुर महतो साकिन–लादी। 2. नेमधारी महतो पिता तिरथनाथ महतो साकिन–चिकोर। 3. अमरनाथ महतो पिता रामेश्वर महतो साकिन–चिकोर। 4. अरूण कुमार यादव वगै0 साकिन–लादी।	प्लॉट नं0 74	प्लॉट नं0 66	चिकोर	प्लॉट नं0 67
			कुल रकबा		0.5395					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह०/– कानूनगो, रामगढ़। ह०/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह०/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह०/– उपायुक्त, रामगढ़।
PR309109 (Land Reforms)23-24*D

शांति समिति की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डीडीसी कीर्ति श्री जी एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एडीसी मेनका मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि जिले में बड़े छोटे लगभग 330 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की इस बार भारी भीड़

देखने को मिल सकती है इसलिए अलर्ट मोड में रहते हुए छोटी बड़ी सभी बातों पर ध्यान रखना होगा। संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के पूजा समितियों को इससे अवगत कराएंगे कि उन्हें अस्थायी विद्युत कनेक्शन संबंधित विभाग से प्राप्त करना है। साथ ही विद्युत विभाग व अग्निशमन विभाग से एनओसी भी लेना है। विसर्जन का रूट पारंपरिक ही रहेगा। रूट में कोई बदलाव नहीं होगा। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने एसडीपीओ एसडीओ थाना प्रभारी बीडीओ सीओ को आपस में समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा तथा रावण दहन संपन्न कराने को लेकर दिशा निर्देश दिया।

अंकित नई दिल्ली में हुए सम्मानित

धनबाद। समाजसेवा में धनबाद ही झारखंड में एक चर्चित चेहरा अंकित राजगढ़िया आज दिल्ली में आपदा फरिश्ता सम्मान से नवाजे गए यह सम्मान उन्हे विशेष कर सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए मिला। समारोह के मुख्य अतिथि शिव कृति सिंह पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय। पूर्व मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद एवं बिहार उच्च न्यायालय।

सिंदरी के 500 परिवारों को 5वें दिन भी नहीं मिला सप्लाई का पानी

केबल बिछाने में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, घरों में नहीं पहुंचा पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी में इन दिनों मोबाइल कंपनी का टावर कनेक्शन करने के लिए जमीन में गड्ढा खोदकर केबल का जाल बिछाया जा रहा है। यह काम निजी कंपनी माला इंडिकॉम को सौंपा गया है।

कंपनी एफसीआईएल आवासों का बिना ब्लूप्रिंट देखे काम करा रही है। गड्ढा खोदने के दौरान शुक्रवार की सुबह गुरुद्वारा एसएलटू मुख्य मार्ग के समीप आवास संख्या के वन 102 के बगल में वाटर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे हजारों

गैलन पानी यूं ही बर्बाद हो गया और क्षेत्र के लगभग 500 परिवारों को पानी के लिए पांचवें दिन भी तरसना पड़ा। इलाके में रहनेवाले लोगों ने बताया कि कंपनी बिना किसी सुपरवाइजर के टेक्निकल काम करा रही है। उसके पास एफसीआईएल आवासों का ब्लूप्रिंट भी नहीं है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से लोगों को 5 दिनों के बाद सप्लाई हो रहा पानी भी शुक्रवार को घरों में नहीं पहुंच सका। शारदीय नवरात्र शुरू होने से दो दिन पहले पानी नहीं मिलने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बताते चलें कि पिछले 5 दिनों से पाइपलाइन में रिपेयरिंग का काम होने के कारण पूरे सिंदरी में जलापूर्ति बाधित थी। शुक्रवार की सुबह इसे शुरू किया गया था। इस संबंध में पूछे जाने पर एफसीआईएल सिंदरी के भू-संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने बताया कि क्षरतिग्रस्त पाइप को ठीक किया जा रहा है। जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

खबर मन्त्र

रांची.शनिवार.14 अक्टूबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper. khabarmantra.net

युद्ध का असर

आ ने वाले वर्ष यानी 2024 के मध्य तक या उससे आगे भी राजनीतिक और भूराजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों के सामान्य आर्थिक विचारों पर हावी रहेंगी। वैश्विक वित्तीय बाजार भी इजरायल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष के कारण अप्रत्याशित अस्थिरता के दौर के लिए तैयार हैं।इसके चलते ईंधन आपूर्ति को लेकर नए सिरे से आशंकाएं उत्पन्न हो गई हैं और यह बात पहले ही मुश्किल से जूझ रही विश्व अर्थव्यवस्था में गतिविधियों को नए सिरे से प्रभावित करेगी। जहां तक भारत की बात है तो घरेलू राजनीतिक अनिश्चितताएं भी रुझानों में तेज बदलाव की वजह बन सकती हैं।आगामी त्योहारी मौसम में हो सकता है कि उपभोक्ताओं के रुझान में सुधार हो या शायद न भी हो। दूसरी तिमाही में कॉर्पोरेट जगत के प्रदर्शन में नजर आ रहे रुझानों का भी सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाएगा। इन मोर्चों पर जो भी चिंताएं हैं उनका रुझानों पर गहरा असर होगा। इजरायल-हमास संघर्ष के कारण कच्चे तेल और गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं जबकि यूक्रेन युद्ध ने धातु बाजार को प्रभावित करना जारी रखा है। इस युद्ध की वजह से वैश्विक खाद्य बाजार में भी तंगी के हालात बने हुए हैं। इन बातों के बीच चीन में वृद्धि दर धीमी हो रही है तथा वहां अचल संपत्ति और विनिर्माण क्षेत्र गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। युद्ध का असर होना तय है और यह तेल से आंरभ होकर खाद्य सुरक्षा तक जायेगा। जिस प्रकार यूक्रेन वॉर से पूरे विश्व में गेंहू की कमी हो गयी वैसा सीधे तौर पर भले न हो लेकिन मूल्यों का नियंत्रण एक कठिन कार्य होगा। देश की आबादी के लिये पहली प्राथमिकता भोजन ही है। यह सरकार की वित्तीय अनिश्चितताओं से यह बुरी तरह प्रभावित होता है।

एक बड़ा दांव

दे श में लोकसभा चुनाव के पहले तीसरी बार सत्ता के लिये मैदान में उतरे राजग के विजय रथ को रोकने के लिये विपक्ष बड़ा दांव चल चुका है। अब नीतीश सरकार की पहल की तर्ज पर दूसरे राज्यों में जातीय गणना की मांग की जा रही है। देश में नब्बे साल बाद हुई जाति आधारित गणना के परिणाम आशा के अनुरूप ही हैं, जिसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी भागीदारी के चलते बिहार का सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है। इसके बाद पिछड़ा वर्ग 27.13 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर है। जाहिर है ये बड़ा वोट बैंक चुनाव परिणामों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। दूसरे शब्दों में नीतीश कुमार ने भाजपा की वैचारिक राजनीति के मुकाबले के लिये पहचान की राजनीति का जाति कार्ड खेलने का प्रयास शुरू कर दिया है। एक बार फिर मंडल बनाम कमंडल की तर्ज पर राजनीतिक मंच की तैयारी शुरू हो गई है। भले ही सुप्रीम कोर्ट 6 अक्तूबर को बिहार में जातिगत सर्वेक्षण को मंजूरी देने वाले पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, लेकिन इस जाति आधारित जनगणना ने देश में एक नया राजनीतिक विमर्श तो पैदा कर ही दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी उप-कोटा की वकालत की थी। साथ ही महिलाओं को उनकी आबादी के हिसाब से उचित अधिकार देने हेतु जाति-आधारित जनगणना की जरूरत बतायी थी। जिसके जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों का है, उनके पास सबसे बड़ी आबादी है। बहरहाल, विभिन्न जातियों के लिये आबादी के हिसाब से कोटा संशोधन की मांग उठने लगी है।

नागरिकों के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता

इजरायल में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के लिये ऑपरेशन 'अजय' हम सभी के सामने है। केंद्र की मोदी सरकार यह कार्य ऐसे संकटकालीन समय में कर रही है जब हमास के आतंकवादियों ने इजरायल में घुस कर आम नागरिकों, यहां तक कि बच्चों को भी हैवानियत के साथ कत्ल किया है।

देखा जाए तो इजरायल में करीब 18 हजार भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं। यहां रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने का सिलसिला मोदी सरकार ने शुरू किया है। मौजूदा हालत में भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी हुए हैं और भारतीय नागरिकों का भारत लौटना भी शुरू हो गया है। भारत लौटने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही है, जैसे कि अब वे सभी चिंताओं से मुक्त हो गए हैं । लैंड होते ही यात्रियों ने भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के भी नारे भी लगाए।

भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल एवं अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किए जाने के लिए हर्षित हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने यह स्पष्ट कहा भी है, "हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, प्रधानमंत्री उनकी सुरक्षा के लिए, उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" वे यहां तक कहते हैं कि हम विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, विदेश मंत्रालय की टीम, एयर इंडिया के चालक दल के भी आभारी हैं जिन्होंने हमारे बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ घर वापस लाया और उनके प्रियजनों के पास वापस पहुंचाया।

भारत ने हमेशा अपने एक-एक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यूक्रेन-रूस युद्ध के समय भी हमने देखा, वॉर छिड़ने के तुरंत बाद, पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन गंगा' नामक एक बहु-आयामी निकासी अभियान शुरू किया था । यूक्रेन में कीव, ल्वीव, चेर्निट्सि से भारतीयों का आना आरंभ हुआ, फिर इस निकासी प्रक्रिया को तेज करने के लिए, विदेश मंत्रालय ने पोलैंड में वॉरसा, शेहिनी-मेडिका और क्राकोविएक सीमा पार, हंगरी में जाहोनी, किप टायसा सीमा पार, स्लोवाक गणराज्य में विस्ने नेमेके सीमा पार और रोमानिया में सुसेवा सीमा पार पर अपनी टीमें तैनात कर दी थीं, ताकि किसी भी भारतीय को स्वदेश लाने में कोई दिक्कत न आए।



-डॉ मयंक

संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर सुरक्षित भारत लाया गया । यहां से आए भारतीयों ने तो स्पष्ट बताया कि सूडान में सबसे पहले भारत ही अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए पहुंचा था। वहां स्थिति काफी खतरनाक थी मोदी सरकार से इस बचाव अभियान को भी बड़ी ही तेजी के साथ चलाया था ।

संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर सुरक्षित भारत लाया गया । यहां से आए भारतीयों ने तो स्पष्ट बताया कि सूडान में सबसे पहले भारत ही अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए पहुंचा था। वहां स्थिति काफी खतरनाक थी मोदी सरकार से इस बचाव अभियान को भी बड़ी ही तेजी के साथ चलाया था । इससे पहले अफगानिस्तान में चले गृहयुद्ध को भी याद किया जा सकता है, जब तालीबानियों ने आम लोगों को अपना निशाना बनाया, तब भी भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे।

निश्चित ही तालिबानी आतंकियों के बीच से भारतीयों को सुरक्षित ले आना कोई छोटी बात नहीं थी । जब अफगानिस्तान से सीधे भारत आना संभव नहीं हो रहा था, तब भी अपनी इच्छा शक्ति की दम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ताजिकिस्तान, कतर के रास्ते या अन्य रास्तों से काबुल से भारतीयों को दिल्ली एवं देश के अन्य भागों में सुरक्षित पहुंचा रही थी । इसे आप मोदी राज में भारत सरकार की शक्तिशाली विदेश नीति भी कह सकते हैं, जिसमें हम टोगो जेल में बंद पांच भारतीयों को सुरक्षित रिहा करवा पाने भी सफल रहे।भारत सरकार 2015 में यमन में फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाई थी। वह अपने आप में एक मिसाल है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा से इन्हें पहले जिबूती ले जाया गया, वहां से इन्हें भारत वापस लाया गया। उस समय यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने सैन्य कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें हजारों भारतीय फंस गए थे।आप देखिए, यूक्रेन में फंसे ग्यारह सौ भारतीय हों, लीबिया में फंसे रहे तीन हजार सात सौ पचास भारतीय या फिर इराक में सात हजार दो सौ भारतीय नागरिक हों, यमन से छह हजार सात सौ दस नागरिकों में से चार हजार चार सौ अठत्तर भारतीय, दक्षिण सूडान से सुरक्षित भारत आए भारतीय। वास्तव में केंद्र की भाजपा सरकार में समय रहते सभी की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित की जाती रही है । भारत सरकार द्वारा अब तक दस बड़े अभियान अपने नागरिकों को विदेश की धरती से सुरक्षित लाने के लिए चलाए हैं । 1990 कुवैत एयरलिफ्ट इस दृष्टि से पहला सबसे सफल अभियान रहा।

1990 में, जब 700 टैंकों से लैस 1,00,000 इराकी सैनिकों ने कुवैत में मार्च किया, तो शाही परिवार और वीआईपी सऊदी अरब भाग गए थे। कुवैत में फंसे लोगों के लिए भारत ने निकासी प्रक्रिया शुरू की जिसमें 1,70,000 से अधिक भारतीयों को हवाई मार्ग से निकाला गया और भारत वापस लाया गया। फिर बारी आई 2006 में ऑपरेशन सुकून को अंजाम देने की, उस समय भी इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध छिड़ने के बाद, भारत सरकार ने अपने फंसे हुए नागरिकों को निकालने के लिए इसे शुरू किया था । नौसैनिक बचाव अभियान में जुलाई-अगस्त 2006 के बीच 2,280 व्यक्तियों को निकाला गया था। इनमें कुछ नेपाली और श्रीलंकाई नागरिक भी शामिल थे। भारत ने युद्धग्रस्त लीबिया में फंसे अपने नागरिकों को बचाने के लिए 2011 में 'ऑपरेशन होमकमिंग' शुरू किया और 15,400 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी कराई गई। 2015 में ऑपरेशन राहत उन परिस्थिति में आरंभ हुआ जब यमन में गृह युद्ध शुरू हो गया था। भारत ने समुद्र के रास्ते अपने नागरिकों को निकालने का विकल्प चुना।

खास बात

अंटार्कर्टिक दो बड़ें ग्लेशियर टूटें

मनोज शर्मा

एक बड़ें हिमखंड का आकार 1270 वर्ग किलोमीटर का है। यानी इसका आकार मुंबई शहर का तकरीबन दो गुना है। ये हिमखंड ब्रिटिश रिसर्च स्टेशन के नजदीक टूटा है। हालांकि कहा जा रहा है कि इससे रिसर्च स्टेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

अंटार्कटिका में एक बेहद बड़े आकार इस हिमखंड का आकार 1270 वर्ग किलोमीटर का है। यानी इसका आकार मुंबई शहर का तकरीबन दो गुना है। अगर वैश्विक शहरों से तुलना की जाए तो मुंबई का आकार 233 स्क्वायर मील है तो न्यूयॉर्क का 302 स्क्वायर मील है।

ये हिमखंड ब्रिटिश रिसर्च स्टेशन के नजदीक टूटा है। हालांकि कहा जा रहा है कि इससे रिसर्च स्टेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लेकिन इस घटना ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को लेकर एक बार फिर आगाह किया है।

हिमखंड कैल्विंग की प्रक्रिया के कारण अलग हुआ

वैज्ञानिकों ने बताया है कि ये हिमखंड कैल्विंग की प्रक्रिया के कारण अलग हुआ है। इस टुकड़े में पहले भी दरारें देखी गई थीं। इसी वजह से इसके टूटने की आशंकाएं भी जताई गई थीं। ग्लोबल वार्मिंग से इसके जुड़ाव को लेकर भी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ग्लेशियर पिघलने की घटनाओं पर वैश्विक स्तर पर चिंता जाहिर की जा चुकी है।

मामला ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ा हुआ हो सकता है

कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक ये मामला ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ा हुआ हो सकता है। इसके लिए समुद्र के बढ़ते तापमान को भी वजह माना जा रहा है।

दुनियाभर से हजारों शोधकर्ता हर साल पहुंचते हैं

अंटार्कटिका में रिसर्च के लिए दुनियाभर से हजारों शोधकर्ता हर साल पहुंचते हैं। ये शोधकर्ता अंटार्कटिका के रहस्यों का पता लगाने के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी निगाह रखते हैं। दुनिया के सबसे ठंडे क्षेत्र में शुमार किए जाने वाले इस इलाके में तापमान -90 डिग्री तक भी पहुंच जाता है।

वनगमन

धर्म -प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

तापस भेष बिशेषि उदासी। चौदह बरसि रामु बनबासी।। कुछ दिन बीत जाने के बाद राजा दशरथ जी ने सोचा कि मैं चौथेपन में प्रवेश कर रहा हूं,अब नियमानुसार मुझे गुरुकल में जाना चाहिए। श्री राम राजकाज के योग्य हो गये हैं तो मैं उन्हें युवराज बना दूं। ऐसा सोचकर वे गुरु वाशिष्ठ के पास गये। उन्होंने कहा कि प्रभु आपकी सेवा से मुझे सब कुछ प्राप्त हो गया है इसका मुझे अनुभव है। आपकी चरणों की सेवा करके मैंने सब पाया है। आज मेरे अंदर एक इच्छा है-नाथ राम होइहें युवराजु। श्री राम को युवराज बनाने की इच्छा है। आप कृपा करके बोल दिजीए समाज मान जाए। मुझे कोई शुभ तिथि बता दी जाए मैं तैयारी करूं। वसिष्ठ जी बोले कि आप जिस तिथि को तैयारी कर दीजिए वही शुभ दिन है। राजा दशरथ जी तैयारी करने लगे। बीच में स्थिति यह हुई कि रानी कैकयी की एक दासी मंथरा थी वह सारी व्यवस्था देखकर अचंभित हो गयी। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह जाकर कैकेयी को यह कही और जब कैकयी जब उसके बात से सहमत हुई तो राजा ने जो दो वरदान पूर्व में मांगने को कहा था उसे स्मरण कर कोपभवन में जाकर बैठ गयी। जब राजा दशरथ को यह खबर मिली तो दौड़कर आए और कहा महारानी इस कोप का कारण क्या है? कैकेयी बोली-महाराज आपने मुझे जो दो वरदान देने के लिये कहा था उसे आप दिए नहीं। वे बोले महारानी आपने मांगा ही नहीं। मैंने सोचा आप जब मांगेगी तो मैं दे दूंगा। आप जब चाहें मांग लें।आप अभी मांग सकती हैं। मुझे दो में से प्रथम वरदान दीजिए कि आप भरत जी को राजा बनाइये। राजा दशरथ ने कहा कोई बात नहीं। (ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)

पूजा चंदा को लेकर हुए विवाद में धनबाद के एक व्यापारी के साथ मारपीट की खबर आ रही है।

यह चिन्तनीय है।

पूजा पाठ श्रद्धा का विषय है।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा आयोजन हेतु चंदा व्यक्ति अपने सामर्थ्य, आयोजन समिति के सदस्यों से सम्बंध और श्रद्धा के अनुसार देते है। **-महेश पोद्दार, सांसद**

आपके ट्वीट

ईश्वर सृजित इस सृष्टि में प्रत्येक जीव की अपनी विशेष भूमिका व वैशिष्ट्य है !सर्वथा हितकर मूक निरीह पशुओं पर अत्याचार न करें । अतः पशुओं-जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहें,उनकी रक्षा करें।

-स्वामी अवधेशानंद गिरी

दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी निर्देश दिया। **- हेमंत सोरेन**

अब ओलंपिक में फिर से खेला जाएगा क्रिकेट, 128 सालों के बाद होगी वापसी

खेल

अंकित सिंह

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शुक्रवार, 13 अक्टूबर को 2028 लॉस एंजिल्स ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी। क्रिकेट 2028 खेलों के लिए एलए आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेल विषयों में से एक था और इसे मुंबई में अपनी कार्यकारी बैठक के दौरान शीर्ष ओलंपिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है।

इस सप्ताह की शुरूआत में, एलए 2028 खेलों के आयोजकों ने इस आयोजन में क्रिकेट, फ़्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल-सॉफ़्टबॉल को जोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। आईओसी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक मेजबान शहर को खेलों के अपने संस्करण के लिए कई खेलों को शामिल करने का अनुरोध करने का अधिकार है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इन प्रस्तावों को आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने एक पैकेज के रूप में स्वीकार कर लिया है। ओलंपिक में इन खेलों की स्थिति को अंतिम रूप देने में अगला कदम रविवार से शुरू होने वाला आईओसी सत्र होगा। आईओसी सत्र में बोर्ड की सिफारिश पर मुहर लगाने की आवश्यकता होगी।

दुनिया में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की बात करते हुए आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि ओलंपिक समिति आईसीसी के साथ काम करेगी न कि किसी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ। उन्होंने कहा, ₹आईसीसी के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है।₹ गौरतलब है कि भारत में क्रिकेट को बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल है। टीम खेल में वैश्विक स्तर पर दर्शकों की संख्या भी बढ़ रही है। 128 साल बाद इस खेल की वापसी होने जा रही है। आखिरी बार ओलंपिक में यह 1900 को खेला गया था।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शुक्रवार, 13 अक्टूबर को 2028 लॉस एंजिल्स ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी। क्रिकेट 2028 खेलों के लिए एलए आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेल विषयों में से एक था और इसे मुंबई में अपनी कार्यकारी बैठक के दौरान शीर्ष ओलंपिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है।

कार्टून वर्ल्ड

कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

संवैधानिक कर्तव्य

विरोध प्रदर्शन हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। इस विषय को उच्चतम न्यायालय ने भी स्पष्ट किया है। निःसंदेह व्यापक जनहित में आंदोलन को कहीं भी और कभी भी करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जनभावना का सम्मान, आंदोलन का निष्पक्ष आकलन और समाधान और सामान्य नागरिक के अधिकारों का संरक्षण केंद्र सरकार का संवैधानिक दायित्व है।

- रविराज सिंह, रांची

संवेदनशील हो सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने आम नागरिकों के मूल अधिकारों के प्रति अपना रुख स्पष्ट किया है। इसके साथ ही उसने आंदोलन के अधिकार को तो जायज ठहराया है परन्तु इससे आम जनता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। यह भी सत्य है कि जब शासन-प्रशासन सुनवाई नहीं करता है तो आंदोलन की कोई सीमा नहीं रह जाती। बशर्ते कि आंदोलन की मांग जायज और अहिंसात्मक हो।

- जगदीश राम, हजारीबाग

महालया के दिन माता हिमालय से उतर कर पृथ्वी पर आती हैं

धर्म

बासुकीनाथ पाण्डेय

महालया के दिन पृथ्वी पर आती हैं माता पार्वती

इसी दिन माता दुर्गा की आंखों में रंग भरते हैं मूर्तिकार

हिंदू शास्त्रों के अनुसार महालया और पितृ पक्ष अमावस्या एक ही दिन मनाया जाता है। माना जाता है कि महालया के दिन ही मूर्तिकार मां दुर्गा की आंखें तैयार करता है और इसी दिन से दुर्गा माता की पूजा-अर्चना शुरू होती है।

महालया का हिंदू धर्म में काफी महत्व है. महालया के साथ ही दुर्गा पूजा की शुरूआत हो जाएगी. इस दिन को नवरात्रि और पितृ पक्ष का संधिकाल भी कहा जाता है. इस दिन माता दुर्गा की वंदना करके उनसे अपने घर आगमन के लिए प्रार्थना की जाती है और पितरों को जल तिल देकर उन्हें नमन किया जाता है. दुर्गा पूजा के पहले महालया का अपना एक खास महत्व है. बंगाल में इस दिन को लोग खास तरीके से मनाते हैं. इसके साथ ही जिन राज्यों में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाता है उन राज्यों में भी महालया का विशेष महत्व है. लोग महालया का साल भर इंतजार करते हैं.

क्या है महालया?

हिंदू शास्त्रों के अनुसार महालया और पितृ पक्ष अमावस्या एक ही दिन मनाई जाती है. माना जाता है कि महालया के दिन ही हर मूर्तिकार मां दुर्गा की आंखें तैयार करता है. इसके बाद से मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जाता है. दुर्गा पूजा में मां दुर्गा की प्रतिमा का विशेष महत्व है और यही प्रतिमाएं पंडालों की शोभा बढ़ाती हैं.

पृथ्वी पर आती हैं माता पार्वती

मान्यता है कि नवरात्र में देवी पार्वती अपनी शक्तियों और 9 रूपों में साक्षात धरती पर आती हैं. इनके साथ इनकी सहचर योगनियां और पुत्र गणेश एवं कार्तिकेय भी पृथ्वी पर पधारते हैं. पृथ्वी को देवी पार्वती का माइका कहा जाता है. माता अपने माइके में आती हैं और नवरात्र के 9 दिनों में पृथ्वी पर वास करते हुए आसुरी शक्तियों का भी नाश करती हैं।

मां दुर्गा में आस्था रखने वाले लोग इस दिन का लगातार इंतजार करते हैं और महालय के साथ ही दुर्गा पूजा की शुरूआत करते हैं. महालया नवरात्रि और दुर्गा पूजा के शुरूआत का दिन है. कहा जाता है कि महालया के दिन ही पितरों को विदाई दी जाती है और माता का धरती पर स्वागत किया जाता है।

कैलाश छोड़ धरती पर आती हैं माता

माना जाता है कि माता नवरात्रि में धरती पर आने के लिए महालया के दिन ही कैलाश पर्वत से सपरिवार विदा हो कर नीचे आती हैं। इसलिए महालया के दिन माता के स्वागत के लिए इनकी खास प्रार्थना की जाती है। हर साल नवरात्रि प्रारंभ के दिन के हिसाब से माता का वाहन अलग-अलग होता है. इस बार गुरुवार को नवरात्रि आरंभ होने से माता डोली में बैठकर आ रही हैं.

डोली में आ रही हैं माता

इस साल माता डोली में बैठकर आ रही हैं। लेकिन ज्योतिषी और धार्मिक दृष्टि से माता का डोलीमें आना अच्छा नहीं माना जाता है. विद्वान ज्योतिष मानते हैं कि जैसे डोली डोलते हुए चलती है वैसे ही जिस साल माता डोली में चढकर आती हैं उस वर्ष धरती पर काफी उथल-पुथल की स्थिति मचती है. माता के डोली में आने से राजनीति में कई स्थापित सत्ताओं का परिवर्तन हो जाता है। राजाओं का छत्र भंग होता है यानी उनकी सत्ता चली जाती है। महामारी और रोग का प्रकोप बढता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

खतियान संघर्ष समिति की बैठक

रामगढ़ । खतियान संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को असनाटांड,माथागोड़ा, कुल्ही में हुई। बैठक की अध्यक्षता मदन गंझू एवं संचालन गोपाल प्रसाद ने किया । वक्ताओं ने कहा कि जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो एक व्यक्ति नही एक विचार हैं । हम सभी को टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाकर कर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाना है । मौके पर मुख्य रूप से पनेश्वर, संतोष टिडूआर,देवानंद महतो, योगेश भारती, लीलावती महतो, प्रवीण कुमार महतो,निर्मल महतो, अरविंद नायक,परमेश्वर महतो संजय महतो आदि मौजूद थे।

पटेल चौक पर कार में लगी आग

फोटो 12 जलती कार

रामगढ़। रांची-पटना फोरलेन मार्ग अंतर्गत पटेल चौक ओवरब्रिज पर शुक्रवार को हजारीबाग की ओर से आ रही एक कार में अचानक आग लग गई। जिससे कार पूरी तरह जल गई। बताया गया कि कार पर एक व्यक्ति सवार था जिसने कार से कूदकर जान बचायी। वहीं, दुर्घटना की जानकारी के बाद दमकल विभाग के कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचे। लेकिन तबतक कार जल चुकी थी। घटना के कारणों का पता नही चल पाया है।

मांडू थाना में शांति समिति की बैठक

मांडू । मांडू थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। सीओ मुदस्सर मंसूरी ने लोगों से दुर्गा पूजा शांति और भाई चारगी के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा लोग मनाएं, इसमें प्रशासन का सहयोग उन्हें मिलेगा। लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन की ओर से जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं उनका पालन करते हुए दुर्गा पूजा मनाएं।

दुर्गा पूजा को लेकर वस्त्र वितरित

कुजू। मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगावार में सदस्यों के बीच उज्वला फाउंडेशन ने शुक्रवार को अंगवस्त्र वितरण किया। जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का लक्ष्य जुड़े सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने का है। जो आने वाले दिनों में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण दिलाकर, कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर और कुटीर उद्योग के तहत नए रुप मे रोजगार सृजन कराया जाएगा। वही द्वितीय चरण में दुगार्पूजा के मौके पर चुम्बा, दिगवार, 51 सदस्यों को साड़ी का वितरण किया गया।

बरही में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच

बरही। उपायुक्त नैंसी सहाय और अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हजारीबाग डॉ. शशि जयसवाल के संयुक्त निर्देशन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी हजारीबाग प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बरही क्षेत्र के विभिन्न दुकानों और होटलों की जांच करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। गुग्गी ने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है, जिससे बाजार में नकली व कम गुणवत्ता वाले भोज्य पदार्थों का चलन बढ़ने की संभावना प्रबल हो जाती है। इसी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाकर इस प्रकार के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालो पर कारवाई की जाती है।

स्वास्थ्य उपकेंद्र में लगा रहता है ताला

टाटीझरिया। होलंग गांव पिछड़े गांव के श्रेणी में आता है । जहां स्वास्थ्य सुविधा के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण जर्जर अवस्था को देख समाज सेवियों के काफी मशक्कत के बाद सरकार द्वारा नया भवन भी बनकर तैयार है , पुराने भवन से केंद्र को नए भवन में शिफ्ट किया गया है। ताकि मरीजों संग मरीज के परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि केंद्र स्थल में तीन -तीन स्वास्थ कर्मी पदस्थापित रहने के बाद भी लगातार ताला बंद स्वास्थ्य उपकेंद्र में देखा जा रहा है। यह भवन देखने से डरावना भयावाह भुत बंगला जैसा दिखता है । मंगलवार से लेकर गुरुवार तक लगातार स्वास्थ्य उपकेंद्र में ताला लटका रहता है।कई बार हिंदी दैनिक अखबारों में खबर प्रकाशित होने पर भी आयुष चिकित्सक के में सुधार नहीं होकर लापरवाही बरतते हुए देखने सुनने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी वे काफी विलंब से केंद्र पहुंची। आयुष चिकित्सक संग अन्य पदस्थापित सहयोगी स्वास्थय कमीयी कि इस तरह के हरक्कत को देख और ग्रामीणों द्वारा सुनकर जाने क्या कहते है प्रमुख संग क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वे सिविल सर्जन और डीसी से इसकी शिकायत करेंगे।

नैक को ले आरएनवाईएम कॉलेज में बैठक

बरही। रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर की अध्यक्षता में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की हुई। बैठक में युजीसी के मापदंडों के आधार पर महाविद्यालय के नैक द्वारा होने वाली द्वितीय निरीक्षण विषय पर गहन चर्चा हुई। नैक द्वारा महाविद्यालय का प्रथम निरीक्षण 2017 में हो चुंका है, जिसमें महाविद्यालय को नैक द्वारा बी ग्रेड स्थान प्राप्त हुआ, जो काफी संतोष जनक रहा।महाविद्यालय परिवार ने एक बार पुनः पुरी नैक टीम के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया है। नैक द्वारा दूसरी बार भी महाविद्यालय को कम से कम बी प्लस या बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त हो, इसके लिए सभी लोगों ने मिलकर टीम भावना में बंधकर प्राचार्य द्वारा दी गई जिम्मेवारी को ससमय पुरा करने की बात को स्वीकार किए। बैठक में नैक द्वारा दी गई प्रथम ग्रेडिंग की रिपोर्ट को देखा गया और नैक टीम द्वारा दिये गये सुझावों को भी पढा गया, जिसमें मुख्य रूप से पुस्तकालय, अध्ययन, कक्ष, महाविद्यालय में एकाउंट अध्ययन आदि व्यवस्था को पूर्ण रूप से डिजिटलाइजेशन करना मुख्य है। बैठक में प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, डॉ अरुणा रानी, डॉ संजय कुमार बर्णवाल, डॉ अजय रविदास, डॉ, गिरधारी यादव, डॉ सुषमा कुमारी, प्रो हिरामन साव, डॉ प्रो बद्री साव, प्रो जागेश्वर यादव, अंजलि कुसुम ओम, डॉ अजय प्रताप सिंह, महेंद्र ठाकुर, अर्चना व अन्य मौजूद थे।

चौपारण में हथियार के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

दो देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद

चौपारण । पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। पुलिस ने प्रखंड के बिगहा जंगल से दो देसी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चौपारण थाना अन्तर्गत बिगहा जंगल में 5-7 व्यक्तियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिये योजना बना रहे हैं। जिसे त्वरीत कार्रवाई करने पर घटना को अंजाम देने से रोका जा सकता है। इस सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी दल का टीम गठन किया गया। गठित टीम में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल, थाना प्रभारी चौपारण, चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। गठित टीम द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु घटनास्थल बिगहा जंगल पहुँचा तथा घेराबंदी कर छापामारी किया गया, पुलिस बल को देखकर कुछ लोग जंगल में इधर-उधर भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति गौतम कुमार दांगी पिता बैजनाथ दांगी ग्राम दादपुर थाना चौपारण, कुंदन रजक पिता राजु रजक ग्राम दादपुर थाना चौपारण ,रामसेवक कुमार पिता अर्जुन दांगी ग्राम वृन्दावन थाना चौपारण को पकड़ लिया गया तथा अन्य 03-04 व्यक्ति जंगल एवं रात का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गये। पकड़ाये अभियुक्त के बदन का विधिवत तलाशी लेने पर गौतम कुमार दांगी के बायें तरफ कमर में छिपाकर रखा एक देशी कट्टा तथा पाकेट से दो कारतुस एवं रामसेवक कुमार के पास से एक देशी कट्टा, दो कारतुस तथा कुंदन कुमार के पैंट के पॉकेट से एक कारतूस बरामद किया गया। बरामद किये गये हथियार एवं गोली को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा पकडाये तीनो अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 399/23 दिनांक-13/10/23 धारा 399/402/120 (इ) भा० द० वि० एवं 25(1-ु/26/35 आयुध अधिनियम अंकित किया गया। इस तरह वरीय पदाधिकारी के सूचना के आलोक में चौपारण थाना पुलिस द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए एक बड़ी घटना घटित होने से रोका गया तथा इस अपराध में संलिप्त तीन अपराधकर्मियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजी गयी, तथा अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

एयरफोर्स के जवान का शव बरही पहुंचा

जवान के अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। वायुसेना में लीडिंग एयर क्राफ्ट मैन के पद पर तैनात 21 वर्षीय लक्की यादव का शव उसके पैतृक गांव बरही के करसो लाया गया।वायुसेना के सशस्त्र जवानों ने बरही के लाडले को अंतिम सलामी दी। लक्की यादव सहारनपुर यूपी में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान तबीयत खराब होने के कारण इलाज के दौरान जवान की 11 अक्टूबर को मौत हो गई। एयरफोर्स जवानों के समूह ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर राष्ट्रीय झंडे में लिपटा देश का जवान को सलामी देकर राष्ट्रीय झंडे को मृतक जवान के पिता वीरेंद्र यादव को दिया। वायु सेना के पदाधिकारी शिवदयाल सिंह ने मृतक जवान के पिता को 80 हजार रुपये का चेक और आर्थिक रूप से नगद राशि देकर सहयोग किया। जवान का पार्थिव शरीर पैतृक आवास पर पहुंचते ही मां शव से लिपटकर रोने लगी। लक्की दो भाईयों में छोटा था।

पिता वीरेंद्र यादव किसान हैं। शव के अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोगों ने शव को बरहीडीह घाट पहुंचाया। लोगों ने शवयात्रा के दौरान शव पर फूल बरसाए। शवयात्रा में सभी जाति के लोग शामिल थे। अंतिम यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, भुनेश्वर यादव, केदार यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, शशि कुमार, रघुनंदन यादव, गाजो यादव, मनोहर यादव, शरीफुल हक, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर, मंजीत यादव, यमुना यादव, नसीम अख्तर, प्रयाग यादव, ज्योतिष यादव, रोहित यादव, प्रमोद कुमार यादव, उमेश गोप सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

चलती कार में लगी आग, जलकर खाक

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के पटेल चौक ओवरब्रिज में शुक्रवार को एक कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि वह चंद मिनटों में ही जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना रामगढ़ पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंची और फायरब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची फायरब्रिगेड की टीम तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार हजारीबाग से रांची की ओर जा रही कार के इंजन में अचानक आग लग गई। कार चालक ने तुरंत कार को साइड में खड़ी कर फरार हो गया। फिलहाल कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। कार में अचानक आग लगने का कारण इंजन में शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है

मोटरसाइकिल छिनतई में 13 नामजद और 35 अज्ञात पर मामला दर्ज

बड़कागांव। वन विभाग से बुधवार को जब्त 6 मोटरसाइकिल छीनकर ले भागे 13 ग्रामीणों को नामजद तथा 35 से अधिक अज्ञात के विरुद्ध बड़कागांव थाना कांड संख्या 322/23 के तहत मामला दर्ज किया गया। दर्ज मामले में सरकारी कार्य में बाधा,सरकारी कर्मचारियों के साथ झड़प करना,सरकारी वाहन को छती पहुंचाना,सरकारी कर्मचारियों को जान से मारने की नीयत से हमला करना,सरकारी संपत्ति को लूटपाट करना, चोरी करना, सरकारी कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच तथा अभद्र व्यवहार करना,आतंक फैलाना इत्यादि धाराएं शामिल है। साइकिल तथा मोटरसाइकिल से कोयला ढुलाई करने वाले लोगों में हड़कंप मची हुई।इस मामले के बाद साइकिल तथा मोटरसाइकिल से कोयला ढुलाई करने वाले लोगों की संख्या कमी देखी जा रही है।

एसएससी में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए हुआ टेस्ट

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को टेस्ट हुआ। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में बैंक, एसएससी, रेलवे, एसएससी जीडी, महिला पर्यवेक्षक की परीक्षाएं एक दो महीना के अंतराल पर आयोजित की जाएगी। जिसे देखके हुए एसएससी कोचिंग द्वारा प्रत्येक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उसकी बेहतर तैयारी को ले छात्रों के लिए टेस्ट का आयोजन किया है। इस टेस्ट में बैंक, एसएससी, रेलवे, एसएससी जीडी आदि का तैयारी करने वाले छात्रों ने हिस्सा लिया। श्री सिंह ने कहा कि टेस्ट से छात्रों में बौद्धिक क्षमता का विकास तो होता ही है, छात्रों में समय का मूल्यांकन और कम समय में ज्यादा से ज्यादा प्रश्न बनाने का भी अनुभव मिलता है।

पदमा में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

पदमा। शुक्रवार को पदमा अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा त्यौहार मानने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। सीओ ने सरकार के दिशा निदेर्शों को मानते हुए शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह बताया कि जुलूस मार्ग निर्धारित मार्ग से निकली जाएगी, जुलूस में डीजे नहीं बजेगा, उन्होंने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना, अग्निशामक यंत्र लगाना, वालंटियर के लिए अलग ड्रेस रखना, महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग वैरेकैटिंग करना, इत्यादि अन्य जिला से प्राप्त दिशा निर्देश लोगों को बताएं। इस अवसर पर जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, सरैया पंचायत के मुखिया शांति देवी, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, भाजपा नेता नारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवीअन्य ग्रामीण व समाजसेवी उपस्थित थे।

शांति पूर्वक मनायें दूर्गा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा व भदानीनगर और बासल थाना में शांति समिति की बैठक

भुरकुंडा ओपी में समिति की बैठक ।

भदानीनगर ओपी में बैठक।

बासल थाना में बैठक ।

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा व भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में पुलिस-प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्वक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की गई। भुरकुंडा ओपी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने किया। मौके पर सब इंस्पेक्टर रामसरीख तिवारी, सामंत दास, प्रखंड उपप्रपमुख बबीता पांडेय, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया अजय पासवान, मुखिया व्यास पांडेय, प्रदीप मांझी, डब्लू सिंह, राजकिशोर पांडेय, रोबिन मुखर्जी, प्रेम विश्वकर्मा, डब्लू पांडेय, संजय मिश्रा, चमन लाल, जगतार सिंह, बाबूलाल नायक, संजय यादव, मो. सलाउद्दीन, सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। जबकि भदानीनगर ओपी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने की। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, एचएन यादव, इमामुल अंसारी, बारीक अंसारी, शेरशाह आलम, हरिलाल बेदिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। बासल थाना में भी दुर्गा पूजा को धूमधाम व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर गुरूवार को शामिल समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह कुंतिया ने किया। मौके पर सब इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा, मुखिया संदीप उरांव, नदंकिशार मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार

विज्ञापन

मिशन वात्सलय योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्ताधारी अभ्यर्थियों से पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या PR 278193 दिनांक 21.09.2022 को रद् करते हुए नयी नियमावली मिशन वात्सल्य योजना के अनुसार पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

क्र0	पद का नाम	पदों की संख्या	उम्र	मासिक वेतन/ मानदेय	शैक्षणिक योग्यता कार्य अनुभव
1.	Protection Officer- (Institutional Care) Post Code – DCPS 02	01 (अनारक्षित)	30–45	27,804/–	Post Graduate degree in social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University. OR Gradute in social Work/Sociology/Child Development/ Human Rights public administration/ Psychology/ Psychiatry / Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University with 2 year's experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/ Social Welfare Proficiency in computers.
2	Protection Officer- (Non-Institutional Care) Post Code – DCPS 03	01 (अनारक्षित)	30–45	27,804/–	Post Graduate degree in social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University. OR Gradute in social Work/Sociology/Child Development/ Human Rights public administration/ Psychology/ Psychiatry / Law/ Public Health/ Community Resources Management from a recognized University with 2 year's experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/ Social Welfare Proficiency in computers.
3	Social Worker Post Code – DCPS 06	02 (01 अनुसूचित जनजाति/01 अनारक्षित)	30–45	18,536/–	Graduate Preferably in B.A in social Work/ Sociology/ Social Sciences from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally.
4	Accountant Post Code – DCPS 07	01 (अनारक्षित)	30–45	18,536/–	Graduate in Commerce/ Mathematics degree from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally.
5	Data Analyst Post Code – DCPS 08	01 (अनारक्षित)	30–45	18,536/–	Graduate in Statistics/ Mathematics/Economics/Computer (BCA) from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally.
6	Assistant Cum Data Entry Operator (DCPU) Post Code – DCPS 09	01 (अनारक्षित)	21–35	13,240/–	12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate.
7	Outreach worker (ORW) Post Code – DCPS 10	02 (01 अनुसूचित जनजाति/ 01 (अनारक्षित)	21–35	10,592/–	12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board Good communication Skills. Weightage for work experience candidate.

2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)

8	Assistant Cum Data Entry Operator Post Code – (CWC- 01)	01 (अनारक्षित)	21–35	11,916/–	12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate.

3.किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01)

9	Assistant Cum Data Entry Operator Post Code – (JJB-01)	01 (अनारक्षित)	21–35	11,916/–	12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma/ Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate.

आवेदन करने का पताः– जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन लातेहार, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लातेहार पिन नं0–829206

नोटः– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट latehar.nic.in एवं कार्यालय सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार

PR 309064 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

एक नजर में

टाटीझरिया थाना में शांति समिति की बैठक

टाटीझरिया । टाटीझरिया थाना प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिती की बैठक हुई। टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि कु .वर्नवाल, 20सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबूप्रसाद सोनी ने टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, भराजो ,खैरा, डूमर, धर्मपुर, डहरभंगा,टाटीझरिया, बेड़म आठों पंचायत के विभिन्न गांवों से बैठक में आए समाज सेवियों जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों से त्यौहार को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को आग्रह किया। पुलिस ने कहा कि त्यौहार में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले मनचले लोगों पर प्रशासन का पैनी नजर होगा । उन्हें चिन्हित कर सूचना दे उन पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

चरही : शांति पूर्वक मनायें दशहरा : सीओ

चरही। इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता सीओ शशि भूषण सिंह,ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया।इस बैठक में शांति के सदस्यों और पूजा कमिटी के लोगों को कई दिशा-निर्देश दिया गया। सभी समुदाय से एकजुटता का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। डीजे पर भी प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

कवालु में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

दारू। सदर प्रखंड में आतंक मचाने के बाद 29 हाथियों का झुंड गुरुवार कि शाम को कवालु में हाथियों की झुंड ने जमकर मचाया उत्पात।गूजन यादव के खेत मे लगे आलू, धनिया की फसल,कौशल सिंह के धान, सुंदरलाल यादव कि धान फसल, दिनेश यादव, बाबूलाल यादव, कमल राम, राघव रवानी, आदि कि कई एकड़ में लगे धान फसल को हाथियों की झुंड ने रौंद दिया । फसल बर्बाद करने के बाद चुरामन राम का बकरी सेड , आशु सिंह का पानी फिल्टर कि टंकी और मकान का दरवाजा , सैलेश सिंह का गणपति ढाबा , वीरेंद्र यादव का पेभर ब्लॉक ईट बनाने वाला मशीन को भी तोड़ दिया । इस कारण ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है।

सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य

दारू। दारू थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ अदिति गुप्ता एवम संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। प्रशिक्षु ने कहा कि पूजा को लेकर कुछ गाइडलाइन है जो इस प्रकार है प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य है। अग्निशमन से संबंधित उपकरण को सभी पंडालों में रखे, प्रत्येक पंडाल में भीड़ नियंत्रण को लेकर बांस ब्रेकेटिंग करे साथ ही महिलाएं एवम पुरुष को पूजा पंडाल में अवागमन को लेकर अलग अलग ब्रेकेटिंग करना अनिवार्य है। मोबाइल व्हाट्सप्प द्वारा किसी तरह का अफवाह ना फैलाए यदि ऐसा कोई करता है तो थाना को तुरंत सूचित करें।

कांग्रेस के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन

दारू। झुमरा मुख्य चौक पर शुक्रवार को कांग्रेस कमिटि के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने संयुक्त रुप से किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंड स्तरीय कमिटि को मजबूत करना हमारा लक्ष्य है, कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि इस कमिटी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना हमारा प्राथमिकता होगी। इसी को लेकर झुमरा मुख्य चौक पर प्रखंड कार्यालय कांग्रेस कमेटी का उद्घाटन किया गया। वही 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस कमेटी का प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह ने कहा कि इस संगठन को मजबूत करने की जरूरत है, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव सामने हैं चुनाव से पहले सभी बूथों को मजबूत करना होगा साथ ही उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी प्रखंड स्तरीय कोई भी समस्या हो तो जांच पड़ताल कर सहयोग करने का कार्य करें। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष कैलाश पतिदेव, प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू कुमार, डॉक्टर असीम, गुड्डू सिंह, तुलसी कुशवाहा, ललित चौधरी, केडी सिंह, सहदेव यादव, एमडी एनुल, हारून रशीद, विजय राम, योगेंद्र सिंह, भुनेश्वर राम, लियाकत अंसारी, इत्यादि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

शहीद के घर से ली गयी पवित्र मिट्टी

रायडीह। भाजपा रायडीह मंडल ने कांसीर पंचायत के घाघरा गांव से शहीद जेवियर किंडो के घर से मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी ली। शहीद के घर से मिट्टी शहीद के भाई मुकुल किंडो और बहु नुतन किंडो ने दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोहर रॉय, सांसद प्रतिनिधि गजाधर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष बलमोहन साहू, मंत्री कर्मपाल सिंह, सुमित प्रसाद, मुकुल किंडो, बागर सिंह आदि उपस्थित हुए।

बैठक से गायब पंचायत सचिव को शोकॉज

घाघरा। प्रखंड सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने शुक्रवार को पंचायत कर्मियों और मुखिया के साथ विकास योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुपस्थित घाघरा पंचायत सचिव वीरेंद्र साहू को शोकॉज किया गया। वहीं पूर्व के बैठक में एमबी एंट्री करने का निर्देश कनीय अभियंता पंकज कुमार, हरी उरांव, रंजीत कुमार को दिया गया था। बावजूद इस बैठक में भी एमबी इंट्री नही की गयी। जहां अगले आदेश तक तीनो जेई के वेतन पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि 15 वित्त आयोग की योजना का पैसा लाभुक समिति के खाते में भेजना है भेंडर को नहीं देना है। मौके पर बीपीओ अजय लकड़ा, को-ऑर्डिनेटर अशोक कुमार, मुखिया राजेश बड़ाइक, विनीता कुमारी, अग्नि उरांव, लोदो एक्का, पंचायत सचिव शंकर खेरवार, रोजगार सेवक आदि भी थे।

आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलाया अंडा

डुमरी। भोजन का अधिकार अभियान के तहत फिया फाउंडेशन एवं ग्राम सभा की संयुक्त पहल से डुमरी प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा वितरण कार्यक्रम करके गांव के लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम प्रधान दुर्गा प्रसाद कवर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को अंडा मिलना चाहिए ताकि गांव के गरीब-वंचित बच्चे स्वस्थ रह पायें। फिया फाउंडेशन के समन्वयक ललन साहू ने बताया कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों लगभग 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषित होते हैं। उपस्थित सभी ग्राम सभा के सदस्यों ने सरकार से नियमित आंगनबाड़ी केंद्र में अंडा वितरण करने की मांग की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, मंटु कवर, राजेश बृजेश, गीता देवी, गरिमा देवी, फिया फाउंडेशन के कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं के दम पर लोहरदगा में राजद बनायेगी पहचान : सुनील मेहता

लोहरदगा। जिला राष्ट्रीय जनता दल की बैठक गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्वेट में रखी गयी। जिसमें संगठन की मजबूती की मजबूती तथा पार्टी के विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने किया ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता त्रिपुरारी सिंह उपस्थित थे। अध्यक्ष सुनील मेहता ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि समर्थक पार्टी के रीड़ होते हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें। उन्होंने बूथ स्तर पर कमेटी को मजबूत करने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव लगातार गरीब दलित के हित में कार्य कर रहे है। उनके विचार से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब उनका संगठन जमीनी स्तर पर सबसे मजबूत होगा। बैठक में प्रदेश नेता त्रिपुरारी सिंह, जिला युवा अध्यक्ष राजेश उरांव, समुद्दीन अंसारी, विशेश्वर लोहरा, तेज प्रताप यादव, फुरकान अंसारी, समुद्दीन अंसारी, जमा मुद्दीन अंसारी, कयूम अंसारी भी थे।

अखिलेश्वर धाम में लगा जितिया जतरा

परंपरागत नृत्य-संगीत और झूमर लोगों का आकर्षण केंद्र
फोटो कैप्शन5 जतरा में झूमते लोग
खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। प्रखंड के भंडरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कसपुर मे स्थित प्रसिद्ध अखिलेश्वर में शुक्रवार को अखिलेश्वर जितिया जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गांव के पहान पुजार नेतृत्व में की गई। वहीं इसमें शामिल आदिवासी समुदाय के लोगों ने परंपरागत तरीके से जितिया जरा का वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया। मौके पर आगंतुक अतिथियों को माला पहनाकर आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। मौके पर कई आदिवासी युवक-युवतियों को मांदर की थाप पर थिरकते, नाचते-गाते देखा गया। वहीं आदिवासियों के परंपरागत नृत्य-संगीत और झूमर लोगों का आकर्षण केंद्र रहा। उत्सव को सफल बनाने में आदिवासी समाज के विनोद उरांव, सूरज उरांव, शंकर उरांव, रामदयाल उरांव, कैलाश उरांव ने भूमिका निभायी।

गरीब पीड़ित और जरूरतमंद मरीजों की सेवा पुण्य का कार्य : ओम महतो

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति ने दो पीड़ित मरीजों को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत के स्वर्गीय चामू राम की पत्नी सुरजी देवी मिशन हॉस्पिटल लोहरदगा में इलाजरत एवं रांची जिला के पिठोरिया निवासी जीतू महतो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत दोनों को डॉक्टर ने खून की कमी बताया जिसके बाद परिवार के लोग काफी दिनों से परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य संतु कुमार एवं प्रदीप कुमार ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया।

चुंदरी पंचायत का स्वास्थ्य उपकेंद्र अब भी अधूरा,मवेशी बांध रहे लोग

■ स्वास्थ्य उप केंद्र के अधूरा रहने पर गांव में इलाज का सपना ग्रामीणों का अधूरा रह गया

खबर मन्त्र संवाददाता

ग्रामीणों के साथ आजसू के नेता और बांधे गये पशु (इनसेट)।

घाघरा। प्रखंड के चुंदरी पंचायत में अधूरा पड़ा स्वास्थ्य उप केंद्र ग्रामीणों को मुंह चिढ़ा रहा है। स्वास्थ्य उप केंद्र का अधूरा रहने से गांव में चिकित्सा सुविधा बेहतर मिलने का सपना ग्रामीणों का टूट गया। वहीं स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गयी। निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण ग्रामीण केंद्र में मवेशी बांध रहे हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि विगत 2010 में ठेकेदार उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का कार्य करा रहा था जो आधा अधूरा छोड़ दिया। जिससे पंचायत के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य उप केंद्र पंचायत बना होता तो कंपाउंडर और नर्स की कमी भी नहीं होता। अभी तो कोई कंपाउंडर नहीं है। लेकिन इस ओर अब तक विभाग द्वारा भी कोई पहल नहीं की गई। जिससे हम सभी काफी आहत है। आखिर कब इस स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जायेगा। ग्रामीण महिला पुरुषों ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का कार्य बंद होने के कारण पंचायत भवन में स्वास्थ्य उपकेंद्र का कार्य चलता है।

आजसू लोहरदगा विस क्षेत्र प्रभारी नीरू शांति भगत पाखर के ग्रामीणों से मिलीं

■ करीब 100 की संख्या में लोगों ने थामा आजसू का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

ग्रामीणों के साथ आजसू के नेता।

लोहरदगा। किस्को प्रखंड के पाखर के ग्रामीणों से आजसू की लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत मिलीं। लोगों ने कहा कि कांग्रेस के नेता व विधायक हमेशा हमें ठगे हैं। आज भी जब लोगों को परेशानी होती है तो कोई भी विधायक के प्रतिनिधि फोन नहीं उठाते। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने से हमलोग सरकार के सभी सुविधाओं से वंचित रखा जाता रहा है। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा जिला विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने लोगों को आश्वासन दिलाया की। इस बार हमारी सरकार बनने पर सबसे पहले ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, क्योंकि हमारी सरकार जमीनी स्तर पर कार्य करते हैं। आजसू केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ने कहा जब हमारे बीच हमारे पूर्व विधायक कमल किशोर थे तब सबसे पहले वे ग्रामीणों तक पहुंचने का कार्य करते थे। जैसे कि संख नदी से लुकैया मोड़ रोड, पेसरार रोड जो ग्रामीणों के आवागमन को सरल बनाया गया है।

जिला योजना व डीएमएफटी मद की योजनाओं की समीक्षा

निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करने की उपायुक्त ने हिदायत

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित अधिकारी।

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीएमएफटी एवं जिला योजना मद से संचालित विकास कार्य की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी एवं जिला योजना मद की योजनाओं की राशि बन रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण, विभिन्न सरकारी भवनों के जीणोर्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नए योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उक्त मद से बिजली कनेक्शन संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित तिथि के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बाद में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। अनटाइड फंड की समीक्षा के क्रम में जिला योजना पदाधिकारी रमन कुमार ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 33 परियोजनाओं के विरुद्ध 15 परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें से 18 कार्य प्रक्रियाधीन है। वहीं 2023-24 के 35 योजनाओं के विरुद्ध कुल 10 कार्य पूर्ण है एवं 25 प्रक्रियाधीन है। जिला योजना पदाधिकारी ने जेआईसीए मद की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जेआईसीए मद से अब तक कुल 159 योजनाओं के विरुद्ध 124 योजनाएं पूर्ण कर लिये गये हैं।

बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध के लिए पोक्सो एक्ट के तहत कठोरतम सजा का प्रावधान: डालसा सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

बच्चों को जानकारी देते डालसा सचिव।

लोहरदगा। झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा 17 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर, 2023 तक 100 दिवसीय विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम चला रही है।

इस कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के प्रत्येक गांव व पंचायत एवं विद्यालयों में पहुंचकर न सिर्फ कानून संबंधी जागरूकता चलाया जा रहा है बल्कि किसी की समस्या होने पर उनके आवेदन स्वीकार किये जाते हैं और उन पर कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुडु प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर बड़की चापी में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु लोहरदगा डालसा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को डालसा लोहरदगा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत करेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बच्चों के बीच विभिन्न कानून से संबंधित बातें रखी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बच्चियां किसी भी तरह के अपराध होने पर खासकर लैंगिक अपराध होने की स्थिति में इसे चुपचाप सहन नहीं करें। जब भी लगे कि उन्हें किसी से खतरा है चाहे वह परिवार के सदस्य ही क्यों न हो इसकी जानकारी तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या जिनमें उनका विश्वास है उन्हें दें।

पूजा के दौरान अव्यवस्था न हो, शांति समिति के सदस्य लें इसकी जिम्मेदारी : एसडीपीओ

■ घाघरा थाना में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में शामिल एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

घाघरा। दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को घाघरा थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने की। मौके पर श्री लाल ने पूजा के महत्व को बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कहीं अव्यवस्था ना फैले इसकी जिम्मेवारी शांति समिति के सदस्यों की होनी चाहिए। इधर सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले पूजा पंडाल को निर्देश देते हुए सडीपीओ ने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए की किसी भी तरह का दुर्घटना न हो। इसकी तैयारी समिति करें। अपने वॉलिंटियर तैयार रखें। थाना में सूची उपलब्ध करायें ताकि अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने बारी-बारी से समिति के पदाधिकारियों से कई विषयों पर चर्चा की। जिसमें पुलिस प्रसाशन द्वारा सीसीटीवी, बेरिकेट की व्यवस्था, पूजा पंडालों में पुलिस बल सहित कई सुविधा दिए जाने की बात कही गयी। साथ ही समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आग के खतरे को ध्यान में रखकर अग्नि शमन यंत्र, बिजली तार की सुरक्षा व्यवस्था, पूजा समिति के लाइसेंस को रिनुअल करने के लिए शनिवार तक थाना में कागजात जमा करने की बात कही गई। इस चर्चा में समिति व शांति समिति के सदस्यों ने मांग रखी कि संध्या आरती के समय बड़े वाहन एवं बॉक्साइट ट्रक की यातायात को बंद करा देनी चाहिए।

मरीज की जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में शुक्रवार को बजरंग दल गुमला के दो कार्यकर्ताओं ने मरीज की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में आशुतोष चौबे व पंकज वर्मा के नाम शामिल है। मौके पर मुकेश सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

रावण दहन की अनुमति देने की डीसी से मांग

गुमला। आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप परमवीर अलर्ट एक्का स्टेडियम में रावण दहन की अनुमति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि रावण दहन की अनुमति नहीं देना काफी निंदनीय है। रावण दहन विगत कई वर्षों से होता आ रहा है और सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थान काफी सुरक्षित है। क्योंकि यह स्थान गुमला शहर के बीच में है और चारों ओर से चहारदीवारी है। रावण दहन देखने बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक आते हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में आते हैं। हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आस्था का विषय है। जिसपर गौर करते हुए रावण दहन की अनुमति उपायुक्त से देने की श्री साहू ने मांग की।

पलास मार्ट सह मिलेट कैफे का बीडीओ ने किया उद्घाटन

चैनपुर। प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक चौक में शुक्रवार को पलास मार्ट सह मिलेट कैफे का बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह एवं प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने फीता काटकर एवं केक काटकर उद्घाटन किया। जिसका संचालन ग्रामीण विकास विभाग के तहत जेएसएलपीएस आजीविका सखी मंडल करेगा। ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादित वस्तु की बिक्री दुकान में होगी। इससे महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी। बीडीओ ने सभी महिलाओं को स्वावलंबन होने और सभी लोगों को पलास मार्ट सह मिलेट कैसे से बन रहे सामान की खरीदारी करने की सलाह दी। मौके पर जेएसएलपीएस की बीपीएम अल्पना खलखो, उप प्रमुख, टाना भगत सहित जेएसएलपीएस की दीदी उपस्थित थे।

बीडीओ-पर्यवेक्षकों ने किया योजनाओं का निरीक्षण

भंडरा। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने मसमानो पंचायत में संचालित पीएम आवास योजना, 15वीं वित्तीय से संचालित विभिन्न योजनाएं, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का निरीक्षण प्रखंड के पर्यवेक्षक एवं तकनीकी कर्मियों के साथ किया। निरीक्षण में आवास योजना में कई लाभुक लंबे समय से आवास योजना का काम लंबित रखे हैं। जिससे योजना का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। आवास निर्माण कार्य लंबित रखने वाले आवास योजना का निरीक्षण बीडीओ ने किया एवं लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को शीघ्र पूरा करने का निर्देश लाभुकों को दिया।

बेटा नहीं होने पर महिला की हत्या, पति और सास-ससुर पुलिस हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता



कुडू, लोहरदगा। जिले के कुडू प्रखंड स्थित कुंदो में पति एवं ससुराल वालों ने पत्नी की हत्या कर दी। मामला बीते गुरुवार रात्रि का है। मृतक के पिता भंडरा कुम्हरिया के राजेश साहू ने बताया है कि उन्हें गुरुवार रात्रि खबर मिली की उनकी पुत्री ज्योति की स्थिति नाजुक है। जब वे कुडू बेटी के घर पहुंचे तो देखा कि बेटी के गले में लाल रंग का कपड़ा बंधा हुआ है और उसकी मौत हो चुकी है। काफी हो हंगामा के बाद कुडू थाना को इसकी सूचना दी गयी। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए मृतक के पति नीतिंजय साहू, पिता योगेंद्र साहू एवम योगेंद्र साहू की पत्नी महेश्वरी देवी को हिरासत में ले लिया। मृतक के पिता राजेश साहू ने बताया उनकी पुत्री की शादी के सात साल हो गये हैं। उनकी बड़ा ऑपरेशन से दो लड़की थी जिसमे से बीते वर्ष एक पुत्री की मौत हो गई। आए दिन पुत्र नहीं होने के कारण उनकी पुत्री के साथ मारपीट की जाती थी। शादी के समय दहेज में तीन लाख नगद एवं एक मोटरसाइकिल दी गई थी। आये दिन और पैसे के लिए दबाव बनाया जाता था।

जिला प्रशासन से रावण दहन की सशर्त अनुमति पर वापस लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला प्रशासन के परमवीर अलर्ट एक्का स्टेडियम में रावण दहन की अनुमति नहीं दिये जाने पर शुक्रवार को रावण दहन सह विजय दशमी मेला आयोजन समिति की बैठक श्री बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। बैठक में काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए। बैठक में अनुमति नहीं मिलने पर सदस्यों ने एक स्वर में आज शाम मशाल जुलूस निकालने व अनिश्चित कालीन गुमला बंद करने का निर्णय लिया था। बैठक में सदस्यों ने कहा कि रावण दहन होगा तो स्टेडियम में ही होगा अन्यथा नहीं होगा। इधर बैठक में यह सूचना मिली कि प्रशासन के द्वारा सशर्त रावण दहन की अनुमति स्टेडियम में दिया गया है। जिसके बाद समिति के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात होने पर मशाल जुलूस व अनिश्चित कालीन बंद के निर्णय को वापस लिया। वहीं अनुमति मिलने पर सदस्यों ने खुशी का इजहार किया।

कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो को चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में दी गयी श्रद्धांजलि

■ कार्डिनल का जीवन मानव सेवा, दया व ईश्वर के बताये मार्ग पर चलने की नसीहतों से भरा रहा : सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्डिनल को श्रद्धांजलि देते बीडीओ व अन्य।

चैनपुर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान चैनपुर बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि एशिया के पहले आदिवासी विशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो इस दुनिया में तो अब नहीं है। लेकिन उनकी पूरी जिंदगी मानव सेवा, दया और ईश्वर के बताए मार्ग पर चलने की नसीहतों भरी रही। 4 अक्टूबर को 84 साल की उम्र में कार्डिनल ने अंतिम सांस ली और हमेशा-हमेशा के लिए अपना शरीर त्याग दिया। चैनपुर के झाड़गांव जैसे छोटे से गांव से निकलकर उन्होंने कार्डिनल तक का सफर तय किया था। उनकी जीवनी को सदियों तक लोग याद रखेंगे। वहीं झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह बीससूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो एक भला चरवाहा व महान व्यक्ति थे। उन्होंने छोटा नागपुर की कलीसिया आदिवासी समाज झारखंड और देश के अमन चैन और तरक्की के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। वे छोटे बड़े एवं सभी मजहब के प्यारे थे। शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति भी उनका एक विशेष लगा था। अपने 84 साल की जिंदगी में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो ने कई कामयाबियां की इबारत लिखी। हमेशा इंसानियत को पहले रखा और सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म माना दया,प्रेम और सेवा के बिना संसार अधूरा है और यही जिंदगी का असली फलसफा है। इस बात को वह समझते थे। इसे ही मानव धर्म की पूजा समझकर कार्डिनल ने लोगों की जिंदगी में बदलाव लाया और उनकी तकदीर संवारने की कोशिश की। आज तो कार्डिनल हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह गये। लेकिन, उनके बताये मार्ग आने वाले पीढ़ियों को नया रास्ता दिखायेगी।

एमबी डीएवी विद्यालय में भक्ति परिधान प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों के मध्य भक्ति परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि नवदुर्गा का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। भगवती माता दुर्गा जिन्हें आदिशक्ति, जगत जननी, जगदंबा भी कहा जाता है, भगवती के नौ मुख्य रूप है जिनकी विशेष पूजा व साधना नवरात्रि के दौरान की जाती है। इन नौ देवियों को पापों की विनाशिनी कहा जाता है, हर देवी के अलग अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है। बच्चों को मां दुर्गा के नव रूप से तथा नवरात्रि के महत्व से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में मंच संचालन का कार्य शिक्षिका प्रतिमा साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों द्वारा माता भगवती के नव रूप, भगवान भोलेनाथ, पुत्र कार्तिकेय व गणेश के रूप धारण किये गये जो अत्यंत मनोहारी थे। इस प्रतियोगिता में हर्षिता कुमारी प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय व श्रेयसी शर्मा व श्रद्धा दास ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

स्पीड न्यूज

विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

नव पदस्थापित बीडीओ को सम्मानित करते कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कर्मियों, जनप्रतिनिधियों व जेएसएलपीएस के महिला सदस्यों ने निवर्तमान बीडीओ जयपाल महतो तथा नव पदस्थापित बीडीओ नंदजी राम को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर निवर्तमान बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि विदाई समारोह में प्रखंड कर्मियों, जनप्रतिनिधियों व लोगो के प्यार देख मेरा मन भाव विभोर हो गया। किताबी ज्ञान और धरातल पर कार्य का अनुभव मुझे भवनाथपुर प्रखंड में हुई पहली पोस्टिंग में देखने को मिली। कहा कि बतौर बीडीओ के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम अवाम का अच्छा सहयोग मिला। मुझे पूरी उम्मीद है, कि आप सभी उसी तरह का सहयोग नव पदस्थापित बीडीओ को भी देंगे। कार्यक्रम को जिपस रंजनी शर्मा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, बीडीसी चंदन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया।

राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने किया मुखिया के आवास का घेराव

मुखिया के आवास का घेराव करते लाभुक

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। प्रखंड के मोरबे पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने अगस्त-सितम्बर माह के राशन के लिए मुखिया निर्मला सिंह के आवास का घेराव किया और कहा कि उन सभी को अगस्त माह से ही राशन नहीं दिया जा रहा है। लाभुकों का कहना है कि बीडीओ साहब द्वारा करकटा गांव के डीलर राजेश्वर राम को सभी कार्ड धारियों को राशन देने का निर्देश दिया था लेकिन उसके द्वारा सभी लाभुकों को राशन नहीं दिया गया। इसके बाद भी शुक्रवार को लगभग 46 लोगों को अभी भी राशन नहीं दिया गया है। जिसके कारण उनके परिवार के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गई है। मुखिया निर्मला सिंह ने लाभुकों को आश्वासन देते हुए कहा कि डीलर चाहे खरीद कर राशन दे, उसे हर हाल में सभी को राशन देना पड़ेगा। जबकि मालूम चला कि डीलर राजेश्वर राम अगस्त एवं सितंबर माह का पूरा राशन उठा चुके हैं लेकिन लगभग 46 लाभुक वंचित रह गए और उनके गोदाम में भी चावल एवं गेहूं का स्टॉक समाप्त हो गया। लाभुकों ने कहा कि अभी तक अगस्त माह में मिलने वाले धोती साड़ी भी नहीं मिला है। जबकि डीलर अगस्त माह में ही ोती साड़ी का प्रखंड से उठाव कर लिए हैं। मौके पर मालती देवी, शारदा देवी, गुली देवी, तेतरी देवी, लालती देवी, अलियारी देवी, पार्वती देवी, सहोदरी देवी, सुनीता देवी, कइली देवी, सुनैना देवी, संगीता देवी, कुशुम देवी, बिमली देवी, लिखनी देवी, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, मीना देवी, कालिंदी देवी,उषा देवी, रामजी साव, विश्वनाथ प्रजापति, विनय प्रजापति आदि लाभुक उपस्थित थे।

अपराधियों ने दिनदहाड़े महिला से लूटे जेवरात व नगद राशि

पीड़ित महिला से पूछताछ करते एसडीपीओ

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के छमाईलवा-बरवाबांध मोड़ के समीप दिनदहाड़े अपराधियों ने एक महिला से जेवरात व नगद राशि की लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला से आधा दर्जन अपराधियों ने सोने का चैन, कान का बाली तथा एक हजार रुपए लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा पीड़ित महिला को मेडिकल चेकअप के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कोण थाना के झरिया गांव निवासी दीपिका कुमारी अपनी छोटी बच्ची के साथ नगर उंटारी स्थित हेनहो में मायके जाने के लिए निकली थी। वह विंढ़मगंज में पीले रंग की ऑटो पर सवार हो गयी। जिसमें महिला सहित चार पांच लोग थे। महिला बीच रास्ते में कहीं उतर गई। जिसके बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर पीड़ित महिला ने बताया कि होश आया तो देखा कि चारों तरफ जंगल झाड़ी है और हमारे गले का चैन, कान का बाली व एक हजार नगद भी गायब है। जिसके बाद मुझे समझ में आया कि उक्त ऑटो वाले ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। दीपिका ने बताया कि विंढ़मगंज में ऑटो पर बैठने के बाद कुछ दूर जाने पर उक्त अपराधियों ने मेरे नाक पर कुछ सुंघाया और मैं बेहोश हो गई। घटना के संबंध में एसडीपीओ ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि विंढ़मगंज से पीड़ित महिला को नगर उंटारी में हेनहो में जाना था, लेकिन भवनाथपुर में छमाईलवा के पास झाड़ी में बेहोशी की हालत में मिलना संदेहास्पद लगता है। हालांकि मामला जो भी हो अपराध करने वाले बच नहीं पायेंगे।

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों की खैर नहीं: जिला प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त अबू इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन की नेतृत्व बैठक हुई। हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। विधि व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई । सप्तमी से दशमी तक कुछ सड़कों को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस की समय सीमा तय करने, सफाईकर्मी नियुक्त करने, बैरिकेडिंग, प्रकाश/पेयजल सहित अन्य सुझावों पर चर्चा की गई।

विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान मिलने वाली किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के समय से ही त्योहारों का मौसम शुरू हो जाता है। लगभग सभी

डीसी एसपी ने सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की

बुद्धिजीवी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाते हैं। लेकिन कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र अफवाहें फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसे उपद्रवियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिला प्रशासन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट या झूठी अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने त्योहारों के दौरान गड़बड़ी फैलाने और अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कृत्य न करे कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर समय रहते इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। किसी को भी कानून हाथ में लेने की जरूरत बिल्कुल नहीं है. इसके अलावा सभी तालाबों में डूबाव जलस्तर को चिन्हित कर बैरिकेडिंग करायें। ताकि विसर्जन के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

पंडाल में अग्निशमन यंत्र के साथ ही निकास द्वार को बड़ा और दुरुस्त रखने को कहा गया। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष/सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अजय सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य व्यक्ति सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

कोल इंडिया के चीफ विजिलेंस अधिकारी ने मगध- आम्रपाली का किया एक दिवसीय दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। एशिया की सबसे बड़ी मगध- आम्रपाली कोलपरियोजना क्षेत्र का कोल इंडिया के चीफ विजिलेंस अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के मुख्य विजिलेंस अधिकारी पंकज कुमार ने अपने विजिलेंस विभाग के साथ एक दिवसीय दौरा किया।

सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा एस एस उच्च विद्यालय टंडवा के छात्राओं द्वारा 'भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे' के थीम पर आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में शामिल हुवें, जहां सीवीओ कोल इंडिया तथा सिविओ सीसीएल ने नुक्कड़ - नाटक को देखकर बहुत ही प्रशंसा किया, इसके बाद सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखा कर विधिवत रवाना किया। ततपश्चात आम्रपाली कोल परियोजना पहुंचें जहां महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया तथा परियोजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी, और आखिर में आम्रपाली व्यू पॉइंट जाकर परियोजना का निरीक्षण किया एवं परियोजना से जुड़े सभी वरीय अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिया।

इस दौरान महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए गए है। जैसा की चित्रकला परतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरि आदि और आने वाले दिनो में और भी कार्यक्रम किया जाएगा।

सियालदाह-राजधानी एक्सप्रेस में एक्स आर्मी जवान के रिवाल्वर से चली गोली

यात्रियों में हड़कंप, जवान को धनबाद न्यायालय भेजा गया

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। बीती रात सियालदह राजधानी ट्रेन में उस समय दहशत फैल गई, जब अचानक ट्रेन में गोली चलने की आवाज आई। ट्रेन में सवार आरपीएफ के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे, टिकट को लेकर शुरु हुए विवाद के बाद आरोपी ने टीटीई पर ही ओपन फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी को गोली नहीं लगी। वहीं आरोपी की पहचान पंजाब के गुरदासपुर के रहने वाले रिटायर्ड जवान के रूप में हुई है। बतादें कि आरोपी हरपिंदर सिंह सिख रेजिमेंट का रिटायर्ड जवान हैं, जो शराब के नशे में धूत था और वह हावड़ा राजधानी की बजाय सियालदह राजधानी में सवार हो गया। जिसके

बाद टीटीई से टिकट दिखाने को लेकर विवाद हुआ एवं आरोपी जवान ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से 1 राउंड फायरिंग कर दिया। उक्त मामला वीवीआइपी ट्रेनों में सुमार 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का है। ट्रेन के बी-8 कोच में हुई घटना की सूचना धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों को मिलने के बाद आरोपी जवान को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जवान धनबाद के किसी कोलियरी में प्राइवेट सिक्योरिटी की जॉब करता है। वहीं जवान के पास से हावड़ा राजधानी का टिकट बरामद हुआ है, मगर वह धनबाद से सियालदह राजधानी ट्रेन में सवार होकर सफर कर रहा था। ट्रेन के मतारी स्टेशन के आस पास पहुंचने पर टिकट जांच कर रहे टीटीई से उसका विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर जवान ने अपने पास रखी रिवाल्वर निकाल कर गोली चला दी। ट्रेन को एस्कर्ट कर रहे आरपीएफ के जवानों ने तुरंत जवान को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास रखी रिवाल्वर को जब्त कर लिया। रिटायर्ड जवान को मेडिकल जांच के बाद शुक्रवार को धनबाद न्यायालय भेज दिया गया।

आंगनवाड़ी भवन का सुयोग्य स्थल पर निर्माण कराने की डीसी से मांग

सतगावां (कोडरमा)। झारखंड छात्र मोर्चा जिला समिति अध्यक्ष अखिलेश कुमार सह मानवाधिकार सदस्य के द्वारा शुक्रवार को लिखित आवेदन देकर उपायुक्त को बताया है कि सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां पंचायत मीरगंज के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 एवं 88 जो 102 प्रोजेक्ट हाई स्कूल मीरगंज के पीछे आंगनबाड़ी भवन निर्माण करने की प्रक्रिया की जा रही है, वह स्थल नन्हे मुंहे बच्चों के लिए योग्य नहीं है। यह स्थल गांव से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है, यह क्षेत्र हमेशा नक्सल प्रभावित रहा है, इतनी दूर होने से रास्ते में जंगली जानवर से लेकर आसामाजिक तत्वों के साथ ही रोड एक्सीडेंट का भी डर बना रहेगा। वहां आंगनबाड़ी बनने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। जिससे आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों अभिभावक एवं ग्रामीण काफी डरे व समहमे हुए हैं। इससे पहले भी ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी, मगर उस पर किसी प्रकार की पहल नहीं की गयी। उपायुक्त के साथ-साथ आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाज कल्याण मंत्री, उप विकास आयुक्त कोडरमा, जिप अध्यक्ष रामधन यादव को दिया गया है।

श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। डीआरडीए कार्यालय कक्ष में निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण (आईटीआई), कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रवासी श्रमिक, असंठित श्रमिक, किशनपुर एवं सिमरिया आईटीआई में मानवबल, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियमावली अधिनियम 2021 समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रवासी श्रमिकों का अधिक से अधिक संख्या में निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही राज्य से बाहर कार्य करने वाले प्रवासी श्रमिकों के मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को दिए जाने वाले अनुदान से संबंधित प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दो दिनों के अंदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कराने का निर्देश दिया गया।

वन अधिकार समिति का किया गया गठन

मरकच्चो। प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन जामु के सभागार में शुक्रवार को वन अधिकार अधिनियम 2023 के तहत प्रावधानों में वन पट्टा लाभ देने हेतु वन अधिकार समिति का गठन किया गया, जिसके तहत ग्राम सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया नीता कुमारी ने की, जहां सर्व समिति से सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में वन अधिनियम 2023 के तहत वन कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर पिंटू कुमार गुप्ता, बैजनाथ यादव, प्रमोद कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

अमृत कलश यात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का अयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2022-24 के

प्रशिक्षुओं, सभी सहायक प्राध्यापक व महाविद्यालय के सदस्यों ने अपने-अपने घरों से मिट्टी एवं चावल लाकर कलश में एकत्रित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डा. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम हमें अपने देश की संस्कृति और सभ्यता विविधता में एकता को बनाए रखने का संदेश देता है।

नवरात्रि आगमन को लेकर डांडिया नाइट का आयोजन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। अखिल भारतीय कायस्थ महिला प्रकोष्ठ की ओर से नवरात्रि आगमन को लेकर डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। झुमरीतिलैया के ग्रांड सूर्या बैंक्वेट हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कायस्थ महिलाओं ने हिस्सा लिया और डांडिया खेल कर नवरात्रि के आगमन का स्वागत किया। वहीं प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रीति सहाय भी मौजूद रहीं। वहीं महिलाओं के बीच विविध प्रतियोगिता, नृत्य, संगीत का भी आयोजन किया गया।

एकल अभियान के तत्वावधान में खेलकूद का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान गिद्धौर में खेलेगा भारत, खिलेगा भारत के तहत एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब गिद्धौर अंचल चतरा, भाग हजारीबाग झारखंड के तत्वधान में संच स्तरीय एक दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन स्थान फुटबॉल मैदान गिद्धौर में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत के मुखिया निर्मला देवी विशिष्ट अतिथि प्रेम राणा एवम एकल अभियान महिला समिति ने संयुक्त रूप से भारत माता एवम सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यकर्म का उद्घाटन किया गया।

अभ्युदय यूथ क्लब का यह प्रयास ग्राम छेत्र में बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है। उसे राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए एक सरहनीय पहल है।अरविंद कुमार संभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख संभाग उत्तर झारखंड के द्वारा बताया गया कि इसमें सौ मीटर ,दो सौ मीटर,चार सौ मीटर,ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी एवम कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और जो बच्चे प्रथम किए हैं,वो बच्चे अंचल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष का हुआ कोडरमा दौरा, पदाधिकारियों व सफाई कर्मियों के साथ की बैठक

समय पर मानदेय, पीएफ व ईएसआई का करें भुगतान : एम. वेंकटेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने झुमरीतिलैया स्थित श्रम कल्याण सभागार में पदाधिकारियों व सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच, नगर परिषद झुमरी तिलैया, स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा महिला सफाई कर्मचारियों से कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न, शोषण आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से वार्तालाप कर उन्हें सरकार के द्वारा दिए जाने वाले रोजगार तथा इसके तहत मानेदय भुगतान सहित पीएफ एवं ईएसआई कार्ड व बीमा की सुविधा उन्हें दी जा रही है अथवा नहीं इसकी भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में सफाई कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर अपनी-अपनी समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। डोमचांच नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने पिछले नौ माह से पीएफ का पैसा साथ ही किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलने की बात

कही। जिस पर अध्यक्ष ने नगर पंचायत डोमचांच के कार्यपालक पदाधिकारी को एजेंसी से समन्वय स्थापित कर सफाई कर्मियों का पीएफ का पैसा भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मियों का पीएफ, ईएसआई के भुगतान से संबंधित निर्देश दिये और आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पीएफ, ईएसआई का भुगतान नहीं करने पर वैसे एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने को कहा गया। सफाई कर्मियों ने समय पर मानदेय भुगतान करने की मांग को रखा। जिसपर अध्यक्ष ने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को बाह्यस्रोत के रूप में कार्यरत कर्मियों का समय पर उपस्थिति भेजने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें समय पर मानदेय का भुगतान हो सके।

महिला सफाई कर्मियों के लिए चेजिंग रूम बनाने का निर्देश : अध्यक्ष ने महिला सफाई कर्मचारियों से कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न, शोषण आदि की जानकारी प्राप्त की। महिला सफाई कर्मियों ने भी कुछ सुविधाएं नहीं मिलने की बात कही। वहीं अध्यक्ष ने सभी निकायों में महिला सफाई कर्मियों के लिए चेजिंग रूम बनाने साथ ही वहां शौचालय व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सफाई कर्मियों को योजना का दें लाभ : बैठक में आये सभी सफाई कर्मियों ने किसी प्रकार का लाभ नहीं मिलने की बात कही। आवास, राशन, पेंशन इत्यादि का लाभ नहीं मिल रहा है। जिस पर अध्यक्ष ने डीडीसी से आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। वहीं डीडीसी ने सभी पदाधिकारियों को स्लम क्षेत्रों में केंप लगाकर आहर्ता रखने वालोंघ को योजना का लाभ देने, सफाई कर्मियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से भी अच्छादित करने को कहा। बैठक के उपरांत अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय आयोग, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को जिले में कार्यरत सफाई कर्मियों के लंबित मामलों पर अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग सफाई कर्मियों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा, ई-श्रम कार्ड एवं अन्य सुविधाएं बहाल करने की दिशा में सक्रिय है। झुमरीतिलैया नगर परिषद् अंतर्गत भादोडीह के स्लम क्षेत्रों का अध्यक्ष ने भ्रमण किया। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, डीडब्लूओ नीली सरोज कुजुर, डीईओ नयन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच नगर परिषद् झुमरीतिलैया, पणन सचिव अभिषेक आनंद, सामान्य शाखा पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

दो माह का राशन नहीं मिलने पर भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिले के विशुनपुरा अंचल कार्यालय के समक्ष पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बलराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण डीलर द्वारा दो माह का राशन वितरण नहीं किये जाने पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार के आश्वासन दिए 15 दिन बीत जाने के बाद भी प्रखंड के डीलरों द्वारा राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि डीलर अगस्त माह का अंगूठा लगवाकर राशन वितरण नहीं कर रहे हैं। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, लतीफ अंसारी, सचिन गुप्ता, भरदूल चंद्रवंशी, आलम अंसारी, विजय चौरसिया, ललन प्रसाद गुप्ता, रीता देवी, भगमानी कुंवर, उषा देवी, कलावती देवी, रीता देवी, सुनीता कुंवर, रीना देवी सहित सैकड़ों उपस्थित थे। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण धरना पर बैठे हुए थे।

खेल प्रतियोगिता से प्रतियोगिता की भावना होती है जागृत : सांसद धीरज साहु

फाईनल मैच संत जोसेफ +2 विद्यालय बनाम शहीद क्लब महुआडांड के बीच खेला गया, संत जोसेफ +2 विद्यालय रही विजेता

- शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, विधायक रामचंद्र सिंह व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू पहुंचे
- खेल प्रतियोगिता से प्रतियोगिता की भावना होती है जागृत, महुआडांड के लोग मे खेल को लेकर रहते हैं उत्साहित: सांसद धीरज प्रसाद साहु

मौके पर सांसद, विधायक व अन्य।

खिलाड़ियों को पुरूस्कार वितरण करते सांसद।

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट का शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समापन हुआ। शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट का फाईनल मैच संत जोसेफ विद्यालय +2 विद्यालय महुआडांड बनाम शहीद क्लब महुआडांड के बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, विधायक रामचंद्र सिंह व पूर्व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने संयुक्त रूप से झण्डोतोलन कर, फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों का महुआडांड के जनप्रतिनिधियों ने बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किये। खेले गए फाईनल मैच का विजेता संत जोसेफ +2 विद्यालय रही। इन्होने शहीद क्लब की टीम को 1-0 से हराया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के द्वारा विजेता टीम को पुरूस्कार स्वरूप नगद 25000 रूपये वहीं उपविजेता टीम को 15000 रूपये नगद दिये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है, तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के लिए भी कुछ करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। श्री साहु ने कहा के यंहा के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। मुझे इससे काफी खुशी मिली। आगे इससे भी बडा आयोजन होगा। लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखण्ड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है, लेकिन पिछले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नही किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। जो कि सराहनीय पहल है। इस तरह का आयोजन लोगो के बीच छुपी प्रतिभा निखारने का एक माध्यम है। आपलोग इसका लाभ उठाये। आप इससे अपना कैरियर बनाने के साथ साथ राज्य एवं देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायतीराज के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मदन मोहन शर्मा, सच्चिदानंद पांडेय, महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, बीडीओ अमरेन डांग, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, वार्ड सदस्य अलिका एक्का, रानू खान, नुरूल अंसारी, शफरूल अंसारी, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किण्डो आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट के अध्यक्ष सह प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल, उपाध्यक्ष नितिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान, जावेद अख्तर, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, नवीन प्रकाश तिर्की, राजा खान, अफरोज खान, खुशदिल खान, अनुरवि खाखा, इरफान, परवेज, निशांत, अजय कुमार शर्मा, राजन खान आदि का योगदान सराहनीय रहा। शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट के समापन समारोह के अवसर पर रंगारंग आर्केस्ट्रा का किया गया आयोजन। शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनार्मेंट के समापन समारोह के अवसर पर स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में रंगारंग आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया।

स्पीड न्यूज

स्कूली शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता रैली

हेरहंज। सक्षम ग्राम पंचायत तासु में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन की ए. बी. सी (एस्पिरेशनल भारत कॉलबोरटिव) फेलो गायत्री कुमारी ने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व के लिए जागरूकता रैली निकाली, जिसमें गायत्री कुमारी ने बच्चों को सम्बोधित किया जिसमें उन्होंने कहा कि आज का बच्चा कल का भविष्य तय कर सकता हैं इसीलिए अपने बच्चों को जरूर से जरूर पढ़ाये और विभिन्न प्रकार के जागरूकता से सम्बंधित नारे भी लगाए गए। मौके पर पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगन सिंह, सहायक शिक्षक नीरज कुमार, सहिया पुष्पा देवी एवं विशेषकर बच्चों ने प्रमुख रूप से भाग लेकर जागरूकता रैली को सफल बनाया।

भाजपा कार्यकर्ताओ ने बालूमाथ के नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी से की मुलाकात

मौके पर मौजूद बीडीओ व अन्य।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव से औपचारिक मुलाकात की और उन्हें बधाई दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बारी-बारी से कार्यकताओं का परिचय बीडीओ सोमा उरांव से करवाया। साथ ही कहा की छेत्र की जनता एवम जरूरत मंद को प्राथमिक देते हुए छेत्र का विकाश करे। भाजपा परिवार सहयोग करेगा। मौके पर अमित कुमार,रामकुमार गुप्ता, रघुनंदन सोनी, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव,राजेंद्र प्रसाद बरियातू, शंभू पासवान, गजेंद्र हिमांशु, पंकज सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, मनोज राम, निर्मल उरांव, ईश्वरी महतो समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रखंड कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक रखी गई। बैठक मनरेगा पीएम आवास को लेकर रखी गई थी। मौके पर बीडीओ ने पीएम आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही साथ ही मनरेगा के कार्यों में भी तेजी लाने और सभी कार्यो का एम०बी सहित कागजात को पूर्ण करने की बात कही। साथ ही कई योजनाओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, जेई बाबूलाल उरांव, ऐई दिनेश कुमार, बीपीओ मुजफ्फर कमाल,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया, ब्लॉक कर्मी मौजूद थे।

नवरात्र के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर रोक को लेकर विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी

चंदवा। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार आगामी शारदीय नवरात्र के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम को लेकर चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा अभियान चलाकर अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान हुटाप पंचायत के भदई टांड व भेलवाटांड में कई ठिकानों पर लगभग 40-50 किलो जावा महुआ व देशी शराब को विनष्ट किया गया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही अवैध शराब बनाने में लिप्त लोग भाग निकले। इधर अभियान के बाद अवैध शराब के व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप देखा जा रहा है। छापामारी में चंदवा थाना पुअनि नारायण यादव, सअनि महादेव उरांव समेत दल बल के जवान शामिल थे।

दुर्गापूजा को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

पंडालों में जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाने को लेकर शुक्रवार की शाम चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ जयशंकर पाठक व संचालन पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर बबलू कुमार, सीओ जयशंकर पाठक व बीडीओ विजय कुमार ने जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी दी व पूजा समिति के लोगो से पूजा पंडालों पर जरूरी व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सुरक्षित तरीके से बिजली व्यवस्था करने, अग्निशमन की व्यवस्था करने, पंडालों पर महिला व पुरुष के लिए अलग अलग पंक्ति करने, पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने, सभी पूजा समिति के

बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य।

लोगों से भोलेन्टियर्स की सूची बनाकर प्रशासन को देने, प्रशासन द्वारा जारी समयानुसार प्रतिमा विसर्जन सुनिश्चित करने समेत कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने कहा कि पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। चंदवा प्रखण्ड में 22 स्थानों पर पूजा पंडाल स्थापित हो रहा है, जिसमें 5 लाइसेंसी व 17 गैर लाइसेंसी है। जिस पूजा समिति के लाइसेंस नही बन पाया है वे बनवा लें साथ ही लाइसेंसधारी भी अपने लाइसेंस का नवीनीकरण करा लें। वहीं दुर्गा मंडल के लोगों ने चंदवा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने, सप्तमी से दशमी तक नो एंट्री लागू करने, अवैध शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने, वाहनों की गति को नियंत्रित करने समेत कई बातों को रखा। बैठक में आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, रोहित यादव, पंसस नीलम देवी, बीससूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, हाजी फिरोज अहमद, समाजसेवी रामयश पाठक, राजेश चन्द्र पांडेय, रामप्रवेश यादव, महेंद्र साहू, सत्येंद्र यादव, सितमोहन मुंडा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, दीपू सिन्हा, आशीष सिंह, असगर खान, अयूब खान, बाबर खान, निर्मल भारती, मंटू केसरी, इंदुभूषण पाठक, सुबोध जायसवाल, सत्येंद्र यादव, रवि डे, छोटू शाही, रामप्रसाद साहू, त्रिभुवन पाठक,सत्येंद्र प्रसाद, प्रमोद साहू, मुखिया ललिता देवी, पुष्पा देवी, अनिता भगत, रंजीता एक्का, अनिता भगत, सुख नारायण सिंह समेत विभिन्न पूजा पंडालों के लोग समाज के प्रबुद्ध नगरिक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

मेरी माटी मेरा देश एवं अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया

लातेहार। थाना क्षेत्र बानपुर स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय में झारखंड के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश एवं अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा अपने-अपने घरों से लाई गई मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में इकट्ठा किया गया। कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद के द्वारा उपस्थिति छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मियों के समक्ष पंच प्रण शपथ भी दिलाई गई। साथ ही अमृत कलश यात्रा ग्राम बानपुर में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, एनजीओ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला अधिकारी कंचन कुमारी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वीरों का वंदन एवं माटी को नमन कर सामुदायिक भागीदारी निभाना है। वही महाविद्यालय के सचिव ने आज के परिवेश में देशभक्ति जागृत करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। महाविद्यालय के प्रोफेसर सीमा, संजीत कुमार, रंजीत कुमार, योगेश्वर महतो, रेणु कुमारी, चंदा कुमारी, इशरत बानो एवं अनु कुमारी, आरती कुमारी, उषा कुमारी, चौहान तिग्गा, कविता कुमारी फिर कविता कुमारी अंजू कुमारी, सुकांति कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।

फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों के साथ हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। एनएच -75 पर प्रस्तावित फोरलेन निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों की समस्या पर चर्चा को लेकर शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत चेटर पंचायत सचिवालय परिसर में विशेष सभा का आयोजन किया गया। सभा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रविंद्र तिवारी एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान नागरिकों के साथ हाईवे सड़क निर्माण योजना के लिये किये जा रहे भूमिअधिग्रहण में रैयतों के भूमि का दर निर्धारण, भू प्रकार का रैयती निर्धारण एवं विविध सामाजिक धार्मिक स्थलों का पुनर्स्थापना, पंचायती राज अधिकार के व्यापक संदर्भ, पंचायतों का आर्थिक समृद्धि एवं शसक्तीकरण विषयक तमाम

रैयतों की समस्याओं पर चर्चा करते परिषद के सदस्य।

विंदुओं पर विमर्श के उपरांत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार सह केंद्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद रवीन्द्र तिवारी ने लोगों के समस्याओं के समाधान के सभी वैधानिक तरीकों से अवगत कराया एवं राज्य सरकार से आम रैयतों के हित में एक न्यूनतम बाजार दर तय करने, आम गैरमजरूआ, जंगल-झाड़ी प्रकृति की जमीन के वैध पर्चा ओ कब्जाधारियों को पूर्ण रैयती का दर्जा देने एवं आदिवासियों के सरना स्थल मसना स्थल सहित तमाम पूजा स्थलों के पुनर्स्थापना हेतु अविलंब निर्णय कर केंद्र को अनुशंसा भेजे ताकी आम रैयतों को उनका वाजिब हक मिल सके। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि सरदार सिंह, पंसस शंकर गंझू, रामयश पाठक, छेदी गंझू, मार्सेल केरकेट्टा, नवीन कंडुलना समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

मायूसी के हालात में उम्मीद जगाती है ऋभु किताब: स्वाति विजय उपाध्याय

- डालसा सचिव और डीसीपीओ ने किया व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन पुस्तक का लोकार्पण

लोकार्पण समारोह में शामिल लोग।

लातेहार। बाल अधिकार कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के लॉयर भुवन ऋभु की पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का का लोकार्पण लातेहार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाती विजय उपाध्याय और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी के हाथों किया गया। इस मौके पर बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक रवि शंकर, वैदिक समिति के समन्वयक पंकज पांडे, अधिवक्ता संजय कुमार, जेजेबी मेंबर अभिषेक जौरीहर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर डालसा सचिव ने कहा कि देश में जहां हर साल लाखों नाबालिग बच्चियों को शादी का जोड़ा पहना दिया जाता है, और बाल विवाह के बाद उनके सारे सपने और उनका भविष्य धरासायी हो जाता है। इस दौर में बाल विवाह से मुक्ति के लिए हर नागरिक को बच्चों के प्रति संवेदनशील होकर अपना कर्तव्य निभाना होगा। डीसीपीओ ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक ठोस कार्य योजना और रणनीतिक खाका पेश करती भुवन ऋभु की किताब व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन' बच्चों के अधिकार और संरक्षण के लिए कार्य कर रही लोगों के लिए काफी सहायक सिद्ध होगी। बीबीए समन्वयक रवि शंकर ने बताया कि प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और महिलाओं एवं बच्चों के हकों की लड़ाई लड़ने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भुवन ऋभु महिलाओं एवं बच्चों के लिए काम करने वाले 160 गैर सरकारी संगठनों के सलाहकार हैं और बचपन बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय सचिव भी हैं। इस अवसर पर डालसा से राकेश कुमार सिन्हा, आदित्य कुमार, पीएलवी मिथिलेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

तेतरियाखांड कोलियरी में नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर 16 से विस्थापित चक्का जाम करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर 16 अक्टूबर से विस्थापित चक्का जाम करेंगे। इस संबंध में अर्जुन राम ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा है कि सीसीएल खुले हुए 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिना नौकरी मुआवजा दिए माल ढुलाई किया जा रहा है ।सर्वे का काम भी सही ढंग से नहीं किया गया है। जिससे हम लोग बेघर होने के साथ-साथ हम लोगों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जमीन पर जबरन रास्ता बनाकर अवैध ढंग से माल ढुलाई एवं अन्य कार्य किया जा रहा है । हम लोग गरीब किसान एवं दलित परिवार से

जक्का जाम की जानकारी देते।

आते हैं। शुरूआती दौर में कुछ समय तक फसल मुआवजा दिया गया था लेकिन लगभग 20 वर्ष से वह भी बंद कर दिया गया है। 2021 सर्वे के अनुसार कुछ लोगों का घर मुआवजा छः लाख के जगह पर 3 लाख का भुगतान किया गया है जो छल है। उन्होंने उपरोक्त मामले पर परियोजना पदाधिकारी से पहल करते हुए 15 अक्टूबर तक मामले का निपटारा करने की अपील किया । और कहा कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो 16 अक्टूबर से वे लोग बाध्य होकर चक्का जाम करेंगे। वहीं इस आवेदन की प्रतिलिपि लातेहार उपायुक्त, अंचलाधिकारी बालूमाथ, जीएम राजहरा एरिया, एसडीओ लातेहार, थाना प्रभारी बालूमाथ को भी दी गई है। मौके पर विस्थापित नेता दिलमणि यादव ने सीसीएल प्रबंधन पर विस्थापितों को ठगने का आरोप लगाया। कहा सीसीएल प्रबंधन द्वारा अब तक विस्थापितों को पुनर्वास अस्पताल स्कूल सहित कोई सुविधा नहीं मिल रही है। हम लोग मजबूर होकर आंदोलन को बाध्य हुए है।

दुर्गापूजा को लेकर छिपादोहर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

बरवाडीह। दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को छिपादोहर थाना परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में बीडीओ राकेश सहाय ने बारी-बारी से सभी पूजा समितियों से पूजा को सफल संचालन को लेकर समिति की ओर से की गई व्यवस्थाओ की जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान शरारती लोगों पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर आस्था से संबंधित या भड़काऊ पोस्ट करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से भी अफवाहों से दूर रहने की अपील की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि छिपादोहर के सभी धर्म के लोग हर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाते आए हैं। यह त्योहार भी आप लोगों के सहयोग से सफल होगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधी कन्हाई प्रसाद अजय सोनी, विधायक प्रतिनिधी तेतर यादव, मुखिया बेरोनिका कुजूर, उप मुखीया दिपा देवी, समाजसेवी श्रवण प्रसाद, नन्दु प्रसाद, जगसहाय सिंह, अजय सिंह, सुरेन्द्र कुमार, बीफन सिंह, अनील सिंह और रघु सिंह समेत शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद रहें।

एक नजर में

जमीन पर अवैध कब्जा के विरोध में एनएच-75 पर धरना पर बैठी युवती

अकेली धरना में बैठी युवती।

लातेहार। शुक्रवार को अचानक दोपहर करीब एक बजे चंदवा प्रखंड के मेन रोड निवासी सपना कुमारी अनुमंडल परिसर से निकलकर एनएच 75 सड़क पर एक तख्ती लेकर बैठ गई। तख्ती मे स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि के अत्याचारों से बचाव बचाव लिखा था। युवती को इस हालत में देख शहरवासी हक्का-बक्का रह गए। इस दौरान युवती सपना ने बताया कि हमारे जमीन में मंत्री का प्रतिनिधि के रिश्तेदार द्वारा गलत तरीके से कब्जा किया जा रहा है, हम लोगों के द्वारा इसका विरोध किये जाने पर भी पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सपना ने बताया कि मेरे घर और जमीन पर धारा 144 लागू है और चंदवा थाना और अनुमंडल कार्यालय में इसकी शिकायत भी की जाती है, लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिले के कई अधिकारियों से भी मामले में संज्ञान लेने के लिए कहा गया है लेकिन कोई सुनता नहीं है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जब एसडीओ शेखर कुमार से बात की गई थी तो एसडीओ ने कहा कि मामले की जांच दोबारा की जा रही है। इधर युवती की सड़क पर बैठने की सूचना मिलने पर गस्ती पर निकले पीसीआर वैन मे सवार कुछ पुलिस कर्मियों ने युवती को सड़क पर से हटाया।

दंगा, उपद्रव से निपटने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस टीम ने किया मॉक ड्रिल

मॉक ड्रिल का पूर्वाभ्यास करते पुलिस बल।

लातेहार। जिला प्रशासन व पुलिस टीम ने शुक्रवार को मेन रोड में मॉक ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया। मॉकड्रिल शुरूआत सड़क पर धरना व पुतला दहन से की गई। वही पुतला दहन एवं नारेबाजी कर सड़क जाम करने की घटनाक्रम दिखाया गया, घटना की सूचना नजदीकी कंट्रोलरूम और संबंधित उद्योग टीमों और जिला के संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। पांच मिनट के अंदर पुलिस टीम, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड टीमें, एम्बुलेंस वाहन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी की टीमें घटनास्थल पर पहुंची। तत्पश्चात पुलिस बल के द्वारा हटाने को समझने की कोशिश की गई नहीं मानने पर पुलिस बल के द्वारा फायरिंग एवं आंसू गैस के गोले फायर कर दिखाया गया है इस दौरान मॉक ड्रील के माध्यम से दंगे के दौरान इससे कैसे निपटा जाये इसका अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान बकायदा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा दंगाईयों पर पानी की फुहारे छोड़ें जिससे भीड़ को तितर-बितर किया गया। वहीं लाईन में मौजुद दंगा नियंत्रण में प्रयोग की जाने वाली हथियारों का भी प्रयोग हुआ।

दुर्गा पूजा को लेकर शांती समिति की बैठक

हेरहंज। थाना में अगामी महापर्व दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता किए एसडीपीओ दिलु लोहरा के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके हर्सोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया एवं पूजा अस्थल के बगल में ही पानी औ? बालू की उपलब्ध होनी चाहिए ताकि किसी तरह की बिजली की सॉट सर्किट से बचाए जा सके एवं अभद्र एवं भडकाऊ गाना नही बजाए एवं थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस है उसे पूरे प्रखंड क्षेत्र के पूजा श्रद्धालुगण एवं सभी से आग्रह है कि दूर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाए। इस बैठक में हुए शामिल जिलापरिषद मुखिया पति विश्वनाथ उरांव चिरु मुखिया हीरामनी लकड़ा देवनंदन प्रसाद शिवनाथ रजक बिहारी गुप्ता नीरज यादव जलाल अंसारी अफजल मिंया एवं प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रतिनिधि एवं ग्रामीण लोग रहे मौजूद थे।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की बैठक की

बैठक में मौजूद लोग।

सरयू। जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आगामी दुर्गा पूजा को लेकर सरयू टिओपी परिसर में शुक्रवार को शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अध्यक्षता गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत के द्वारा किया गया वही दोनो समुदायों के बीच बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने कहा कि सरकार के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार ही दशहरा पर्व को शान्ती वह सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाएं। बैठक में उपस्थित ज़िप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा कि हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी दशहरा पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाएं ताकि जिला समेत अन्य क्षेत्रों में एक अच्छी संदेश पहुंचे इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी, अवर निरीक्षक मो. शाहिद अंसारी, ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, हवलदार जगदीश महतो, कृपाल उरांव, मनोहर प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, सुनील प्रसाद, विरेन्द्र प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, उल्फन सिंह, असगर अंसारी, इरशाद अंसारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

अवैध सागवान लोड पिकअप वैन जप्त, एक को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी लोड एक पिकअप वैन को जप्त करते हुए एक लकड़ी माफिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।वन विभाग की टीम को यह सफलता गुरुवार देर रात को मिली। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली कि हिजला पूर्वी प्रक्षेत्र अंतर्गत रानीश्वर थाना के लपसा पाडा जंगल में सागवान का पेड़ काटकर वाहन पर लोड कर माफिया बंगाल में खपाने जा रहे है। सूचना पर त्वरित कार्यवाई करते हुए वन विभाग की टीम स्थल की

ओर रवाना हुई। जहां ताल डंगाल गांव के समीप एक वाहन को आता देख टीम द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया गया तो पिकअप वैन के चालक द्वारा टीम को चकमा देकर वाहन भगाने लगा। टीम के पीछा करने पर पिकअप वैन का चलक कुछ दूरी पर वाहन खड़ी कर भागने में सफल रहा। टीम ने पिकअप वैन को जप्त कर रानीबहाल स्थित वन परिसर लाया गया। उस पर 23 पीस सागवान का लकड़ी लोड जप्त किया। जिसकी अनुमानित कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये है। इसकी सूचना जब वन माफिया अलाउद्दीन मियां को मिली तो वह अपने समर्थकों के साथ वन परिसर पहुँच गया और पिकअप वैन को भगाने का प्रयास करने लगा। वन विभाग इस परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार थी, क्योंकि कई बार अलाउद्दीन जप्त वाहन को छुड़ाने में कामयाब हो चुका था। लेकिन इस बार वन विभाग की टीम उसे गिरफ्तार करने में सफल रही। हिजला पूर्वी प्रक्षेत्र के रेंजर बीएन प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार वन माफिया को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलाउद्दीन क्षेत्र में आतंक का पर्याय माना जाता है। इसके डर से ग्रामीण भी कुछ नहीं बोल पाते थे। विभाग के कर्मी को भी धमकी देता था कि अगर वन विभाग का कोई आदमी मेरी गाड़ी पकड़ लेगा तो उसे जंगल में मारकर फेंक देंगे। स्थानीय वनरक्षी पर धौंस जमाकर जंगल से अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई करता था। वन विभाग की टीम ने कई बार अवैध लकड़ी को जप्त किया। लेकिन लंबे अर्शे बाद कोई माफिया गिरफ्त में आया है। गिरफ्तार माफिया टोंगरा थाना क्षेत्र के बनरखी गांव निवासी अलाउद्दीन मियां है।वन विभाग की टीम वनपाल तारणी मंडल के लिखित सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

स्पीड न्यूज

धरमपुर मोड़ से पाकुड़ तक बनेगी एन एच सड़कः सांसद

पाकुड़। राजमहल सांसद विजय हांसदा के प्रयास से धरमपुर मोड़ से पाकुड़ तक एनएच 333 ए सड़क का निर्माण करने की बात कही जा रही है। यदि यह सड़क बनती है तो हिरणपुर बाजार वासियों को भी जाम से मुक्ति मिलने की पूरी संभावना है। एनएच प्रभाग ने इसको लेकर टेंडर हो चुका है। कार्य को आवंटन करने की प्रक्रिया चालु है। इसके तहत एनएच- 333 अ किमी 56.450 धरमपुर मोड़ से किमी 93.050 भाया हिरणपुर तक सड़क लगभग 188 करोड़ की लागत से बनेगी। इसके लिए हिरणपुर में बायपास सड़क का निर्माण किया जाएगा। सांसद विजय हांसदा ने बताया कि एनएच प्रभाग से टेंडर हो चुका है । क्षेत्र की जनता लगातार जर्जर सड़क से दोचार हो रही थी। सड़क की समस्या के समाधान के लिए लगातार एनएच प्रभाग से संपर्क में थे। अब जनता की समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने बताया की हिरणपुर बाजार की सड़क जो काफी जर्जर हो चुकी है उसकी आंशिक मरम्मत के लिए एन एच प्रभाग देवघर ने टेंडर आमंत्रित कर दिया है जल्द सड़क की मरम्मती का काम चालु होगा।

बंद घर में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हिरणपुर (पाकुड़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुंदरपुर में एक बार बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। इस बार ये चोरी सुंदरपुर निवासी विजय भगत के घर से हुई है।घटना तब घटी जब परिवार के लोग इलाज के लिए कोलकाता गए हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार विजय भगत का दाहिने पैर कुछ दिन पहले टूट गया है। जिसका बेहतर इलाज के लिए वो अपनी पत्नी के साथ सोमवार सुबह कोलकाता गए हुए थे वहां से जब बुधवार की रात को वापस घर लौटे तो घर की हालत देखकर परिवार के सदस्यों के होश उड़ गएम कमरें की हालत देखकर उन्हें समझने में जरा सा भी देर नहीं लगा कि घर में चोरी हो गई है। चोर घर के पीछे रास्ते का गेट का लॉक काटकर घर के अंदर दाखिल हुए। और बारी-बारी से सभी कमरों की तलाशी ली घर के कमरे में रखे अलमीरा का लॉक तोड़कर नगद डेढ़ लाख रुपये, दो भरी सोना का जेवरात व चांदी के गहने सहित अन्य सामान की चोरी हुई है।उधर, घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि दलबल के साथ मौक़े पर पहुंचकर घटना की जानकारी छानबीन की इस घटना को लेकर थाना में कांड संख्या 82/23 में मामला दर्ज हुई है। इस बावत थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि घटना को मामला दर्ज की गई है। इसकी गहन छानबीन की जा रही है।

मोबाइल-रुपया छीनने के बाद बाइक चालक को मारी गोली

दुमका। जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव के समीप गुरुवार की रात फुटबाल मैच देखकर लौटे रहे बाइक सवार तीन लोगों को अपराधियों ने रोककर लूटपाट की। अपराधियों ने बाइक चालक बबलू टुडू से मारपीट कर उसका मोबाइल और दो हजार रुपया छीन लिया। बाइक की चाबी देने का विरोध करने पर सीने पर गोली चला दी। बचाव करने पर हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर थाना की पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया है। तालझारी के काला डुमरिया का रहने वाला बबलू, दोस्त और महिला मित्र के साथ सरैयाहाट और जरमुंडी सीमा पर चंदू बथान में चल रहा फुटबाल मैच देखने के लिए गया था। वापस आने के क्रम में उसकी बाइक पंचर हो गई। बाइक ठीक कराने के बाद तीनों घर लौट रहे थे। जयनगरा गांव के समीप दो बाइक सवार पांच लोगों ने रोक लिया और तमंचा दिखाकर कब्जे में कर लिया। तलाशी में मित्र और साथी के पास कुछ नहीं मिला तो बाइक चालक बबलू के चेहरे पर तमंचा के बट से हमला कर घायल कर दिया। घायल होने के बाद बाइक की चाबी छीनने का प्रयास किया। शोर मचाने पर पांचों मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर गांव के लोगों ने वाहन की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां नगर थाना की पुलिस ने घायल का बयान दर्ज किया।

ब्राउन शुगर खरीद बिक्री के आरोपी को गोड्डा नगर थाना ने फिर पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर सूचना देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली गुप्त सूचना और निर्देश पर नगर थाना प्रभारी गोड्डा उमाकांत महतो ने साकेत पूरी महल्ला में एक अर्ध निर्मित मकान में छापेमारी कर दो नशा कारोबारी आरोपियों जिनमे विवेक कुमार उम्र 24 पिता दिन दयाल साह, घर गोदी घाट, नगर थाना गोड्डा, आदित्य कुमार उम्र 19 वर्ष पेसर पुतुल लैया गोढ़ी घाट थाना नगर गोड्डा जिला गोड्डा को चार पुड़िया में कुल 20, 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया एक डिजिटल तराजू भी उनसे बरामद किया गया।

छापे मारी दल में उमेश कुमार मोदी पुलिस अवर निरीक्षक,औषधि निरीक्षक रंजित चौधरी धर्मवीर कुमार आदि के साथ मिल कर छापेमारी की गई और गिरफ्तार किए गए जिन्हे न्यायिक व्यवस्था के तहत जेल भेज दिया गया।

भाई का बचाव करने पर युवक ने मारा चाकू

दुमका। नगर थाना क्षेत्र के पोखरा चौक में गुरुवार की रात करीब दस बजे भाई का बचाव करने पर फैजल नामक युवक ने संजय झा की पीठ में चाकू से वार कर जख्मी कर दिया। युवक को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पोखरा चौक निवासी संजय ने बताया कि मां गंगा स्नान के लिए बाहर गई है। रात करीब दस बजे मोमोज लेने के लिए चौक आया। सामान लेने के बाद घर की ओर लौट रहा था, तभी बड़े भाई आनंद झा की फैजल नामक से किसी बात को लेकर बहस हो रही थी।

16 अक्टूबर से होगा नियम एवं शर्तों के साथ बालू उठाव

खबर मन्त्र संवाददाता

पाकुड़। गुरुवार देर शाम को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत कैटेगरी-1 बालू घाट से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-पंचायत राज पदाधिकारी संजय पीएम कुजूरके द्वारा बताया कि जिला अंतर्गत कैटेगरी-1 के कुल 12 बालू घाट है। महेशपुर प्रखंड में कुल पांच बालू घाट बांसलोई नदी के किनारे प्रखंड पाकुड़िया में कुल एक घाट ब्राह्मणी नदी के किनारे एवं प्रखंड लिट्टीपाड़ा में कुल छः घाट गुमानी नदी के किनारे स्थित है।उपायुक्त श्री बरणवाल ने कहा कि जिले में कैटेगरी-1 के लिए 12 बालू घाटों से बालू का उठाव 16 अक्टूबर से शुरू होगा।

पंचायत स्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति बालू घाटों से बालू उठाव का संचालन करेगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बालू उठाव के नियम व शर्ते लागू किए गए हैं। बालू उठाव को लेकर पंचायत स्तर पर आठ सदस्यीय टीम गठित की गयी है, जो बालू उठाव का संचालन करेगी। नियम के तहत बालू का उठाव हो इसकी

ट्रैक्टर में आगे पीछे नंबर आवश्यक

संपूर्ण जिम्मेवारी प्रखंड स्तरीय टीम पर रहेगी।टीम में प्रखंड के अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि ट्रैक्टर के आगे पीछे नंबर प्लेट लगा रहना चाहिए। पटरा लगा नहीं होना चाहिए।बालू घाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर के माध्यम से किया जाएगा।

किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण क नहीं किया जा सकता है। बालू घाटों से उठाए गए बालू रॉयल्टी टैक्स से मुक्त रहेगा एवं बालू घाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण आदि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत, स्थानीय शासन द्वारा लिया जाएगा जो 100 रुपये प्रति 100 घनफुट होगा।

बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 500 से 2500 की परिधि के समीप से नहीं किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, अंचलाधिकारी अमड़ापाड़ा कुमार देवेश द्विवेदी, अंचलाधिकारी महेशपुर संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी पाकुड़िया मनोज कुमार, पाकुड़िया, महेशपुर, थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक नगर थाना में आवश्यक निदेर्शों के साथ संपन्न हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा विनीता कार्केट्टा की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा काली पूजा और छठ पर्व को लेकर आम जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी के साथ संपन्न हुई । बैठक में एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ,पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोड्डा उपेंद्र कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोड्डा, अंचल अधिकारी के साथ दिनेश प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष कांग्रेस, राजेश झा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गोड्डा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष वेणु चौबे, सोनी सिंह कांग्रेस नेता, महबूब अंसारी, आलम जी पत्रकार गोड्डा, राजेश अंसारी सहित सभी दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्य आदि शामिल थे। इस अवसर पर एसडीओ गोड्डा ने भी अपने विचार रखे, बीडीओ गोड्डा रोशन कुमार ने भी समस्याओं के विषय में जाना, एसडीपीओ गोड्डा, नगर थाना प्रभारी ने भी नियम पालन का ध्यान रखते हुए आपसी प्रेम और भाई चारे के साथ पूजा विसर्जन आदि में आपसी सहयोग के द्वारा अपने पूर्व निर्धारित मार्ग ,स्थान ,विसर्जन का निश्चित समय पर किए जाने के निर्देश भी दिए और उनसे सलाह भी मांगी ।सारे कार्यक्रम पूर्व वत ही रहेंगे जो लीक बनी है उसीपर चलना है।

डालसा ने साइबर ठगी से बचाव के लिए चलाया जागरुकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान झालसा के तत्वाधान में 100 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के अंतर्गत चलाया गया। जिसमें पारा लीगल वोलेंटियर ने ग्रामीणों को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया। पीएलवी ने जिले के रानेश्वर प्रखंड के कुमिरदाहा गांव, शिकारीपाड़ा प्रखंड के गंदरकपुर गांव,वमसलिया प्रखंड के शहरपूरा गांव, सरैयाहाट प्रखंड के छतना गांव, रामगढ़ प्रखंड के सिंदुरिया गांव के साथ-साथ अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को साइबर जागरूकता अभियान चलाया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हर बूथ और हर घर से मिट्टी जमा की गई

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आज पोरैयाहाट प्रखंड में सभी मंडलों के बूथों और शक्ति केंद्रों से, सभी घरों से आंगन की मिट्टी लेकर पोडैया प्रखंड मुख्यालय प्रखंड कार्यालय में कलश में जमा किया गया है। ये मिट्टी बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में जमा कर पुनः दिल्ली को जाना हैं जिसमें गांव की मिट्टी से अमृत वाटिका राजपथ और सभी मंडलों के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले शहीद जवानों के कृति से संबंधित जानकारी और उनके शहीद स्थल होगा। प्रत्येक मंडल से दो पार्टी के पदाधिकारी यह कलश दिल्ली तक जाने में सहयोग करेंगे। आज इसी

अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राजीव मेहता जी की अध्यक्षता में पड़ैयाहाट सदर बाजार में गाजे बाजे के साथ देश के झंडे आन मान शान तिरंगा के साथ शोभायात्रा निकाला गया। इस कार्यक्रम में सभी मंडल से पहुंचे हुए मिट्टी को कलश में जमा किया गया। वंदे मातरम, भारत माता की जय, वीर शहीदों की, वीर शहीद अमर रहे, मेरी माटी मेरा देश मोदी जी का या संदेश नारों के साथ पूरा बाजार गूंजता रहा। बीजेपी प्रखंड कार्यालय से लेकर ब्लॉक परिसर होते हुए ये बजरंगबली में बाजार चौक में जाकर सभा में तब्दील हो गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। इसमें मुख्य वक्ता जिला परिषद् सदस्य राघवेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह जी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती जी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य देवेंद्र नाथ सिंह जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता गजाधर सिंह जी, मंडल अध्यक्ष डब्लू भगत जी, स्वामी भवेसा नंद, जिलाध्यक्ष श्री राजीव मेहता जी , आशीष यादव जी ने देश की आजादी और 75 बस आजादी के होने पर अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के लिए देश के वीर सपूतों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके अमर गाथा पर बात किया। देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कि देश के लिए वीर सपूत के लिए पहली बार कोई ऐसा प्रधानमंत्री है जो इन सभी वीर शहीदों के लिए एक अमर गाथा लिखने का कार्य कर रहे हैं। आज के कार्यक्रम में उपस्थित महिला जिला अध्यक्ष डॉली गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य अर्जुन राय, सुशील रूज, एसटी मोर्चा के सुशील टुडू मंडल महामंत्री मिथिलेश झा, लालदेव राय, ललन दास, और डंडे मंडल के सोशल मीडिया पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

नाबालिक युवक ने राह चलते व्यक्ति को मोटरसाइकिल से मारी टक्कर

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलटेक्स के समीप शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक नाबालिक युवक ने राह चलते एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से टक्कर मार दिया। जिसमें ग्राम हंसेड़ा, थाना कचूड़ा, जिला भीलवाड़ा राजस्थान निवासी 35 वर्षीय रामनिवास बड़ाइक पिता रामपाल बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति ट्रक चालक है, जो अपनी ट्रक को सड़क किनारे खड़ी कर कुछ सामान खरीदने के लिए उतरा, इसी दौरान पीछे से आ रहे पूरनानगर निवासी एक नाबालिक युवक ने मोटरसाइकिल से टक्कर मार कर खुद भी सड़क पर गिर गया। जिसमें ट्रक चालक सहित नाबालिक भी घायल हो गया। घटना के बाद कोडरमा पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

पत्थर खदान में ड्रिल करने के दौरान पैर फिसल कर गिरने से ड्रिल मैन की हुई मौत

महेशपुर (पाकुड़)। रदीपुर ओपी अंतर्गत सुंदरपहाड़ी स्थित एक पत्थर खदान में बीते मंगलवार को रदीपुर- गंगड्डा गांव निवासी पिंकू शेख के पत्थर खदान में एक मजदूर ड्रिल मशीन से ड्रिल करने के दौरान पैर फिसल कर नीचे गिर जाने के मामले को लेकर चौकीदार के फर्द बयान पर खदान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।वादी सह चौकीदार सदाय माल के फर्द बयान पर कहा है पत्थर खदान में कि एक मजदूर काम कर रहा था। इस दौरान मजदूर का पैर फिसल गया था। जिससे वह खदान के नीचे गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसकी सूचना मिलते ही वादी सह चौकीदार घटनास्थल पहुंचकर खदान मालिक, मैनेजर की खोजबीन की वही खदान के पास खड़ा मजदूरों से घटना के बारे में पूछताछ करने पर उन लोगों द्वारा बताया गया कि एक मजदूर ड्रिल करने के दौरान पैर फिसल कर खदान के नीचे गिर गया था।जो गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

एसपी कॉलेज के बीएड इकाई में कलश-यात्रा का हुआ आयोजन

दुमका। संताल परगना महाविद्यालय के बीएड संकाय में ₹मेरी माटी मेरा देश₹ के अन्तर्गत 'कलश-यात्रा' का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने घर से मिट्टी लाकर अमृत-कलश में समर्पित किया। मिट्टी समर्पण के बाद पाँच वाक्यों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण में 2047 तक भारत को एक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही गई। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ना, समृद्ध विरासत पर गर्व करना। देश की एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाना, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करना। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डा केपी यादव, प्राध्यापक डा रंजीत कुमार दुबे, प्रो बिनोद कुमार मरांडी, प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो प्रतिभा टुडू, प्रो बसंती सोरेन एवं श्री संजय कुमार भगत ने भाग लिया।

एसपी कॉलेज में साहित्य के काल विभाजन का चिंतन विषय पर व्यख्यान का हुआ आयोजन

दुमका। संथाल परगना महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के द्वारा शुक्रवार को व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। व्याख्यान माला की पहली श्रृंखला में हिंदी विभाग द्वारा 'साहित्य के काल विभाजन का चिंतन' विषय पर एक परिचर्चा हुआ।इस विषय पर मुख्य रूप से बात रखने के लिए मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार उपस्थित हुए। प्रकोष्ठ के स्वागत के बाद प्राचार्य का स्वागत वक्तव्य हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने व्याख्यानमाला की योजना से परिचय करवाते हुए कहा कि इसके द्वारा हम विभिन्न विषयों के बाहर के विद्वानों को आमंत्रित करेंगे एवं एक निश्चित विषय पर उनके वक्तव्य को ग्रहण किया जाएगा। यह सीधे रूप में कॉलेज के बच्चों के लिए लाभ पहुंचाएगा। इसके उपरांत प्रो सुनील कुमार का वक्तव्य हुआ। जिसमें उन्होंने विषय से संबंधित हिंदी साहित्य के काल विभाजन की विभिन्न दृष्टियों को छात्रों के सामने बहुत ही सहज रूप में रखा। हिंदी साहित्य की काल विभाजन की आवश्यकता एवं विभिन्न काल विभाजन की मूल संवेदना को बताया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ कार्यक्रम प्रभारी डॉ कुमार सौरभ, प्रभारी विभाग अध्यक्ष प्रो पुष्पा सोरेन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग के डॉ यदुवंश यादव ने किया। अंत में प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ पूनम बिंझा ने व्यख्यानमाला श्रृंखला की योजना को बताते हुए कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन की।

पेज 1 का शेष

हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा...

उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में सभी खेलों में अपनी अलग पहचान बनायी है। अगर हम क्रिकेट खेल की भी बात करें, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 की शुरुआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आने वाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यहां सभी तरह के खनिज का मिलना आम बात है। यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब इस राज्य में हमारी सरकार बनी, तो पूरा विश्व कोरोना संक्रमण से जूझ रहा था। हम सभी लोग डेढ़ वर्ष तक अपने घरों में बंद रहने पर मजबूर हुए। लेकिन, इस कड़ी में हमने अपनी सोच पर ताले बंद नहीं किये। हमारी सरकार ने राज्य को किस दिशा में ले कर जाना है, उसकी तस्वीर खींची। राज्य सरकार कोरोना संक्रमण काल में भी निरंतर इस राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए पूरी कोशिश करती रही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस क्रम में एजुकेशन, हेल्थ आधारभूत संरचना, पर्यटन तथा खेल के विकास के लिए कार्य करने की पूरी योजना तैयार की। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ, तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है।

बोकारो, पूर्वी सिंहभूम व दुमका...

वे हैं- सतीश गिरि (पलामू), सुधीर कुमार सिन्हा (गिरिडीह), गौतम (दुमका), सुनीता कुमारी (गिरिडीह), नीरा बरवा (गुमला), सुधीर कुमार सिंह (बोकारो), विनय कुमार सिंह (बोकारो), जय प्रकाश मांझी (दुमका), मनोरंजन वर्मा (देवघर), कमाल नासीर (दुमका), अशोक कुमार साह (रांची), प्रदीप राउत (देवघर), सुभाकर कुमार (शेखपुरा, बिहार), सूरज प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम), विभूति भूषण सिंह (जमशेदपुर), जुगल किशोर करन (पूर्वी सिंहभूम), बलराम पांडेय (देवघर) और चंद्रशेखर प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम)। **अपीलीय प्राधिकरण के लिए इनका होगा इंटरव्यू :** ग्रामीण विकास विभाग के मुताबिक लोकपाल द्वारा पारित आदेश पर प्राप्त होने वाले शिकायतों पर समयबद्ध निवारण में अपीलीय प्राधिकरण का बड़ा रोल होता है। ऐसे में दो अपीलीय प्राधिकरण के लिए भी नियुक्ति होनी है। इसमें एक में रिटायर्ड सेवक और दूसरे में नागरिक समाज के प्रतिनिधि की नियुक्ति होनी है। इसके लिए भी पूर्व में विज्ञापन जारी हुआ था। आवेदनों के वेरिफिकेशन के आधार पर 4 कैंडिडेट्स के नाम इंटरव्यू के लिए तय किये गये हैं। इनमें संजय तिवारी (गढ़वा), राम निवास दास (रांची), सुरेन्द्र कुमार वर्मा (रांची) और आनंद गोपाल वर्मा (रांची) के नाम शामिल हैं। इनसे संबंधित आपत्ति भी 25 अक्टूबर तक विभाग के पास दर्ज करायी जा सकती है।

स्पीड न्यूज

एयर इंडिया एक्सप्रेस 50 नये मैक्स विमानों को शामिल करेगी

नयी दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अगले 15 महीनों में अपने बेड़े में 50 नये बी737 मैक्स विमानों को शामिल करने की योजना बनाई है। गौरतलब है कि टाटा समूह की इस कंपनी में एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया भी जारी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की संयुक्त इकाई और एआईएक्स कनेक्ट 18 अक्टूबर को अपना नया ब्रांड पेश करेंगी।

अफगानिस्तान विस्फोट में 17 लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के उत्तरी बगलान प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास विस्फोट में करीब 17 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, अफगानिस्तान के एरियाना न्यूज ब्रॉडकास्टर ने बताया कि बगलान प्रांत की राजधानी पोल-ए-खोमरी में शुक्रवार की प्रार्थना के दौरान एक विस्फोट हुआ।

तेलंगाना कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष पोन्नाला लक्ष्मैया ने पार्टी के भीतर अन्यायपूर्ण माहौल होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना त्यागपत्र भेजा है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष का इस्तीफा पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है।

आइपीओ घोटाले में तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद में करोड़ों रुपये के कथित आईपीओ घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत तीन लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक अमेरिका का निवासी, एक वानुअतु का और एक भारतीय है। अमेरिका के निवासी पवन कुचाना, वानुअतु गणराज्य के निवासी निर्मल कोटेचा और किशोर तापड़िया को 11 अक्टूबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया था।

लैपटॉप और कंप्यूटर आयात पर प्रतिबंध नहीं

नयी दिल्ली। भारत में लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और सरकार सिर्फ उनकी खेप की निगरानी करेगी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सरकार ने अगस्त में कहा था कि लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर सहित इन उत्पादों को एक नवंबर से लाइसेंस व्यवस्था के तहत रखा जाएगा। इस लिहाज से यह बात महत्वपूर्ण है।

बेंगलुरु : वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद का निधन

बेंगलुरु। द वीक पत्रिका और दैनिक समाचारपत्र मलयाला मनोरमा के पूर्व दिल्ली रेजिडेंट संपादक के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार के एस सच्चिदानंद मूर्ति का शुक्रवार को निधन हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सच्चिदानंद मूर्ति ने यहां एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

बंगाल में कोयला खदान धसने से तीन की मौत

आसनसोल। बर्दवान जिले में अवैध खनन के दौरान एक कोयला खदान के ढहने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि यह घटना तब हुई जब रानीगंज थाना क्षेत्र के एगरा ग्राम पंचायत में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की नारायणकुरी कोलियरी से अवैध रूप से कोयला निकाला जा रहा था।

इजरायल ने की गाजा पर ताबड़तोड़ बमबारी

इजरायली सेना ने 3,500 से ज्यादा आतंकी ठिकानों पर बरसाये बम, अब कभी भी छिड़ सकती है जमीन पर लड़ाई

- गाजा में 1417 मारे गये व 6500 से ज्यादा घायल
- हमास का हर लड़ाका अब मुर्दा : बेंजामिन नेतन्याहू

एजेंसी

तेल अवीव/यरुशलम। फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के इस महाने की सात को इजरायल पर किए गए दिल दहला देने वाले हमले से गाजा पट्टी में मरघट जैसा सन्नाटा है। इजरायल की सेना ने कहा है कि तब से इस लड़ाई में उसके देश ने 189 सैनिकों सहित 1,200 से अधिक नागरिकों को खो दिया। इजरायल में घुसे करीब 1,500 हमास आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया है। गाजा में भी हमास के सैकड़ों आतंकी मारे गए हैं। गाजा के अधिकारियों के अनुसार, उनके 1,417 लोग मारे गए और 6,500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजरायल के सैन्य सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि गाजा में अब तक 3,500 से ज्यादा आतंकी ठिकानों पर बम बरसाए गए हैं। इस बमबारी में हमास के एक शीर्ष आतंकवादी और गुर्गों को निशाना बनाया गया। इजरायल के रक्षामंत्री योयेव गैलेंट ने कहा कि हमास गाजा का आईएस है। वह ईरान के पैसों पर फलता-फूलता है। इजरायल उसके एक भी गुर्गे को जिंदा नहीं छोड़ेगा। पिछले शनिवार को हमलावर हमास आतंकवादियों ने नरसंहार के दौरान आईएस के झंडे लहराए थे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास का हर लड़ाका अब मुर्दा है। यह आतंकवादी आकाश से पाताल तक कहीं भी छुप जाएं, इनकी मौत होकर रहेगी। गाजा पट्टी पर कभी भी जमीनी लड़ाई छिड़ सकती है। इसके लिए इजरायल की सेना पूरी तरह तैयार है। लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेच ने गुरुवार को स्पष्ट भी किया कि बल जमीनी अभियान की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारी जॉन किर्बी ने कहा कि शुक्रवार अमेरिकी सरकार इजरायल से अपने नागरिकों को निकालने के लिए चार्टर उड़ानों की व्यवस्था करेगी। इसके अलावा यह विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं कि क्या अमेरिकी नागरिकों को जमीन और समुद्र के रास्ते भी सुरक्षित स्वदेश लाया जा सकता है। किर्बी ने कहा है कि हमास के हमले में मारे गए अमेरिकी नागरिकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। अभी भी हमारे 14 नागरिक आतंकियों के कब्जे में है। चार दशक में पहली बार को शनिवार को इजरायल की एलअल एयरलाइन उड़ानों का संचालन करेगी। अमेरिका और एशियाई देशों से रिजर्व सैनिकों की वापसी के लिए यह परंपरा तोड़ी गई है। एलअल ने रब्बियों से विशेष मंजूरी के बाद न्यूयॉर्क और बैंकॉक से दो उड़ानें शुरू करेगी।

सायरन, रॉकेट की आवाजें और चीख-पुकार गूंज रही थी

स्वदेश लौटे भारतीयों ने इजरायल में हमास हमले का बयां किया दर्द

एजेंसी

नयी दिल्ली। घर लौटने की खुशी और बीते कुछ दिनों से आंखों के सामने से गुजरे डरावने मंजर से सहमे 212 भारतीयों का पहला जत्था एक चार्टर्ड विमान से शुक्रवार को तड़के यहां दिल्ली पहुंच गया। वापस लौटे कुछ भारतीयों के कान में अभी भी हवाई हमले से सतर्क करने वाले सायरन, रॉकेट दागने की आवाजें और चीख-पुकार गूंज रही है। इजराइल में 2019 से रह रहे शोधकर्ता शाश्वत सिंह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे। उन्होंने बताया कि हम हवाई हमले की सूचना देने वाले सायरन की आवाज सुनकर उठे। हम मध्य इजराइल में रहते हैं। मुझे नहीं पता कि यह संघर्ष क्या रूप लेगा। कृषि क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे सिंह ने कहा कि उन सायरन की आवाज और बीते कुछ दिनों के भयावह अनुभव अभी भी उन्हें डरा रहे हैं। सिंह ने कहा कि भारतीयों को सुरक्षित निकालना एक सराहनीय कदम है। हमें उम्मीद है कि शांति बहाल होगी और हम काम पर वापस लौटेंगे। भारत सरकार ईमेल के माध्यम से हमारे साथ संपर्क में थी। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल में भारतीय दूतावास के आभारी हैं। पश्चिम बंगाल के निवासी और इजराइल के बीरशेबा में बेन-गुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ द नेगेव में पीएचडी के प्रथम वर्ष के छात्र सुपर्नो घोष विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे भारतीय समूह का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं जानते थे कि आखिर हुआ क्या। शनिवार को कुछ रॉकेट दागे गए लेकिन हम अस्थायी शिविरों में सुरक्षित थे। अच्छी बात यह थी कि इजराइली सरकार ने हर जगह शिविर बनाए हुए थे, इसलिए हम सुरक्षित थे। कई छात्राओं ने हमले के दौरान उस भयावह स्थिति से गुजरने का अपना अनुभव साझा किया। जयपुर की रहने वाली मिनी शर्मा ने बताया कि हालात बहुत ही डरावने थे। हम वहां नागरिक के तौर पर नहीं थे.. हम वहां सिर्फ विद्यार्थी के तौर पर थे। इसलिए जब भी सायरन बजता तो हमारे लिए हालात और डरावने हो जाते थे। शर्मा ने बताया कि भारतीय दूतावास से संदेश प्राप्त होने के बाद हमने गुरुवार सुबह ही हमारा सामान पैक किया था। वे बहुत मददगार हैं। हम चौबीसों घंटे उनके संपर्क में थे। छात्र दीपक ने बताया कि हमने शनिवार को सायरन की आवाजें सुनीं। जब हमले होते थे, तब हम धमाकों की आवाज सुन सकते थे। इजराइली अधिकारी हमें एहतियात बरतने के दिशा-निर्देश दे रहे थे। लगातार हमले हो रहे थे। मैं घर वापस आकर बहुत खुश हूं लेकिन वहां (इजराइल) फंसे हमारे दोस्तों के लिए दुखी भी हूं। छात्र ने बताया कि सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया बहुत सहज थी। पहले जत्थे में शामिल पश्चिम बंगाल की ही निवासी दुती बनर्जी ने कहा कि वहां स्थिति काफी खराब और अस्थिर है। उन्होंने कहा कि सामान्य जीवन मानो ठहर सा गया है। लोग डरे हुए हैं और गुस्से में हैं। जब मैं रवाना हो रही थी तब भी मैंने सायरन की आवाजें सुनीं और मुझे शिविर में जाना पड़ा।

पबजी गेम की तरह हमास के आतंकियों ने चलायीं थीं गोलियां

इजरायल से लौटे नेपाली छात्रों ने सुनायी आपबीती

एजेंसी

काठमांडू। इजरायल के युद्धग्रस्त क्षेत्र में फंसे नेपाली छात्रों ने काठमांडू पहुंचने के बाद आपबीती सुनाई है कि उनकी आंखों के सामने लोगों को गोलियों से भून दिया गया। अपने अनुभव में छात्रों ने कहा कि वहां का नजारा किसी पबजी मोबाइल गेम की तरह लग रहा था। इन छात्रों को सुरक्षित नेपाल वापसी की खुशी तो है, लेकिन अपनी आंखों के सामने अपने सहपाठियों की हत्या और कुछ को बंधक बना लेने का दर्द भी भरा है। इजरायल से लौटे रेजन शाही ने बताया कि सुदूर पश्चिम विश्वविद्यालय के 114 छात्रों की टोली इजरायल सरकार के लर्न एंड अर्न प्रोग्राम के तहत वहां गई थी। वैसे तो वहां बम धमाके और रॉकेट से हमला सामान्य जैसी घटना हो गई थी, लेकिन हमास आतंकी जिस बर्बरता और निर्दयता से लोगों की हत्या कर रहे थे, वह नजारा देखकर दिल दहल गया। शाही ने कहा कि हमारे साथ रहे छात्रों की इतनी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिसके सदमे से हम लोग आज भी बाहर निकल नहीं पाए हैं। आंखों में आंसू लिए रेजन ने कहा कि वहां का नजारा देख कर ऐसा लग रहा था, जैसे पबजी मोबाइल गेम चल रहा हो और पैराशूट से कूद कर सैनिक अंधाधुंध गोलियां चला रहे हों।

डगलस को मिलेगा सत्यजीत रे एक्सीलेंस लाइफटाइम अवार्ड

मुंबई। द सेंटिनल, द अमेरिकन प्रेसिडेंट, डिस्क्लोजर और अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। आईएफएफआई का 54वां संस्करण गोवा में होगा।

विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर का टीजर हुआ रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का टीजर रिलीज हो गया है देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी जा रही है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फिल्म सैम बहादुर का जबरदस्त टीजर रिलीज कर दिया गया है।टीजर में विक्की कौशल के अलावा सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी नजर आ रही हैं। फातिमा सना शेख फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में हैं। टीजर की शुरूआत में विक्की कहते हैं, एक सोल्जर के लिए उसकी जान से ज्यादा कीमती होती है उसकी इज्जत, उसकी वर्दी, और एक सोल्जर अपनी वर्दी की इज्जत के लिए अपनी जान भी दे सकता है। एक सीन में इंदिरा गांधी ,सैम से कहती हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है अपने देश के लिए जान देना। इस पर सैम बहादुर कहते हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है देश के लिए दुश्मन की जान लेना। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। यह फिल्म एक दिसंबर को रिलीज होगी।

सिख गुरुओं का ऋणी है देश: शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश सिख गुरुओं का ऋणी है। समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका वंदनीय है। शाह ने शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटीह्लकी ओर से आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिख पंथ की गुरु परंपरा को वह शीश झुका कर प्रणाम करते हैं। सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने आक्रान्ताओं के सामने अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का उत्कृष्ट उदाहरण दुनिया के सामने रखा है। शाह ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने अपने जीवन में चार उदासियां' से कई देशों के अंदर सर्वधर्म समभाव का उपदेश दिया। कर्नाटक से लेकर मक्का तक उनके चरण मिले हैं। बिना किसी स्वार्थ के प्रेम के संदेश के लिए उस जमाने में पैदल चल कर इतनी यात्रा करने की थी।

छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन शुरू हो गई। पहले दिन 20 विधानसभा सीटों के लिए किसी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 समेत राजनांदगाँव, मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है। दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी ।

सांसद संजय सिंह को 27 अक्टूबर तक जेल

दिल्ली शराब घोटाला

नयी दिल्ली। अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को शुक्रवार को 27 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, ईडी की हिरासत की अवधि खत्म होने पर सिंह को विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। न्यायाधीश ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सिंह को अदालत के अंदर असंबद्ध मामलों पर बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि किसी असंबद्ध मामले पर बात न करें। यदि आप अडाणी और मोदी के बारे में भाषण देते हैं, तो मैं अब से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आपको पेश करने के लिए कहूंगा। राज्यसभा सदस्य ने अदालत के समक्ष दावा किया कि ईडी ने हिरासत में पूछताछ के दौरान उनसे प्रासंगिक प्रश्न नहीं पूछे।

वायु सेना को जल्द मिलेगा स्वदेशी एमके-1 मिसाइल

बीडीएल को मिली थोक उत्पादन की मंजूरी

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस व मिग-29ए में लगेगी मिसाइल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु सेना को इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल मिलेगा। इन मिसाइलों के उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी. से बढ़ा कर 160 किमी. कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी. की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है। बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। वायु सेना के बेड़े में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल होगी। वायु सेना एस्ट्रा एमके-2 का स्टेटिक फायर करके परीक्षण कर चुकी है। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना का मुख्य हथियार होंगे। वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पहले ही एस्ट्रा मिसाइलों के साथ एकीकृत है और इसका उत्पादन भारत डायनामिक्स लिमिटेड कर रही है। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों सेनाओं के लिए 248 स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया था। इसमें 200 मिसाइलें वायु सेना के लिए और 50 नौसेना के लिए थीं। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप वायु सेना को अक्टूबर, 2020 में मिली थी। यह मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है।

शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 125 अंक फिसला, निफ्टी भी लुढ़का

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बैंक, वित्तीय और चुनिंदा आईटी शेयरों में बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। सेंसेक्स 125.65 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 66,282.74 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 42.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 19,751.05 पर बंद हुआ। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से अमेरिकी बाजारों में गिरावट रहने का असर एशियाई बाजारों पर पड़ा। इसके अलावा चीन के कमजोर व्यापार आंकड़ों ने भी शंघाई कंपोजिट, जापान के निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग को नीचे लाने का काम किया।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA, AHUJA, BOSS, BasiX, ZOOM, CASIO, PAiSTe, Fender, MAPEX, Gibson, ESP, DigiTech, KORG, M-AUDIO, Ibanez, SoundX, Zildjian, Roland, Hertz, Epiphone, GRANADA, Cort, Givson, stranger, TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

महालया से आंरभ होती है मां दुर्गा की उपासना

बासुकीनाथ पाण्डेय

महालया अमावस्या के दिन सुबह पितरों का श्राद्ध और तर्पण करके विदा किया जाता है और शाम के समय मां दुर्गा की पृथ्वी लोक पर आने के लिए पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में महालया का विशेष महत्व है और इस दिन से ही दुर्गा पूजा की शुरूआत हो जाती है। नवरात्रि और पितृपक्ष की संधिकाल को महालया कहा जाता है। इस समय मां दुर्गा के घर आगमन के लिए वंदना जाती है और पितरों को जल देकर उनको नमन करते हुए विनती की जाती है कि आप अपने लोक में प्रसन्न रहें और अपने परिजनों पर हमेशा कृपा दृष्टि बनाए रखें। महालया का महत्व सदियों से भारतीय संस्कृति में रहा है लेकिन बंगाल में इसकी खास पूजा की जाती है।

जानिए क्या है महालया

बंगाल की धरती पर जिस तरह दुर्गा पूजा का महत्व रहा है, उसी तरह महालया को भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। बंगाल में महालया का हर कोई इंतजार करता है क्योंकि यहां पुत्री के रूप में मां भवानी को बुलाया जाता है। इस दिन देवी दुर्गा की प्रतिमा पर रंग चढ़ाया जाता है, उनकी आंखें बनाई जाती हैं और प्रतिमा समेत मंडप को सजाया जाता है। मां दुर्गा की मूर्ति बनाने वाले कारीगर अपना कार्य पहले ही शुरू कर लेते हैं लेकिन महालया के दिन मूर्ति को अंतिम रूप दिया जाता है। महालया के दिन पितृपक्ष समाप्त होते हैं और इसी दिन से देवी पक्ष की शुरूआत हो जाती है। पितृपक्ष की तरह ही देवी पक्ष भी 15 दिन का होता है, जिसमें से 10 दिन नवरात्रि के होते हैं और 15वें दिन लक्ष्मी पूजा के साथ देवी पक्ष समाप्त हो जाता है अर्थात शरद पूर्णिमा के साथा देवी पक्ष समाप्त होता है।

महालया का महत्व

वैसे तो महालया बंगालियों का पर्व है लेकिन इसे देशभर में मनाया जाता है। बताया जाता है कि महिषासुर नामक राक्षस का अंत करने के लिए महालया के दिन ही देवी-देवताओं ने मां दुर्गा का आह्वान किया था। महालया अमावस्या की सुबह को पितर पृथ्वी लोक से विदाई लेते हैं और शाम के समय मां दुर्गा अपने योगनियां और पुत्र गणेश व कार्तिकेय के साथ पृथ्वी पर पधारते हैं। इसके बाद नौ दिन घर-घर में रहकर अपनी कृपा भक्तों पर बनाए रखती हैं। बंगाल में दुर्गा पूजा का इंतजार रहता है और इस दिन देवी दुर्गा की कहानियों को बच्चों को सुनाया जाता है।

पुत्री रूप में मां को बुलाया जाता है

नवरात्रि के नौ दिनों में माता पार्वती अपने शक्तियों और नौ रूपों के साथ अपने घर अर्थात पृथ्वी लोक पर आती हैं। मां अपने साथ अपनी सहचर योगनियां और पुत्र गणेश व कार्तिकेय भी पृथ्वी पर पधारते हैं। पृथ्वी देवी पार्वती का मायका है और माता नवरात्रि के नौ दिनों में अपने मायके आती हैं। पृथ्वी पर रहते हुए वह लोगों के कष्टों को दूर करती हैं और आसुरी शक्तियों का भी नाश करती हैं। माता पार्वती हिमालय की पुत्री हैं और हिमालय पृथ्वी के राजा थे इसलिए बंगाल में महालया के दिन पुत्री रूप में माता को बुलाया जाता है और कन्या भोज करवाया जाता है। माता पार्वती की शादी जगतपिता भोलेनाथ के साथ हुई है इसलिए माता पार्वती को जगत माता कहा जाता है।

महालया के दिन मां होती हैं विदा

माता पार्वती अपने मायके आने के लिए महालया के दिन कैलाश पर्वत पर से विदा लेती हैं। इसलिए महालया के दिन माता की अगवानी में वंदना की जाती है और स्वागत के लिए खास प्रार्थना की जाती है। इसके अगले दिन से यानी नवरात्रि से मां घर-घर में विराजती हैं। मां जब-जब नवरात्रि में आती हैं तब उनका अलग होता है। इस बार सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं इसलिए इस बार मां हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी।

पितरों को किया जाता है विदा

महालया पितृपक्ष का आखिरी दिन होता है। इस तिथि को सर्वपितृ अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन भूले बिछड़े पितरों का श्राद्ध किया जाता है और पितरों को तर्पण करते उनको विदा किया जाता है। साथ ही महालया अमावस्या के दिन पितरों से प्रार्थना की जाती है कि हमसे जो गलतियां हुई हैं, उसके लिए माफ कर दें और अपनी कृपा हमेशा बनाए रखें। वही शाम के समय मां दुर्गा की पृथ्वी लोक पर आने के लिए प्रार्थना की जाती है। महालया के दिन ही मां अपना पहला कदम पृथ्वी पर रखती हैं। मान्यता है कि इस अवधि में कोई भी शुरू किया गया कार्य हमेशा फलदायी माना जाता है।

मानव शरीर में 112 चक्र प्रभावी

जग्गी बासुदेव

नव शरीर में 112 चक्र होते हैं, लेकिन आदियोगी शिव ने इन्हें सात वर्गों में बांटा था और सप्त ऋषियों को दीक्षित किया था। इसी वजह से ये आम तौर पर सात चक्रों के रूप में जानें जाते हैं। जानते हैं

धरती की हर चीज़ इंसानी सिस्टम के विकास में शामिल रही हैअगर हम इस धरती पर मौजूद जीवन की प्रकृति, या धरती पर मौजूद किसी भी भौतिक वस्तु की प्रकृति को जानना चाहते हैं, चाहे वह सजीव हो या निर्जीव तो इसके लिए सबसे बेहतर तरीका है अपने खुद के सिस्टम पर गौर करना।ये एक सौ बारह अपने इन सात आयामों में, आमतौर पर सात चक्रों या योग के सात स्कूल के तौर पर जाने जाते हैं।

क्योंकि इस शरीर के निर्माण में इन सभी चीजों को शामिल किया गया है। इंसानी सिस्टम में एक सौ चौदह ऊर्जा-केंद्र होते हैं, जिन्हें हम 'चक्र' कहते हैं। अगर ये चक्र अपनी पूर्णता पर पहुंच जाएं तो इंसान शरीर-हीनता की स्थिति का अनुभव करने लगेगा।

यह भी अपने आप में मानव के विकास की पूर्णता का एक प्रमाण है। वर्ना जो प्राणी अभी भी क्रमिक विकास के दौर में हैं, उनमें यह संभव नहीं हो पाएगा। अगर आप शरीर के बोध के बिना सिर्फ एक पल के लिए ही सही, बैठ पाएं, तो इसका मतलब है कि यह शरीर, यह इंसान अपने चरम पर पहुंच चुका है। अब सवाल सिर्फ इतना है कि आप इस स्थिति में वहां ठहरेंगे या नहीं? क्या कोई व्यक्ति इतना फोकस्ड है कि वहां पर टिक पाए?मूलाधार शरीर का सबसे बुनियादी चक्र है। मूलाधार साधना पीनियल ग्लैंड से जुड़ी है, और इस साधना से तीन बुनियादी गुण सामने आ सकते हैं।

112 चरों से 7 चक्र कैसे बनें?

इन एक सौ चौदह चक्रों में से दो चक्र शरीर के बाहर होते हैं, जिन्हें एक अलग आयाम के रूप में देखा जाता है। कुछ पद्धतियों में शरीर को नौ आयामों में देखते हैं, जिसमें सात हमारे सिस्टम में और दो बाहरी आयाम होते हैं।जिस आयाम को किसी प्रक्रिया में बांधा नहीं जा सकता, फिर भी उस आयाम तक पहुंचा जा सकता है, वह आयाम सहस्रार है। हालांकि कुछ मायने में ये सही भी है, लेकिन सामान्य योगिक पद्धति इसे ऐसे नहीं देखती। सामान्य योगिक पद्धति इसे एक सौ चौदह में से दो कम करके देखती है। दरअसल, ये दो चक्र भौतिक ढांचे के बाहर होते हैं। असल में, हम इन्हें ऐसे देखते हैं कि हम किसके साथ काम कर सकते हैं और किसके साथ नहीं। इन एक सौ बारह चक्रों के साथ हम काम कर सकते हैं, इनमें से अगर एक सौ आठ चक्रों पर काम करके उन्हें तैयार व सक्रिय किया जाए तो अंतिम चार स्वाभाविक तौर पर सक्रिय हो जाते हैं। इसके आधार पर इनमें से हरेक के सात आयाम व सोलह पहलू होते हैं, इस तरह से यह एक सौ बारह होते हैं। और ये एक सौ बारह अपने इन सात आयामों में, आमतौर पर सात चक्रों या योग के सात स्कूल के तौर पर जाने जाते हैं।

सद्गुरु हमें बता रहे हैं कि स्वाधिष्ठान वो केंद्र है जिसका इस्तेमाल बच्च पैदा करने के लिए या फिर देवी देवताओं को रचने के लिए किया जाता है। जानते हैं इस चक्र के अनेक पहलूओं के बारे में। स्वाधिष्ठान चक्र : देवी-देवताओं को रचने की महारत देता है

योग के सात स्कूल शुरू किए सप्त ऋषियों ने : योग के इन सात स्कूलों का श्रेय सप्तऋषियों को जाता है, क्योंकि इन्हीं लोगों ने ये सात स्कूल तैयार किए। चूंकि आदियोगी शिव को पता था कि सप्त ऋषियों में से कोई भी अकेला इन सारी प्रक्रियाओं को ग्रहण कर पाने में सक्षम नहीं होगा, इसलिए उन्होंने इसके सोलह पहलुओं को हरेक ऋषि को दिया। इस तरह से मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि और अज्ञा से जुड़ी अलग-अलग विधाएं सामने आईं। हालांकि सातवें चक्र को आप वास्तव में विधा नहीं कह सकते, इस पर चलने वाले लोग विधाहीन हैं। इसलिए उनका कोई सिस्टम नहीं है। अगर आप किसी चीज को विधा कहना चाहते हैं, तो उसके लिए एक सिस्टम का होना जरूरी है। तो जिस आयाम को किसी प्रक्रिया में बांधा नहीं जा सकता, फिर भी उस आयाम तक पहुंचा जा सकता है,

महालया मां की उपासना में लौंग का महत्व

नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रिय वस्तुओं में से एक माना जाता है लौंग का जोड़ा। नवरात्रि में रोजाना मां दुर्गा को लौंग का एक जोड़ा चढ़ाने से आपके जीवन में चमत?कारी परिवर्तन होते हैं। इसके अलावा लौंग के जोड़े के कुछ असरदार उपाय आपकी रूठी हुई किस?मत को चमका सकते हैं। आइए जानते हैं क?या हैं ये खास उपाय।

शारदीय नवरात्रि की तैयारियां लोगों के घरों में शुरू हो गई हैं। मां दुर्गा को समर्पित 9 दिनों के इस महापर्व में भक्त मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। लेकिन हम आपको बता रहे हैं ऐसी चीज जो मां दुर्गा को सबसे प्रिय है और इसका उपाय करने से मां दुर्गा प्रसन्न होने के साथ ही आपकी रूठी किस्मत भी चमक जाएगी। मां दुर्गा को लौंग का जोड़ा सबसे प्रिय है और उनकी पूजा में लौंग चढ़ाने का विशेष महत?व माना जाता है। नवरात्रि में लौंग के जोड़े के उपाय बहुत ही असरदार माने जाते हैं। आइए आपको बताते हैं इससे जुड़े कुछ खास उपाय।

आर्थिक संकट दूर करने के लिए लौंग का उपाय

नवरात्रि में मां दुर्गा को प्रस-?न करने के लिए एक पीले कपड़े में लौंग का एक जोड़ा रखकर उसके साथ 5 इलाइची और 5 सुपारी रखकर मां दुर्गा को अर्पित करें। उसके बाद अगले दिन सुबह स?नान करके यह सामिग्री कपड़े सहित अपनी तिजोरी में रख दें। ऐसा करने से आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी और मां दुर्गा प्रसन्न होकर आपको आर्थिक रूप से संपन्न बनाएंगी।

नौकरी के लिए काफी दिन से हैं परेशान

अगर आप कई दिनों से नौकरी को लेकर परेशान हैं और काफी मेहनत करने के बाद भी आपको मनचाही नौकरी नहीं मिल पा रही है तो नवरात्रि में रोजाना लौंग का एक जोड़ा अपने सिर के ऊपर से 7 बार उतारकर मां दुर्गा के चरणों में अर्पित कर दें। ऐसा करने से आपकी नौकरी से संबंधित सभी समस?याएं दूर हो जाएंगी और आपको मनचाही नौकरी मिल जाएगी।

राहु-केतु के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए उपाय

नवरात्रि में राहु-केतु के अशुभ प्रभाव से मुक्ति पाने के लिए हर रोज लौंग का एक जोड़ा शिवलिंग पर अर्पित करें। ऐसा करने से भगवान शिव की कृपा आप पर होगी और कुंडली से राहु-केतु के अशुभ प्रभाव दूर होंगे।

रोजाना करें लौंग कपूर का धुंआ

नवरात्रि के 9 दिनों में रोजाना लौंग और कपूर का धुंआ पूरे घर में रोजाना करने से आपके घर से अशुभ ऊर्जा और नकारात्मकता दूर होती है। रोजाना सुबह 9 दिनों तक इस उपाय को करने से आपके घर से सभी प्रकार की नकारात्मकता कम होती है।

चतुर्दशी श्राद्ध एवं तर्पण (13 अक्टूबर, शुक्रवार)

हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में पितृपक्ष की प्रत्येक तिथि में श्राद्ध किया जाता है। लेकिन, यदि किसी की असमय या अकाल मृत्यु हुई है, उनके लिए इस दिन श्राद्ध आवश्यक माना जाता है। इस दिन पंचबलि भोग लगाकर ब्राह्मण भोज कराना चाहिए। साथ ही पितरों के नाम का दान भी करना चाहिए। ऐसा करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और पितृदोष से मुक्ति भी मिलती है।

सर्वपितृ अमावस्या (14 अक्टूबर, शनिवार)

हिंदू पंचांग के आधार पर पितृपक्ष श्राद्ध के लिए बहुत उत्तम तिथि मानी जाती है। हर व्यक्ति को पितरों की मृत्यु तिथि पर ही श्राद्ध करना चाहिए। जिनको तिथि की जानकारी नहीं है, वह भी इस दिन श्राद्ध करके अपने पितरों से आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इस दिन पितृ अमावस्या भी मानी जाएगी। इस दिन ही कंकणाकृति सूर्यग्रहण भी दिखाई देगा। साथ ही शनिवार के दिन इस तिथि के पड़ने से इस तिथि को शनिश्चरी अमावस्या के नाम से भी जाना जाएगा।

शारदीय नवरात्र प्रारंभ (15 अक्टूबर, रविवार)

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो जाता है। इस दिन घर में अथवा पंडालों में मां दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा करने के लिए कलश स्थापना का पूरे दिन मुहूर्त है। इस दिन महाराजा अग्रसेन जयंती भी है। इस दिन से अगले 9 दिन तक मां दुर्गा की 9 शक्तियों की पूजा अर्चना की जाएगी। मान्यता है कि शारदीय नवरात्र के नौ दिन तक व्रत करने से माता रानी सभी मनोकामनाएं पूरा करती हैं।

प्रसन्न यों रहा जा सकता है

श्रीराम शर्मा आचार्य

कभी भी अनुभव किया जा सकता है कि जब हम किसी की उन्नति, सफलता अथवा उपलब्धि को ईर्ष्या-द्वेष से परे होकर देखते हैं तो हमें एक अहैतुकी तथा आत्मीय प्रसन्नता का अनुभव होता है। जिस दिन भी हमारा एक कार्य अथवा एक कथन किसी दूसरे को प्रसन्न कर देता है, वह दिन हमारे लिए बड़ा प्रसन्न दिन होता है। जब हम किसी के लिए कुछ त्याग करते हैं तब हमारे हृदय में एक अनिर्वचनीय संतोष की पुलक उत्पन्न हो जाती है। जब हम किसी दुखी के साथ सहानुभूति प्रकट करते हैं, तो हमारे स्वयं आँसू निकल आते हैं, जिनमें एक आध्यात्मिक सुख की छाया होती है। इस प्रकार कहना न होगा कि जब हम दूसरे की प्रसन्नता में अपनी प्रसन्नता का एकीकरण कर देते हैं तो हमारे लिए संसार में किसी भी परिस्थिति में अप्रसन्नता का कोई भी अवसर एवं अवकाश नहीं रह जाता।

कर्म

निश्चय ही हमें प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए सौहार्द्य, सहानुभूति और सौजन्य के व्यवहार को अपने जीवन में स्थायी स्थान देना ही चाहिए। यदि हम जीवन के परमलक्ष्य प्रसन्नता जैसी महान उपलब्धि के लिए इतना छोटा तप, इतना साधारण प्रयत्न भी नहीं कर सकते तो हमें कोई अधिकार नहीं है कि हम उस आनंद के लिए लालायित हों। हमें दुखी रहना ही चाहिए और उसकी शिकायत करने की अनधिकार चेष्टा से विरत होना चाहिए।

परहित सरिस धरम नहिं भाई

परोपकार एवं परमार्थ से विमुख रहना, समाज के साथ विश्वासघात करने के बराबर है। हम आज जो कुछ हैं या हमारे पास जो कुछ धन-संपत्ति, पद-प्रतिष्ठा और अवसर-संयोग हैं, वे सब समाज द्वारा हमारे ऊपर उपकार किए जाने का ही फल है। यदि समाज ने हमारी उपेक्षा की होती, हमारे हित से सर्वथा मुख मोड़ लिया होता तो हमारा अस्तित्व ही आपत्तिग्रस्त हो जाता। थोड़ी दूर भी अपना जीवन चल सकना कठिन हो जाता। अस्तु समाज के प्रत्युपकार के लिए कुछ न करना कृतघ्नता ही होगी, उसकी अपेक्षाओं के प्रति विश्वासघात होगा जो कि न तो लौकिक दृष्टिकोण से शुभ है और न पारलौकिक दृष्टि से कल्याणकारी ।

लोक और परलोक, शरीर और आत्मा, सारे मानवीय अनुबंधों के मंगल के लिए परोपकार एवं परमार्थ में निरत रहना परमावश्यक है। इससे विमुख होना अपना वर्तमान और भविष्य दोनों को बिगाड़ लेना है। इसी तथ्य और अपने अनुभव के आधार पर ही तो महर्षि व्यास ने कहा है-

जीवन उसी का ही सफल एवं सार्थक है, जो सदा परोपकार में प्रवृत्त रहता है। निश्चय ही परोपकारी को न पाप का भय रहता है और न पतन का। वह तो लोक अथवा परलोक सब जगह श्रेय का ही अधिकारी बनता है।

मां दुर्गा का भी एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे 84 घंटा मंदिर के नाम से जाना जाता है

दिल्ली के मार्ग के बीच में स्थित बरेली शहर को भोलेनाथ की नगरी माना जाता है। इसका कारण है यहां के शिव मंदिर। बरेली के जिले की समस्त दिशाओं में भगवान शिव के मंदिर स्थापित हैं। लेकिन इस ही शहर के सुभाषनगर के बदायूं रोड पर स्थित मां दुर्गा का भी एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे 84 घंटा मंदिर के नाम से जाना जाता है, बारे में ज्यादा किसी को पता नहीं है। तो आईए आज आपको बताएं कि आखिर क्यों इसे 84 घंटा मंदिर कहा जाता है।

मंदिर के निर्माण संबंधित पौराणिक कथा : पौराणिक मतानुसार इस मंदिर का निर्माण 1969 में किया गया और जिस स्थान पर मंदिर स्थित है उसके पास ही स्वर्गीय उमाशंकर गर्ग ने मकान बनवाने के लिए यहां पर प्लाट लिया था। मकान बनने के लिए जब नींव खोदी जा रही थी तो उमाशंकर की पत्नी स्वर्गीय शकुंतला देवी के सपने में देवी मां आई और उन्होंने मकान बनवाने से पहले मंदिर के निर्माण की बात कही। शकुंतला देवी ने जब ये बात पति को बताई तो उमाशंकर ने पहले सड़क के किनारे दुर्गा मां के मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर में एक ही दिन में 84 घंटे चढाए गए। जिसके कारण मंदिर का नाम 84 घंटा पड़ा। इस मंदिर से लोगों की असीम आस्था जुड़ी हुई है।

मंदिर में जल रही अखंड ज्योति देवी मंदिर में 12 अक्टूबर 1969 को जलाई गई थी। ये अखण्ड ज्योति तब से लेकर अभी तक जल रही है। इसके साथ ही मंदिर में शिव परिवार, बजरंगबली की भी प्रतिमा भी स्थापित हैं। मां दुर्गा मंदिर की ख्याति इस कदर फैली है कि मंदिर में दर्शन के लिए बरेली ही नहीं ब्लकि पूरे देशभर से लोग यहां आते हैं और मनोकामना पूरी हो जाने पर मंदिर में घंटा चढा जाते हैं।

नवरात्रि में भक्तों का तांता : वैसे तो 84 घंटा मंदिर में रोज लोग दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन नवरात्रि के दिनों में इस मंदिर का नजारा कुछ अलग ही देखने को मिलता है। यहां काफी तादाद में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। चैत्र नवरात्र के पहले मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना के लिए सैकड़ों भक्त उमड़ते हैं व पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गुंजायमान होता है।